राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ हता दुगुर्ले ने कमांडर करण सक्सेना...



सिस्टम पर सवाल उठाने को लेकर ... ◀ 12

गाजियाबाद, गुरुवार 25 जुलाई 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 141, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## बजट को लेकर सदन के बाहर और अंदर विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली** । 23 जुलाई को वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट को इंडिया गठबंधन ने कुर्सी बचाओ बजट और भेदभावपूर्ण बजट बताया है। संसद की कार्यवाही शुरू होते ही संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने जोरदार हंगामा करते हुए नारेबाजी की,विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा से वॉकआउट किया।संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया. इसमें सोनिया, राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी शामिल हुए। कांग्रेस ने ट्वीट कर लिखा मोदी सरकार का ये बजट भारत के संघीय ढांचे के खिलाफ है।इस बजट में कई राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है।इसी अन्याय के खिलाफ इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।हमारी ये लड़ाई सड़क से संसद तक जारी रहेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, यह बजट सिर्फ अपने सहयोगियों को संतुष्ट करने के लिए है... उन्होंने किसी को कुछ नहीं दिया।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, समर्थन मूल्य किसान को ना देकर गठबंधन के साथियों को दे रहे हैं...उत्तर प्रदेश को बड़े सपने दिखाए थे, क्या मिला उत्तर प्रदेश को? डबल इंजन की सरकार है तो डबल लाभ मिलना चाहिए था,

**विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा से वॉकआउट किया,बजट को बताया भेदभावपूर्ण**

दिल्ली का लाभ लखनऊ का लाभ लेकिन लगता है कि दिल्ली अब लखनऊ की ओर नहीं देख रही है या लखनऊ वालों ने दिल्ली वालों को नाराज कर दिया उसका परिणाम बजट में दिखाई दे रहा है... विकास बिहार जा रहा है तो उत्तर प्रदेश को क्यों छोड़ रहे हैं? बाढ़ अगर बिहार की रोकनी है तो नेपाल और उत्तर प्रदेश की बाढ़ रोके बिना आप बिहार की बाढ़ कैसे रोकेंगे? आप पहले उत्तर प्रदेश और नेपाल की बाढ़ रोके तो बिहार की बाढ़ अपने आप रुक जाएगी।



शिवसेना (क्रञ्ज) नेता संजय राउत ने कहा, बजट देश का होता है, यह देश का बजट नहीं है। बजट सरकार बचाने के लिए नहीं होता है।

समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने कहा, हम बस इतना चाहते हैं कि वे (केंद्र) सच बोलें और देश के युवाओं को गुमराह न करें...वे नौकरियां कैसे पैदा करेंगे? उन्होंने राज्यों को भी गुमराह किया है। यहां तक कि बिहार को भी गुमराह किया गया है, राज्य को कुछ नहीं दिया गया है।

आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा, ...ये कमाल का बजट इजात किया गया है जिसमें लगभग इस देश का हर वर्ग निराश हुआ है मात्र 2 व्यक्तियों को छोड़ कर नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू। मैं पूछना चाहता हूं कि वो राज्य जिन्होंने अभूतपूर्व समर्थन भाजपा को दिया और अपने राज्य की लगभग सारी सीट दे दी उन राज्यों को इस बजट में क्या मिला? जिन राज्यों ने भाजपा को इतना समर्थन नहीं दिया, या जिन राज्यों के समर्थन से सरकार मुश्किल से चल पा रही है उन पर सब कुछ लुटा दिया गया। इससे सार मिलता है कि जो राज्य भाजपा को कम वोट देता है उसे ज्यादा दिया जाएगा तो आगे के लिए सीख ले लीजिए।

आरजेडी सांसद मीसा भारती ने कहा, बिहार को मिला क्या है?... कहीं ना कहीं उन्हें एक झुनझुना और लॉलीपॉप देकर पीएम के सर पर लटक रही तलवार को टाला गया है... इसमें मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं है। युवाओं के लिए कुछ नहीं है रोजगार पर कोई बात नहीं हुई है। बहुत सी योजनाएं जिसकी इन्होंने घोषणा की है वो पहले से चल रही है, बस उसे नए तरीके से पैक कर प्रस्तुत किया गया है...बिहार में चुनाव है इसलिए हमें और जनता को लगता है कि ये चुनावी घोषणाएं साबित होंगी।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### लालू प्रसाद यादव की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली (आरएनएस)**। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मंगलवार देर रात को अचानक तबीयत बिगड़ गई, इसके बाद उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है और इसके साथ ही



अब उनकी हालत स्थिर बताई गई है। हालांकि डॉक्टरों की तरफ से अभी कोई बयान सामने नहीं आया है। लालू प्रसाद यादव के साथ उनके परिवार के लोग अस्पताल में मौजूद हैं। बढ़ती उम्र के कारण लालू प्रसाद यादव पहले से ही कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहें हैं, उन्हें पहले से ही कई गंभीर बीमारियां है। इस वजह से अब वे राजनीति में भी इतने ज्यादा सक्रिय नजर नहीं आते। लालू प्रसाद यादव को लंबे समय से शुगर है साथ ही उनकी किडनी डेमेज भी हो गई थी। बता दें कि लालू प्रसाद यादव का कुछ समय पहले किडनी ट्रांसप्लांट भी हुआ था। उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने उन्हें किडनी डोनेट की थी। लालू यादव यादव की अस्पताल में भर्ती होने की तस्वीर जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तब से आरजेडी के समर्थक और लालू यादव के प्रशंसक उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना करने लगे। इस बात की सबसे पहले जानकारी आरजेडी के नवनिर्वाचित सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव के फेसबुक पोस्ट से हुई। सुरेंद्र प्रसाद यादव ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा था कि लालू यादव की तबीयत खराब है, जिसके चलते उनको एम्स में भर्ती कराया गया है।

### कार और ऑटो रिक्शा के बीच आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत, डेढ़ वर्षीय बच्चे समेत 6 की मौत

**गुवाहाटी (आरएनएस)**। असम के करीमगंज जिले में मंगलवार को एक सड़क हादसे में डेढ़ साल के एक बच्चे सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, नीलाम बाजार



इलाके में दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर में यह दुर्घटना हुई। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने बताया, कार और ऑटो रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। उनके अलावा, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में से पांच की पहचान जाहेदा बेगम, बेदाना बेगम, हसीना बेगम, गुलजार हुसैन और रूहुल आलम के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में से पांच एक ही परिवार के सदस्य थे, जबकि रूहुल आलम ऑटो रिक्शा चला रहा था, जिसे विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार का चालक और सह-यात्री भी घायल हो गए। घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा गया, जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की

**नई दिल्ली (आरएनएस)**। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। बड़ौदा हाउस में हुई बैठक में संरक्षा प्रोटोकॉल को बढ़ाने के साथ-साथ कर्मचारियों और यात्रियों दोनों के लिए संरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। समीक्षा बैठक के अलावा, महाप्रबंधक ने यात्रियों और रेल संपत्ति की संरक्षा व सुरक्षा में उच्च मानकों को बनाए रखने में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले 5 सजग कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। समीक्षा बैठक के दौरान चौधुरी ने रेलपथों और रेलफाटकों के अनुरक्षण मानकों में सुधार तथा हाई स्पीड सेक्शन में पटरियों के किनारे चारदीवारी के निर्माण पर जोर दिया। मानसून के दौरान भारी बारिश से रेल परिचालन में कोई दिक्कत न आए । इसके लिए उन्होंने सभी मंडलो को पटरियों पर जलभराव और गाद जमा होने की समस्या से निपटने के लिए निवारक उपाय करने के निर्देश दिए ।

## कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्री और तमिलनाडु के सीएम का ऐलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)**। आम बजट में राज्यों को हुए धन आवंटन में भेदभाव का आरोप लगाते हुए तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की 27 जुलाई को होने वाली बैठक का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार की शाम को एक प्रेस कांफ्रेंस में यह

**नीति आयोग की बैठक का करेंगे बहिष्कार**

जानकारी दी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में भाजपा सरकार के आम बजट को देश के लिए विभाजनकारी और खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट संघीय ढांचे और निष्पक्षता के खिलाफ है।

वह अपने पोस्ट में आगे लिखते हैं, इस बजट का विरोध करते हुए कांग्रेस के सभी मुख्यमंत्री 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का विरोध करेंगे। यह सरकार एकदम संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ काम कर रही है। हम ऐसे किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे जो विभाजनकारी और सत्य को छिपाने वाला हो। कांग्रेस के



मुख्यमंत्रियों में तेलंगाना के रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के सिद्दारमैया और हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुखू शामिल हैं। सिद्दारमैया ने सोशल मीडिया पोस्ट में कन्नड लोगों की बात बजट में नहीं सुने जाने का आरोप लगाते हुए नीति आयोग की बैठक के बहिष्कार का ऐलान किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, कर्नाटक की आवश्यक जरूरतों पर चर्चा करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने के मेरे प्रयासों के बावजूद केंद्रीय बजट ने हमारे राज्य की मांगों की उपेक्षा की है। यहां तक कि मेकेदातु जलाशय परियोजना और महादयी नदी परियोजनाओं पर हमारे किसानों की मांगों को भी नजरअंदाज किया। विभिन्न श्रेणियों के तहत हमारे राज्य को मिलने वाले फंड को कम कर राज्य को नुकसान पहुंचाया गया है। मेट्रो और अन्य इंफ्रा परियोजनाओं के लिए धन अभी भी एक दूर का सपना है। पीएम ने अपनी सरकार को बचाने के लिए बजट में आंध्र प्रदेश और बिहार से आगे नहीं देखा।

उन्होंने अपने पोस्ट में मोदी सरकार पर बजट में किसानों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए लिखा, यह बजट जनविरोधी है और इसमें गरीबों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। इस बजट में किसानों के साथ बहुत बड़ा अन्याय किया गया है। किसान पांच साल से न्यूनतम समर्थन मूल्य अधिनियम बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन बजट में इसका कोई जिक्र नहीं है।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक आतंकी ढेर, एक जवान घायल



**श्रीनगर (आरएनएस)**। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच रात से मुठभेड़ जारी है। एनकाउंटर के बीच सुरक्षाबलों के जवानों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में सेना का एक जवान भी घायल है। बता दें कि सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह मुठभेड़ जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा की लोलाब घाटी के त्रिमुखा टॉप पर जारी है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को उस समय घेर लिया जब वह वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास जंगल में भागने की कोशिश कर रहे थे। एक दिन पहले ही 23 जुलाई को पुंछ के बट्टल सेक्टर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को बैकफुट पर ला दिया था। हालांकि, भारी गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया था, जो इलाज के दौरान शहीद हो गया। सेना के मुताबिक, जवान अलर्ट थे। हाल ही में 17 जुलाई को भी जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मुठभेड़ हुई थी, जिसमें दो आतंकी ढेर हो गए थे। एनकाउंटर नॉर्थ कश्मीर के कुपवाड़ा के केरन सेक्टर के नजदीक रुह्रष्ट के पास हुआ था। इससे पहले डोडा के कास्तीगढ़ इलाके में मुठभेड़ होने की बात सामने आई थी। इस मुठभेड़ में सेना का एक जवान घायल हुआ था। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में इजाफा हुआ है। इसके बाद सेना ने भी अपने ऑपरेशन तेज कर दिए हैं।

## अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कैंपस में फायरिंग, 2 कर्मचारी घायल, हमलावर को लोगों ने दबोचा

**नई दिल्ली (आरएनएस)**। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कैंपस में फायरिंग का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक 2 कर्मचारियों पर फायरिंग की गई। घटना के बाद सुरक्षाकर्मियों ने 2 हमलावरों को पकड़ लिया है। इसके अलावा फायरिंग के दौरान घायल दोनों लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया। गोली चलते ही आस-पास मौजूद सुरक्षाकर्मी चौकन्ने हो गए और हमलावरों को तुरंत धर दबोचा। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची और आगे की जांच की जा रही है।



पिछले साल सितंबर में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में फायरिंग का मामला सामने आया था। जनाकारी के मुताबिक, घटना को अंजाम देने वाले बदमाश कैंटीन संचालक से हफ्ता मांग रहे थे। जब कैंटीन संचालक ने हफ्ता देने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने वहां फायरिंग कर दी। यह वारदात जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के स्पेशल वार्ड के पास स्थित कैंटीन के बाहर हुई थी। आधा दर्जन से ज्यादा फायरिंग के चलते मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। इस घटना में एक महिला घायल हो गई थी। बताया गया कि कैंटीन के विवाद को लेकर यहां पहले भी लड़ाई और फायरिंग हो चुकी है।

## गुजरात में भारी बारिश के कारण ढहा 3 मंजिला मकान

**द्वारका (आरएनएस)**। गुजरात में द्वारका जिले के जाम खंभालिया शहर में भीषण बारिश के कारण मंगलवार को एक घर की तीन मंजिला इमारत ढह गई। इस हादसे में एक बुजुर्ग महिला और उसकी दो पोतियों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार शाम को शहर के गगवानी फली इलाके में हुई और आधी रात तक चले लगभग छह घंटे के बचाव अभियान के बाद तीन पीड़ितों के शव बाहर निकाले गए और पांच लोगों को बचाया गया।

**दादी और दो पोतियों की मौत**

पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमों ने क्षेत्र में जारी भारी बारिश के कारण इमारत ढहने के बाद मलबे को हटाकर शवों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान केशरबेन कंजारिया (65), प्रीतिबेन कंजारिया (15) और पायलबेन कंजारिया (18) के रूप में की गई है।

पुलिस ने बताया कि मलबे में फंसे पांच अन्य लोगों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात के जिलों में भारी बारिश जारी है। इस वजह से निचले इलाकों में पानी भर गया है, क्योंकि बांध ओवरफ्लो हो गए हैं और मानसूनी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं हैं।

बुधवार सुबह 6 बजे तक 24 घंटों में सूरत जिले के उमरपाड़ा तालुका में 276 मिमी बारिश हुई। उन्होंने बताया कि नवसारी, जूनागढ़, देवभूमि द्वारका, कच्छ, डांग और तापी जिलों में भी भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। प्रभावित जिलों में प्रशासन ने लोगों के लिए सलाह जारी की है। लोगों को जारी सलाह में कहा गया है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, तब तक घर से बाहर न निकलें। उफनते नालों या पानी से भरी सड़क को पार करने की कोशिश न करें। नवसारी कलेक्टर ने भारी बारिश के मद्देनजर जिले के शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने का आदेश दिया है।



**राज्यसभा** 'माताजी बोलने में बड़ी एक्सपर्ट हैं...', वित मंत्री को बोले मल्लिकार्जुन खड़गे

## धनखड़ ने टोकते हुए कहा, वह आपकी बेटी के बराबर

दिल्ली। राज्यसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कथित तौर पर राज्यों के प्रति भेदभावपूर्ण होने के लिए केंद्रीय बजट 2024-25 की निंदा की। खड़गे ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट में दो बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर सभी राज्यों की 'प्लेटें' खाली रह गईं। खड़गे ने तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और अपने गृह राज्य कर्नाटक जैसे राज्यों का नाम लेते हुए कहा, "किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला।" खड़गे ने आरोप लगाया कि बजट केवल कुछ लोगों को खुश करने और कुर्सी बचाने के लिए है। उच्च सदन में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करने वाली सीतारमण पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मुझे उम्मीद थी कि मुझे सबसे अधिक मिलेगा। लेकिन हमें कुछ नहीं मिला। जैसे ही राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने



विपक्ष के नेता से सीतारमण को जवाब देने के लिए कहा, खड़गे ने चुटकी लेते हुए कहा, मैं बोल देता हूं। माताजी बोलने में तो विशेषज्ञ हैं मुझे मालूम है।"खड़गे के बयान के बाद राज्यसभा में हंसी के ठहाके लग गए। तभी सभापति जगदीप धनखड़ ने उनको बीच में टोकते हुए कहा कि सीतारमण जी आपकी बेटी के बराबर हैं। विपक्ष के 'भेदभावपूर्ण' केंद्रीय बजट के विरोध के जवाब में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में सरकार के रुख का बचाव किया और बजटीय निर्णयों के पीछे के तर्क को स्पष्ट किया। अपने भाषण के दौरान, सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि हर बजट घोषणा में हर राज्य का उल्लेख करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हर बजट में, आपको इस देश के हर राज्य का नाम लेने का मौका नहीं मिलता। कैबिनेट ने वडावन पर एक बंदरगाह स्थापित करने का निर्णय लिया था। लेकिन कल बजट में महाराष्ट्र का नाम नहीं लिया गया। क्या इसका मतलब यह है कि महाराष्ट्र खुद को उपेक्षित महसूस करता है? वित्त मंत्री ने कहा कि यदि भाषण में किसी विशेष राज्य का नाम लिया गया है, तो क्या इसका मतलब यह है कि भारत सरकार के कार्यक्रम इन राज्यों में नहीं जाते हैं? यह कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष का लोगों को यह आभास देने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है कि हमारे राज्यों को कुछ भी नहीं दिया गया है।

यह एक अपमानजनक आरोप है। 'भेदभावपूर्ण' बजट पर विपक्ष के राज्यसभा से वॉकआउट करने से पहले, विपक्ष के नेता राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ये कुर्सी बचाने के लिए ये सब हुआ है... हम इसकी निंदा करेंगे और इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के दल विरोध करेंगे। अगर संतुलन नहीं होगा तो विकास कैसे होगा?

### भाजपा सरकार ने दस साल में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ायी : अखिलेश

**लखनऊ**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने दस साल में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ायी है। जनता का शोषण किया है। यह बजट नहीं चपत है। इस बजट ने लोगों को चपत लगा दिया। बजट से उत्तर प्रदेश की जनता निराश है। डबल इंजन की सरकार से उत्तर प्रदेश की आस पूरी नहीं हुई। उत्तर प्रदेश में नौजवानों के पास नौकरी का संकट है। यह सरकार युवाओं को सम्मान जनक रोजगार नहीं दे सकती है। भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश पीछे छूट गया। जो उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री बनाता है उसके साथ भेदभाव हुआ। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को जानकारी है कि कैंसर की बीमारी बढ़ रही है लेकिन भाजपा सरकार समाजवादी सरकार के दौरान लखनऊ में बनाये गये कैंसर इंस्टीट्यूट के लिए बजट नहीं दे रही।

## उमेश और बॉबी के फरारी के चलते 82 की कार्यवाही बाद 83 की कार्यवाही के आदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** मु0अ0स0 305/2024 धारा 376 डी /323/504/506 भादवि व3 (2)5 SC/ST Act में वांछित अभियुक्त उमेश पुत्र सुन्दर लोधी व बौबी पुत्र सुन्दर लाल लोधी निवासी ग्राम हीरापुर थाना कोतवाली बुलन्दशहर फरार चल रहे है अभियुक्तगणों के विरूद्ध NBW/82 CRPC (उदघोषण) की कार्यवाही की जा चुकी है इसके उपरान्त भी अभियुक्त उमेश व बौवी मा० न्यायालय / पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे है और अपनी समत्ति को घर से हाटने की फिरका में है। अभियुक्त गण के मस्कन व सम्भावित स्थानों पर दविश दी गयी नहीं मिले।

मुखविर मामूर किये गये अभियुक्त उमेश व बौवी अपने घर से वादस्तूर फरार चल रहे है। नियामानुसार धारा 83 सीआरपीसी की कार्यवाही अभियुक्तगणों के विरूद्ध की जायेगी।

# साबितगढ़ चीनी मिल जो 2005 से क्षेत्रीय किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** पहासू क्षेत्र स्थित त्रिवेणी इंजीनियरिंग एन्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की साबितगढ़ चीनी मिल जो 2005 से क्षेत्रीय किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। जिसकी पेराई क्षमता सह ऊर्जा उत्पादन के विस्तारीकरण हेतु पर्यावरणीय स्वीकृत की लोक सुनबाई की गई जिसमे क्षेत्र के दर्जनों सम्मानित व प्रतिष्ठित किसानों ने भाग लिया। चीनी मिल के इकाई प्रमुख ग्रुप महाप्रबंधक प्रदीप खण्डेलवाल ने बताया कि मिल की पेरायी छमता 7000 टी सी डी से 10000 टी सी डी करने की प्रक्रिया की जा रही है।तथा सह ऊर्जा उत्पादन को भी बढ़ाया जाना भी प्रस्तावित है। साथ ही उन्होंने बताया कि इससे किसानों के गन्ना पेराई को समय से पूर्ण कर दिया जायेगा व किसानों के गन्ना भुगतान को इसी तरह प्राथमिकता से किया जाता रहेगा।और उन्होंने बताया सह ऊर्जा उत्पादन बढ़ने से हम ग्रिड को अधिक मात्रा में बिजली की सप्लाई दे सकें जिसका फायदा सभी को मिलेगा।इस मौके पर मौजूद किसानों ने इससे होने बाले फायदों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा खुल कर अपनी बात भी रखी, इस मौके पर अपर जिलाधिकारी डॉक्टर प्रशांत कुमार ने कहा कि आप सभी को आने




वाले समय मे इससे बहुत फायदा मिलेगा व गन्ना आपको ओने पोने दामो में इधर उधर नही बेचना पड़ेगा। पर्यावरण मुख्य जिला अधिकारी सपना श्रीवास्तव ने बताया कि इससे छेत्र का विकास होगा व रोजगार के साधन विकसित होंगे। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी मनोज गर्ग ने सभी किसानों के सवालों का विस्तारपूर्वक जबाब देकर उन्हें समझाया। इस मौके पर चीनी मिल के दिनेश चहल, मुकेश गिरी,जे पी श्रीवास्तव, सज्जन पाल सिंह राणा,नीरज श्रीवास्तव,अनुज सिन्हा, वसन्त चौहान, वीरभान सिंह,अजीत सिसोदिया, वीरेंद्र सिंह,अरुण पँवार, रुकेश,मोसम सक्सेना, शेखर शर्मा, शेखर उपाध्याय,जय चौधरी अमन राणा आदि मौजूद रहे ।

## महाशिवरात्रि/ कावड़ यात्रा की सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में चलाया गया विशेष सघन चैकिंग अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक नगर, शंकर प्रसाद के निर्देशन में एएस चैक टीम एवं स्थानीय अभि सूचना इकाई द्वारा थाना क्षेत्र डिबाई में शिव मंदिर ग्राम इंदौर खेड़ा, शिव मंदिर ग्राम करनवास व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग की गई।



## थाना जहांगीरपुर पुलिस ने 19 मुकदमा में 19 तमंचे चाकू किए नष्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।**



न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना जहांगीरपुर पुलिस द्वारा निर्णयशुदा 19 मुकदमो से सम्बन्धित अवैध शस्त्र( 19 तमंचे/चाकू) को नष्ट कराया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी खुर्जा,श्री दुर्गेश सिंह,क्षेत्राधिकारी खुर्जा श्री वरुण कुमार सिंह,सहायक अभियोजन अधिकारी ललित कुमार व थाना प्रभारी यंग बहादुर मौजूद रहे।

## एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन कर वृहद स्तर पर किया वृक्षारोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर। (राकेष वार्ष्णेय)।** नगर के एल डी ए वी इंटर कॉलेज में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों द्वारा 1000 से अधिक पौधों का रोपण कर उनके विकसित होने तक सुरक्षा के लिए संकल्प लिया गया। पौधारोपण से पहले पर्यावरण संरक्षण समिति के द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि वाला पंत ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष पृथ्वी के आभूषण हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं गुणवत्ता वृद्धि में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वृक्षों के अभाव में मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। प्रत्येक व्यक्ति अपने




महत्वपूर्ण अवसर पर अधिक से अधिक पौधारोपण अवश्य करें। विद्यालय के पर्यावरण क्लब के प्रभारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि भूमंडलीय ताप वृद्धि, पर्यावरण प्रदूषण,प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि,ओजोन विनाश जैसी अनेक विश्व व्यापी समस्याओं के समाधान में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गुणवत्तापूर्ण पर्यावरण के लिए संपूर्ण धरातल के 33ः क्षेत्र पर वन अवश्य होने चाहिए। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रबंधक संजय अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रबंधक ,प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राओं, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। एक हजार से अधिक पौधों को विद्यार्थियों को देकर उनसे आग्रह किया कि पौधों को अपने घरों के आसपास खाली स्थान पर लगाकर इनके विकसित होकर वृक्ष बनने तक इसकी देखभाल कर सुरक्षा करें ।इस अवसर पर अभय सिन्हा ,धर्मेंद्र कुमार, मंजिल कान्त, सुरेंद्र कुमार, पियूष गर्ग, गौरव गोड़ ,सुबोध गिरी, दिगंबर सिंह, विनोद कुमार ,भालचंद्र मिश्रा, गजनेश सिंह, संजय सैनी, राजेश उपाध्याय, राधिका भारद्वाज, रजनी रावल, गंगा मौर्य आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक शातिर वाहन चोर बबलू उर्फ बल्लू गिरफ्तार, निशांदेही से चोरी की 03 मोटरसाइकिल बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर निजामपुर बिजली घर के पास से 01 शातिर वाहन चोर को चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशांदेही पर 02 मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।



# हजरतपुर गांव में अवैध कब्जा पर चला महाबली तहसील प्रशासन ने कराया कब्जा मुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** एसडीएम प्रियंका गोयल के आदेश पर नायब तहसीलदार रतन बरनवाल ने हजरतपुर में खाद के गड्ढों को जेसीबी

**दोबारा अवैध कब्जा करने का किया प्रयास तो होगी सख्त कार्रवाईः नायब तहसीलदार**

मशीन द्वारा कराया कब्जा मुक्त।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धीरज पुत्र सबरजीत सिंह निवासी गांव हजरतपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सतवीर शर्मा पुत्र सरदार सिंह ने खाद के गड्ढों पर अवैध कब्जा कर रखा है जिस पर एसडीएम ने



संज्ञान में लेते हुए नायब तहसीलदार को राजस्व टीम के साथ हजरतपुर गांव में भेजकर खाद के गड्ढों को कब्जा मुक्त कराया। इस संबंध में नायब तहसीलदार से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया है कि गांव के ही धीरज सिंह ने खाद के गड्ढों पर अवैध कब्जा को लेकर शिकायत की थी जिस पर जांच की गई तो मामला सही पाया गया जिसको आज जेसीबी मशीन द्वारा खाद के गड्ढों पर आरोपी ने दीवार लगा रखी थी जिसको आज तहसील प्रशासन द्वारा दीवार को ध्वस्त किया गया है।

इस मौके पर कानून गो केहर सिंह लेखपाल सचिन गर्ग लेखपाल लवकेश लेखपाल अनूप शर्मा तथा अहमदगढ़ थाना पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहा।

# भौतिक विभाग के द्वारा एक अथिति व्याख्यान का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर।** नगर के दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नाकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो0 जी के सिंह जी की के निर्देशन में भौतिक विभाग के द्वारा एक अथिति व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य वक्ता डॉ प्रियंका झा असिस्टेंट प्रोफेसर जे पी यूनिवर्सिटी अनूपशहर रही इसका संचालन भौतिक विभाग के प्रभारी श्री यजवेंद्र कुमार ने किया और छात्र छात्राओं को बताया की जो ईंधन हम पेट्रोल डीजल (जीवाश्म ईंधन) के रूप में प्रयोग कर रहे हैं वह ईंधन समय के साथ समाप्त हो रहा है और यह प्रदुषण भी फैलते हैं । इसलिए हमे ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों के बारे में सोचना होगा। मुख्य वक्ता डा. प्रियंका झा ने अपने अपने उद्वोधन में ऊर्जा की समस्याओं पर गहराई से प्रकाश डाला और बताया की वर्तमान में ऊर्जा वैकल्पिक स्त्रोत जैसे सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन का ईंधन के रूप में उपयोग साथ ही वायु ऊर्जा एवं जल ऊर्जा इन स्त्रोतों के उपयोग में वृद्धि करनी होगी क्योंकि वर्तमान के सभी ईंधन के




स्त्रोत एक समय के पश्चात समाप्त हो जाएंगे जिसे पर्यावरणीय प्रदूषण भी उत्पन्न होगा ।

हमारे वातावरण तथा मानव भविष्य बनाए रखने के लिए हमें अलग-अलग प्रकार के ऊर्जा स्त्रोतों की आवश्यकता होगी जो हमारे मानव भविष्य को एक नई दिशा प्रदान करेगी ऊर्जा के ऊर्जा की वैकल्पिक स्त्रोत के साथ-साथ हमें अपने उपकरणों को भी अधिक सक्षम बनाना पड़ेगा ऊर्जा की खपत जिससे ऊर्जा की खपत कम से कम होगी तथा काम ऊर्जा में अधिक उपकरणों को संचालन करने की सुविधा प्राप्त होगी उन्होंने अपने उद्वोधन में वर्तमान की समस्याओं के साथ-साथ भविष्य की समस्याओं को भी समझाया तथा बताया बताया कि ऊर्जा के तीन प्रकार के होते हैं सेमीकंडक्टर कंडक्टर और बेड कंडक्टर जिम हमें सेमीकंडक्टर के साथ-साथ कंडक्टर या सुचालक धातुओं की आवश्यकता होगी जिसे हम अपने उपकरणों को अधिक साक्षमता से ऊर्जा की कम कम खपत करके उपयोग कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में प्रो0 रिषि कुमार अग्रवाल, प्रो0 चंद्रावती, दीक्षति कुमार, साहिल चैधरी, हिमाशु इत्यादि शिक्षक व भावना चैधरी, कासिम सैफी, साक्षी उमंश लक्ष्मी प्रियांशी आदि छात्र-छात्रायें ने भाग लिया।

## चोरी की घटना कारित करने वाला शातिर चोर, इम्तियाज चोरी किये गये आभूषण व 2,500/-रुपए सहित गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी )।** थाना स्याना पुलिस द्वारा टप्पेबाजी(चोरी) की घटना कारित करने वाला एक शातिर चोर को चोरी किये गये आभूषणों व 2,500/- रुपए सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना स्याना पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 09-07-2024 को थाना स्याना क्षेत्रान्तर्गत एक महिला को गुमराह करके आभुषण चोरी करने की घटना कारित की गयी थी इस सम्बन्ध में थाना स्याना पर मुअसं-278/24 धारा 316/318(2)/123/317 बीएनएस पंजीकृत हैं। अभियुक्त द्वारा दिनांक 01-05-2024 को थाना स्याना क्षेत्रान्तर्गत एक महिला को गुमराह करके रुपए चोरी करने की घटना कारित की गयी थी इस सम्बन्ध में थाना स्याना पर मुअसं-181/24 धारा 420/406/328/411भादवि पंजीकृत हैं



## कावड़ लेने हरिद्वार रवाना हुए शिव भक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर । (अशोक पाठक)** सावन की शिवरात्रि नजदीक आते ही हरिद्वार और गोमुख कावड़ लेने के लिए शिव भक्त रवाना होना शुरू हो गए हैं। उत्साह में जोश के साथ रवाना हो रहे शिव भक्तों के जतथो चलते चलते क्षेत्र शिवमय में हो गया है। वहीं क्षेत्र भर के शिवालयों मैं सुबह शाम बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। नगर से बुधवार को शिव भक्त कावड़िया हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए। परिजन उन्हें हरिद्वार रवाना करने के लिए चामुंडा मंदिर तक आए । वही कावड़ियों को माता बहनों ने तिलक लगाकर भी माला पहनकर घर से विदा किया। हरिद्वार जाने वालों में दीपक प्रजापति, निखिल प्रजापति, होराम, सतपाल प्रजापति, महावीर प्रजापति, जितेंद्र आदि शामिल रहे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से बुधवार को शिव भक्तों के जाते भगवा रंग के वस्त्र धारण कर हरिद्वार के लिए बोल बम बोल बम उद्घोष के साथ रवाना हुए।



## दुर्घटना में मुख्य आरक्षण अवनीश कुमार की मौत,एसएसपी ने दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** डायल-112, बुलन्दशहर में तैनात मुख्य आरक्षी (स0पु0) स्व0 अवनीश कुमार पुत्र शिवचरण सिंह निवासी ग्राम हसनपुर थाना थानाभवन जनपद शामली उ0प्र0 के निवासी थे तथा जनपद में दिनांक 27-07-2018 से तैनात थे।

दिनांक 23.07.2024 को दुर्घटना मे दुखद मृत्यु हो गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध /यातायात डा0 राकेश कुमार मिश्र एवं क्षेत्राधिकारी नगर विकास प्रताप सिंह चौहान द्वारा मुख्य आरक्षी अवनीश कुमार के पार्थिव शरीर के अन्तिम दर्शन किए गए एवं दिवंगत आत्मा के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शोकाकुल परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी गयी तथा मौके पर उपस्थित अन्य अधिकारीगण/ कर्मचारियों द्वारा भी शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।





मुख्य आरक्षी स्व0 अवनीश कुमार के पार्थिक शरीर को रिजर्व पुलिस लाइन में अन्तिम शोक सलामी देने के उपरान्त उनके शरीर को ससम्मान उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**पलीता**

## नगरीय प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते बेखौफ है दुकानदार

# क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा पॉलीथिन का इस्तेमाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर पॉलिथीन के उपयोग पर रोक लगाने की मुहिम चलाई जा रही है। मगर नगर यह प्रशासनिक अधिकारी इसे पलीता लगाने में लगे हुए हैं। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति के चलते नगर में पॉलीथिन का इस्तेमाल हो रहा है। स्वच्छ भारत अभियान की पॉलिथीन ही पलीता लगा रही है। पर्यावरण के लिए नासूर बन चुकी पॉलिथीन को भले ही प्रतिबंध कर दिया गया हो लेकिन इस पर रोक लगा पाने में प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। बाजार में धड़ल्ले से इसका प्रयोग किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से कभी-कभी कार्यवाही कर खानापूर्ति की जा रही है छापामारी से बचने के लिए दुकानदार छुपाकर पॉलिथीन को रख रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगे कई वर्ष हो चुके हैं पॉलीथिन प्रतिबंध को लेकर बेशक बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन शिकारपुर में पॉलिथीन प्रतिबंध का असर को नहीं मिल रहा है। शासन से समय-समय पर मिले निर्देशों के अनुसार लोगों को जागरूक करने के लिए रैलियां विचार गोष्ठी बड़े-बड़े फ्लेक्सी बोर्ड दीवार लेखन आदि की जा रही है। हालांकि धरातल पर इसका असर नहीं दिखाई दे रहा है। बाजार में धड़ल्ले से



पॉलिथीन का प्रयोग किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से पिछले कुछ दिनों छापेमारी की गई थी इसके बाद फिर से वही स्थिति है छोटे से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों पर पॉलीथिन का प्रयोग हो रहा है। हालांकि कुछ प्रतिष्ठानों ने पॉलिथीन का प्रयोग बंद कर दिया है लेकिन अधिकांश जगह यह प्रयोग में लाई जा रही है। तो सब्जी मंडी में तो फुटकर सब्जी विक्रेता धड़ल्ले से पॉलिथीन का प्रयोग कर रहे हैं। नगरपालिका कार्यालय के सामने ही धड़ल्ले से पॉलिथीन का इस्तेमाल हो रहा है। नगर प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते स्वच्छता अभियान को पलीता लग रहा है। सुविधा बनी आफत। सुविधा के लिए इजाद की गई पॉलिथीन लोगों की सेहत के लिए आफत बन चुकी है। पॉलिथीन को जलाने से निकलने वाला दुआ ओजोन पर्थ को नुकसान पहुंचा रहा है जो ग्लोबल वॉर्मिंग का सबसे बड़ा कारण है। प्लास्टिक के अध्यक्ष संपर्क में रहने से लोगों के खून में कार्बन की मात्रा बढ़ जाती है इससे गर्भवती महिलाओं के गर्भ में पल रहे शिशु का विकास रुक जाता है पॉलिथीन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।

पॉलिथीन पशु पक्षियों की मौत का कारण बन रही है वहीं लोगों में तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं उधर जमीन की उर्वरा शक्ति क्षीण होती जा रही है इसके अलावा भूगर्भीय जल स्त्रोत भी दूषित हो रहा है।

# नाले में तड़प रहे गोवंश को गौरक्षक गुलशन राजपूत ने निकलवाया नाले से बाहर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** समजसेवी गुलशन राजपूत ने कई घंटों से नाले में फंसे गो वंश को नाले से सकुशल बाहर निकलवा कर उसका प्राथमिक उपचार कराकर गौ शाला में छुड़वाया। समाज सेवी गुलशन राजपूत ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एक गौ वंश कई घंटों से नाले में फंसा हुआ है और तड़प रहा है। सूचना मिलते ही गुलशन राजपूत टीम के साथ मौके पर पहुंचे और देखा कि एक गहरे नाले में गौवंश बुरी तरह फंसा हुआ है। गुलशन राजपूत ने तुरंत इस बात की सूचना अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मुरादनगर को दी। नगर पालिका के सुपरवाइजर नवीन व अन्य कर्मचारियों की मदद से गोवंश को सुरक्षित नाले से बाहर निकाला गया। तथा गौ वंश का प्राथमिक उपचार कराने के बाद गौशाला भिजवा दिया। इसी के साथ गुलशन राजपूत ने कहा की कावड़ यात्रा चल रही है और गोवंश खुले में घूम रहे हैं जिस कारण आए दिन गोवंश के एक्सीडेंट होते रहते हैं





या फिर नाले में गिर जाते हैं या फिर गौ वंश की ट्रेन एक्सिडेंट या रोड़ एक्सिडेंट में मृत्यु हो जाती है। अधिशासी अधिकारी को इस पर गंभीर विचार कर इन आश्रियहीन गोवंशों को गौशाला में सुरक्षित स्थान पर जगह दे देनी चाहिए जिससे आए दिन कोई भी दुर्घटना होने से इनके चोट ना लगे या फिर उनकी मृत्यु ना हो। इस मौके पर गुलशन राजपूत शुभम त्यागी, नवीन सुपरवाइजर विकास राणा आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

# जिला पुलिस प्रशासन कावड़ मार्गो का करे निरीक्षण : चैनपाल प्रधान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (उपेन्द्र भाटी)।** हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व गौतम बुद्ध नगर जिलाध्यक्ष चैनपाल प्रधान ने सोशल मीडिया पर जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से अपील की हे की श्रावण मास में चल रही कावड़ यात्रा पर हरिद्वार, गौमुख आदि गंगा घाटों से कावड़ ला रहे शिवभक्त को किसी भी तरह की परेशानी न हो। बताया की इस माह में पुलिस प्रशासन की सतर्कता बहुत जरूरी है। क्योंकि हर बार कही ना कही ऐसा देखने व सुनने को मिलता है । कावड़ लेकर आ रहे शिवभक्तों के साथ दुर्वव्यहार किया गया है। इस लिए उन्हों ने जिला पुलिस प्रशासन से सोशल मीडिया के माध्यम से अपील किया है की ऐसी कोई भी घटना घटित न हो। उससे पहले ही सतर्कता बरती जाए। व कहा की पुलिस प्रशासन कावड़ मार्ग का निरीक्षण कर खराब सड़को की हालत को दुरुस्त कराए।व



विद्युत विभाग के अधिकारी जहा से कावड़ यात्रा का मार्ग है उस स्थानों के खम्बो पर पॉलिथिन आदि से कवर कर दे। जिससे की बरसात के मौसम में कोई करंट की चपेट में न आ जाए। एक महीने तक चलने वाले श्रावण मास में मन्दिरो में आने वाले भक्तो को कोई परेशानी न हो उसकी जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस प्रशासन की होगी।

# बजट को लेकर जताई नाराजगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)** । कोतवाली छेत्र के गांव मिजार्पुर गांव निवासी व भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के संस्थापक सदस्य मुकेश ठाकुर ने केन्द्र



सरकार द्वारा बीते कल लाए गए बजट को किसान, मजदूर , युवा का विरोधी बताया। कहा की केन्द्र सरकार द्वारा लाया गया यह बजट किसान, मजदूर, युवा, के लिए कुछ महत्वपूर्ण नही है। कहा की उम्मीद थी कि सरकार द्वारा आने वाला बजट किसानों के हित में होगा लेकिन ऐसा कुछ नही है। किसानों की सिंचाई व्वयस्था, किसान के उपकरणों पर जीएसटी, आदि को लेकर सरकार ने कोई संतोषजनक बजट पेश नही किया। इस लाए गए बजट से किसान, युवा, मजदूर। अपने आप को ठगा सा महसूस कर, नाराजगी जताते नजर आए।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में बेसिक लाईफ सपोर्ट पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड पर






असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए संजीवन क्रिया, बेसिक लाईफ सपोर्ट एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान ने छात्रों एवं दंत चिकित्सकों के उत्तम स्वास्थ्य प्रशिक्षण हेतु हेल्थ केयर स्किल्स फाउंडेशन के डॉ अनिल कुमार और उनकी टीम के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में डॉ अनिल कुमार एवं उनकी टीम ने दंत चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों को बेसिक लाईफ सपोर्ट एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों पर गहन प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकारी अधिकारियों ने प्रत्येक दंत चिकित्सक एवं छात्र-छात्राओं को पुतलों पर व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिया। इसी के साथ उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं की परीक्षा भी ली जिसमें सभी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए। इस प्रशिक्षण को हार्ट संबंधी आपात स्थिति और अन्य चिकित्सा स्थितियों में मरीजों के जीवन की रक्षा एवं अकस्मात मृत्यु से बचाने के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा। कार्यक्रम में आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा तथा संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ देवी चरण शेट्टी द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिये गये। तथा सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने नियमित अभ्यास में बेसिक लाईफ सपोर्ट ट्रेनिंग का उपयोग करने की सलाह दी ताकि मरीजों और समाज को अच्छी गुणवत्ता वाली सेवाएं दी जा सकें।

# विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया कांवड़ सेवा शिविर का उद्धाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** नगर के पाइप लाइन रोड स्थित चुंगी नंबर तीन पर शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा में लगने वाले शिविर का भाजपा के मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने पूजा अर्चना के बाद फीता काट कर कांवड़ सेवा शिविर का उद्धाटन किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा की हरिद्वार, गौमुख एवं गंगोत्री से पवित्र गंगा जल लेकर आने वाले शिव भक्त कांवड़ियों के लिए प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिला अधिकारी एसएसपी आईजी कमिश्नर को स्पष्ट निर्देश दिए है की किसी भी कांवड़िया को कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। यही कारण है कि आज सारा प्रशासन कांवड़ियो की सेवा में जुटा है।

विधायक ने पाइपलाइन चुंगी नंबर 3 शिविर संचालको का धन्यवाद देते हुए कहा की उन्होंने शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा करने के लिए उत्तम व्यवस्था की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजपाल तेवतिया भी सेवा शिविर के उद्धघाटन में शामिल रहे। कांवड़ सेवा शिविर के संयोजक बॉबी पंडित, परशुराम सेवा दल के अध्यक्ष विनोद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, मनोज शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा सरकार ने सोना चांदी पर कस्टम ड्यूटी घटाई ज्वैलरी इंडस्ट्री और आम पब्लिक को मिलेगी राहत : राजकिशोर गुप्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन क्ष्खअ ने कई साल पूर्व से डिमांड की हुई थी आम पब्लिक के तथा ज्वैलरी इंडस्ट्री के हित में कस्टम ड्यूटी को घटाने के लिए बार-बार बार-बार सरकार से वार्ता पत्र के माध्यम से लोगों की तकलीफ सरकार तक पहुंचने का काम जो संगठन कर रहा था।

उसमें इस बजट में तीसरी बार गवर्नर बनने के बाद जाकर इंडस्ट्री को उनके मन मांगी मुराद मिल गई 15% की कस्टम ड्यूटी घटकर 6% रह गई ऐसी कंडीशन में आम पब्लिक के ऊपर बहुत बड़ा बोझ कम हुआ और लगभग 9% भाव कम हुआ जिससे ज्वैलरी इंडस्ट्री को आगामी समय में लाभ भी मिलेगा और आम पब्लिक जो एकदम से सोने से दूर हो गई थी वह दोबारा से सोना खरीद सकेंगी दूसरी इंडस्ट्री में स्मगलिंग रुकने से जो की ऐसी दशा में कस्टम ड्यूटी घर जाने से स्मगलिंग रुकेगी जिसकी वजह से इंडस्ट्री को बहुत राहत मिलेगी।

यह इंडस्ट्री तथा आम पब्लिक दोनों के हित में बहुत ही बेहतर काम किया है । सरकार से 12 सूत्रीय डिमांड रखी थी जिसमें से यह विशेष था बाकी और कई



राजकिशोर गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट, इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन

चीजों में हमें सहायता नहीं मिली लेकिन यह प्रमुख डिमांड थी जो पूरी की सरकार ने हम सरकार को इसके लिए धन्यवाद देते हैं और उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में हमारी अन्य विषयों पर भी सरकार चिंता करेगी।

इन्डिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट अनुराग रस्तोगी ने आम पब्लिक के लिए भी एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के लिए सोना खरीदने के लिए बेहतरीन अवसर है आम पब्लिक के जिनके घर में आने वाले दिनों में शादी है ब्याह है या किसी भी तरीके के मांगलिक कार्यक्रम है या व्यक्तिगत उपयोग के लिए भी सोना खरीदने के लिए यह बहुत ही अच्छा समय है।

# किसानो, मजदूरो का हनन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: गीता भाटी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन महासभा की बैठक दनकौर क्षेत्र के गाँव अच्छेजा बुजुर्ग में एडवोकेट मुजाहिद जयसवाल व खालिद जयसवाल के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हाजी अय्यूब व संचालन करण ठाकुर ने

**भाकियू महासभा ने अच्छेजा बुजुर्ग गांव में की बैठक**

किया ।बैठक में संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने कहा संगठन किसानों मजदूरों व युवाओं की जो भी समस्या होगी उन समस्याओं का निस्तारण कराने का काम भाकियू महासभा संगठन करेगा।

उन्होंने किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत जल्द ही किसानों व क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा ।वही इस बैठक मे सैकड़ो किसानों व अधिवक्ताओं की टीम ने संगठन की सदस्यता ली। संगठन का विस्तार करते




हुए मुदुल सक्सेना को फर्रुखाबाद का ज़िलाध्यक्ष ,एडवोकेट ईबरहीम बागपत का ज़िलाध्यक्ष ,एडवोकेट दीपक शर्मा को विधि प्रकोष्ठ का ज़िलाध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर ,एडवोकेट मुजाहिद को ज़िला सचिव गौतम बुद्ध नगर ,खालिद जसवाल को मंडल सचिव सहित सैकड़ों किसानो को संगठन की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर गीता भाटी ,सीमा भाटी , मितलेश सिह,करन ठाकुर ,अरविंद सेक्रेटरी,आशु अट्टा,विपिन राणा,विजेनदर कसाना,दीपक ठाकुर,सुधीर शर्मा,लीलू प्रधान,दीपक गुप्ता, सादिक खान,नासिर जयसवाल,मुबारक खां,तालिब मास्टर ,फाजिल,फईम जयसवाल, भगवान दास, गुडडू बीडीसी,यासीन खां,तरीखत ठेकेदार,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

# किसानों के बच्चों के रोजगार को लेकर विधायक ने प्राधिकरण को लिखा पत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** जेवर विधायक ने गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखकर अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के बच्चों को रोजगार देने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में विधायक ने रोजगार पोर्टल शुरू किए जाने की भी मांग की है।

जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने जिले की तीनों प्राधिकरण के सीईओ को भेजे पत्र में कहा है कि, प्राधिकरणों द्वारा किसानों की



जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, जिन पर बड़ी-बड़ी परियोजनाएं और औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हो रही है। वही भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के परिवारों का जीवन यापन भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना विकास की योजनाएं। वहीं तीनों प्राधिकरणों को किसानों के बच्चों को रोजगार दिलाने के लिए प्राधिकरणों में एकल विंडो बनाए जाने की भी मांग विधायक ने की है। जिससे रोजगार पोर्टल से किसानों के बेरोजगार युवाओं को कंपनियों में नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे और युवाओं के साथ-साथ उनके परिवारों का जीवन यापन का स्तर उन्नत होगा।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस मुस्तैद, कई मार्ग परिवर्तित, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा ।** कांवड़ यात्रा को लेकर नोएडा और गाजियाबाद में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस के आला अधिकारी तैयारियों का निरीक्षण करने लगातार कांवड़ मार्ग और अन्य जगहों पर पहुंच रहे हैं। कांवड़ यात्रा को देखते हुए नोएडा और गाजियाबाद दोनों जगह पर डाइवर्जन लागू किया गया है।नोएडा में भी कांवड़ यात्रा मार्ग का जॉइंट सीपी के साथ अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। कांवड़ यात्रा मार्ग पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स लगा दी गई है। नोएडा के ज्वाइंट सीपी ने दूसरे स्टेट के पुलिस अधिकारियों से भी बातचीत करके कांवड़ यात्रा के लिए समन्वय बनाया है।




नोएडा में जॉइंट सीपी के साथ बम स्क्वायड, डॉग स्क्वाड और अन्य फोर्स ने भी कांवड़ यात्रा मार्ग की चेकिंग की है। वहीं गाजियाबाद में भी पुलिस ने भारी वाहनों के बाद हल्के वाहनों के लिए भी ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। जिसके मुताबिक कई ऐसे मार्ग है जहां पर 27 जुलाई से लेकर 5 अगस्त तक प्राइवेट वाहनों का भी जाना पूरी तरीके से बंद रहेगा और साथ ही साथ वहां चलने वाले ऑटो रिक्शा को भी इन मार्गों पर चलने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही कई ऐसे मार्ग है जहां पर 29 जुलाई की रात 12 बजे से पूरी तरीके से सभी वाहनों का आवागमन बंद हो जाएगा। गाजियाबाद यातायात विभाग द्वारा जारी की गई ट्रैफिक एडवाइजरी के मुताबिक हल्के मोटर वाहनों (निजी चार पहिया, हल्के मालवाहक वाहन और ऑटो) का रूट डायवर्जन 27 जुलाई को रात 12 बजे से 5 अगस्त को 8 बजे तक के लिए जारी किया गया है। जिसके मुताबिक गंगनहर पटरी कांवड़ मार्ग एवं पाइपलाइन मार्ग पर सभी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 (पूर्व में एनएच-58) पर मोहननगर, मेरठ तिराहा, राजनगर एक्सटेंशन, हापुड़ चुंगी से मेरठ की ओर वाहनों की आवाजाही को सिंगल लेन चलने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही 29 जुलाई रात 12 बजे से पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से पलवल, कुंडली से आने वाले वाहनों को 29 जुलाई रात 12 बजे से दुहाई चौराहे से गाजियाबाद सिटी, मुरादनगर, मोदीनगर साइड की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ये सभी वाहन डासना चौराहे और फिर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 9 का उपयोग कर-के अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। मेरठ तिराहा से मोहननगर, सीमापुरी सीमा की ओर जाने वाले वाहन एक विपरीत लेन में चलेंगे। इस मार्ग पर भी 29 जुलाई से आवागमन बंद रहेगा। ट्रैफिक एडवाइजरी के मुताबिक चौधरी मोड़, न्यू बस स्टैंड, गौशाला फाटक, हापुड़ तिराहा कैला भट्टा की ओर से दूधेश्वर मंदिर की ओर तथा पटेल नगर फ्लाईओवर पर भी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही गीता चौक, घूकना मोड़, डीपीएस कट, सिहानी चुंगी, संजय नगर फ्लाईओवर से राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (पूर्व में एनएच-58) की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेंगे।

**सम्मान** — योजनाओं के लाभ लेने के लिए पात्रता एवं शर्तों का अनुपालन जरूरी: जिलाधिकारी

# चीनी मिल शुरू होने से पूर्व किया जाए गन्ना किसानों का भुगतान: जिलाधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक आहूत हुई, जिसमें गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा नई शिकायतें कृषकों द्वारा प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान? निधि प्राप्त ना होने के 03 कारण

बैठक के दौरान सर्वप्रथम रामजतन मिश्र उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा कृषकों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्तें प्राप्त न होने के तीन प्रमुख कारण है-ई०के०वाई०सी० ना होना, एन०पी०सी०आई० ना होना, लैण्ड सीडिंग ना होना है। कृषक ई०के०वाई०सी० जन सुविधा केन्द्र पर, एन०पी०सी०आई० के लिए इंडिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक में खाता खुलवाकर तथा लैण्ड सीडिंग तहसील में जाकर करा सकते हैं। समस्या होने पर उप कृषि निदेशक कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। कृषकों ने बताई अपनी समस्यायें।

कृषक वेदपाल मुखिया ग्राम-फजलगढ़ द्वारा निवेदन किया गया कि शुगर मिल मोदीनगर पर कृषकों का गन्ने का भुगतान ना होने के कारण कृषकों को आगामी फसल की बुआई हेतु कृषि निवेश क्रय करने तथा पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है अतः वित्तीय वर्ष-2023-24 का गन्ने का भुगतान अतिशीघ्र कराने का कष्ट करें। कृषक अरुण कुमार ग्राम खंजरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि कृषकों की ट्यूबवेल का बिल शासन द्वारा माफ करने का निर्देश



जारी किया गया है परन्तु विद्युत विभाग ट्यूबवेलों पर बिजली के मीटर लगा रहा है कृपया विद्युत विभाग से अनुरोध है कि जब मुख्यमंत्री द्वारा विद्युत विभाग को कृषकों के बिल माफ करने का आदेश दिया गया है तो बिजली के मीटर ट्यूबवेल पर न लगायें जायें। कृषक श्री अखिल चौधरी ग्राम दुहाई द्वारा अनुरोध किया गया कि ग्राम दुहाई से ग्राम कांकड़ा तक रजवाहे की पटरी की मरम्मत का कार्य कराया जाये ।

इस पर इस रास्ते पर काफी ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है।

कृषक विजेन्द्र सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि किसानों की खतौनी में मोदीनगर तहसील में रकबा अंकित किया जा रहा है जिसमें बड़े स्तर पर गड़बड़ी की जा रही है सही तरह से किसान के खसरे का रकबा उचित जांच करके अंकित होना चाहिये।

कृषक अरूण दहिया द्वारा अवगत कराया गया कि नगर पालिका परिषद मोदीनगर में एम०आर०एफ० प्लांट न बनाया जाये। कृषक श्री प्रमोद कुमार त्यागी ग्राम सरना द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाईन सरना चौक से चुगी नम्बर-3 तक बिजली के पोल व बिजली का नया ट्रांसफार्मर लगवाने का कष्ट करें। अधिकारियों ने बताई समस्याओं के कारण व निदान के उपाय उक्त समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों जैसे गन्ना भुगतान हेतु जिला गन्ना अधिकारी द्वारा गन्ना भुगतान की प्रक्रिया के सम्बंध में अवगत कराया गया। ट्यूबवेल पर मीटर न लगाये जाने के सम्बंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत द्वारा सरकार की मंशा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी।

इसी के सम्बंध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया कि ट्यूबवेल पर विद्युत मीटर लगाने का तात्पर्य है कि कृषक द्वारा ट्यूबवेल पर उपभोग की गई बिजली के बिल का भुगतान शासन स्तर से विद्युत विभाग को किया जाना है इस पर कृषक अरूण कुमार द्वारा तर्क दिया गया कि विद्युत मीटर ट्रांसफार्मर पर लगाये जायें।

# एडीएम सिटी गंभीर सिंह के रेडार पर आया उत्तम स्कूल, आरटीई के 5 बच्चो के कराए दाखिले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आरटीई के अंतर्गत चयनित बच्चो के दाखिले सुनिश्चित कराने के लिय गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन और शिक्षा के लिए समर्पित जिले के शानदार और जबाज

**पेरेंट्स एसोसिएशन और एडीएम सिटी ने आरटीई के दाखिलों के लिए उत्तम स्कूल पर खोला मोर्चा**





अधिकारी एडीएम सिटी गंभीर सिंह के रेडार पर आज शास्त्री नगर स्थित जिले का नामी स्कूल उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स आ गया सुबह लगभग 11 बजे ही गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की टीम और आरटीई के अभिभावक उत्तम स्कूल के अंदर चयनित बच्चो के दाखिलों के लिए धरने पर बैठ गए जिसके बाद तत्काल ही जिले के एडीएम सिटी गंभीर सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पुलिस बल के साथ स्कूल पहुंच गए और स्कूल की प्रधानाचार्य से सभी बच्चो के दाखिले करने के लिय बोला और पिछले वर्ष के दाखिलों का भी डाटा मांगा गया स्कूल प्रबंधन ने माना की उन्होंने आरटीई के एक भी बच्चे का दाखिला नही लिया है जिसके बाद जीपीए की टीम अड़ गई की जब तक सभी बच्चो का दाखिला नही होगा तब तक हम धरने से नही उठेंगे लगभग 3 घंटे के संघर्ष और जद्दोजहद के बाद एडीएम सिटी एवम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की सख्ती के आगे स्कूल 5 बच्चो के दाखिले करने के लिय तैयार हुआ । एडीएम सिटी ने सभी 5 बच्चो के नाम सभी के सामने अनाउंस किए और स्कूल प्रबंधन ने कल सुबह सभी 5 बच्चो को दाखिले के आने की सहमति दी जिसके बाद एडीएम सिटी और जिला बेसिक शिक्षा के अनुरोध पर धरना समाप्त किया गया जीपीए और आरटीई के अंतर्गत चयनित बच्चो के अभिभावकों ने एडीएम सिटी का बच्चो को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए धन्यवाद दिया इस मौके पर साधना सिंह , अनिल सिंह , धर्मेंद्र यादव, कोशलैंदर सिंह , नरेश कुमार , कोशल ठाकुर , नवीन , प्रभाकर सिंह नितिन कुमार ,रीना ,राजकुमार दिव्या कश्यप ,रीना देवी , राजकुमार मनीष कुमार , सौम्य सिंह आदि उपस्थित रहे।

# किसान, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग सभी के लिए बजट फायदेमंद : मनवीर चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** गुलमोहर एन्क्लेव आरडब्लूए के अध्यक्ष मनवीर चौधरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 के पहले आम बजट में किसान, मजदूर, युवा, छात्र, महिला, उद्यमी, नवाचार, शिक्षा, विरासत सबको कुछ ना कुछ दिया गया है। बजट में वित्त मंत्री ने देश के समृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों के साथ-साथ लोगों के निजी हितों का भी विशेष ध्यान रखा है. इसके साथ ही वित्त मंत्री ने उन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तारित करने का भी ऐलान किया है, जो कि मौजूदा समय में लोगों के निजी हितों को सकारात्मक तरीके से प्रभावित कर रहे हैं। बजट में सरकार का फोकस नेचुरल फार्मिंग बढ़ाने पर है। युवाओं के लिए दो लाख करोड़ रुपये की पांच स्कीमों की घोषणा बजट में की गई है। उच्च बहुराष्ट्रीय कंपनियों में युवाओं को पांच साल इंटर्नशिप की सुविधा मिलेगी। ट्रेनिंग के दौरान होने वाले खर्च को कंपनी सीएसआर फंड से वहन करेगी।



# पिछले एक महीने से पीड़ित परिवार डेथ सर्टिफिकेट लेने के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल के काट रहा है चक्कर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** राम मनोहर लोहिया अस्पताल के कर्मचारी पंकज का कहना है कि CRS PORTAL एक महीने से नहीं चल रहा है जिसकी वजह से कई पीड़ित परिवार बगैर डेथ सर्टिफिकेट के लौट रहे हैं । उप्र PORTAL की कंप्लेंट राम मनोहर लोहिया के टर से लेकर उटर तक की गई है साथी उटड ऑफिस को भी बताया गया है लेकिन अभी तक नहीं सही हो पाई है CRS PORTAl साइड । राम मनोहर लोहिया अस्पताल के कर्मचारी पंकज का कहना है 500 से भी अधिक डेथ सर्टिफिकेट पेंडिंग पड़े हुए हैं CRS PORTAL की वजह से।



**गाजियाबाद :** किसान दिवस के इस मौके पर भाकियू जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार, जिला युवा अध्यक्ष छोटे चौधरी, भोजपुर ब्लॉक अध्यक्ष वेदपाल मुखिया,पिंटू चौधरी,आदि पदाधिकारी और क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

# 12 नए औद्योगिक पार्कों और शहरी विकास के लिए 10 लाख करोड़ के आवंटन से बदलेगी देश की तस्वीर : संजीव गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लगातार सातवीं बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा, लोकसभा में पेश किए गए आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष और देश के जाने-माने उद्योगपति संजीव कुमार गुप्ता ने कहा है। कि इस बजट में देश के रेलवे, सड़क और बुनियादी ढांचे के विकास को जारी रखते हुए। शहरी विकास के लिए 10 लाख करोड़ के आवंटन के साथ-साथ 12 नए औद्योगिक पार्कों की मंजूरी देने से आने वाले समय में रोजगार के अनेकों अवसर युवाओं को प्राप्त होंगे। तथा इस बजट में 3 करोड नए आवास बनाने के साथ-साथ औद्योगिक मजदूरों को किफायती किराए के मकान उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है। जिसके कारण औद्योगिक विकास की महत्वपूर्ण कड़ी, मजदूरों को भी सुगमता से सस्ते आवास प्राप्त होंगे। जिसका लाभ उद्योग जगत को भी होगा। तथा इस बजट में स्किल डेवलपमेंट के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर भी जोर दिया गया है। इसके साथ-साथ स्टांप ड्यूटी और अन्य विकास प्रीमियम को कम करने के लिए राज्य सरकारों को प्रोत्साहित करने व आर्थिक विकास को बढ़ावा देने से उद्योग जगत और व्यापारियों को कार्य करने में पहले से अधिक सुगमता होगी।



# सिंभावली क्षेत्र में हाईवे 6 पर तैनात वसूली करने के मामले में एसपी ने दोनों कांस्टेबलों को किया निलंबित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली) ।** एसपी ने सिंभावली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर हाईवे 6 पर तैनात दो कस्टेबलों को वसूली करने के मामले में निलंबित कर जांच गढ़ क्षेत्राधिकार को सौंपी है।
सिंभावली थाना क्षेत्र में हाईवे 6 पर तैनात पुलिस कर्मियों के द्वारा दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर अवैध वसूली करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर



नवनियुक्त एसपी ज्ञानंजय सिंह ने संज्ञान लेते हुए कांस्टेबल रामनिवास, कांस्टेबल चंद्र प्रकाश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।इस मामले की जांच पुलिस गढ़ क्षेत्राधिकारी आशुतोष शिवम को सौंपी गई है। वहीं एसपी ने जनपद के समस्त पुलिसकर्मियों को सूचित किया है कि कोई भी ऐसा कृत्य ना करें जिससे कि पुलिस की छवि धूमिल हो अन्यथा जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कड़ी विभागीय/ दण्डात्मक कार्यवाही की जएगी

# शिवकुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया गय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** शिवकुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज जहांगीराबाद में पौधारोपण किया गया। सह जिला विद्यालय निरक्षक दिनेश यादव मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधारोपण आज की आवश्यकता है क्योंकि आज ऑक्सीजन लेकर चलने की स्थिति आ गई है। वाटर लेवल दिन प्रतिदिन काम होता चला जा रहा है और हमारे भारत मां का श्रृंगार काम होता चला जा रहा है ऐसी स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधारोपण करने की आवश्यकता है। तभी हम अपने आगे आने वाले जीवन को सुरक्षित कर सकेंगे तथा भू-जल का स्तर बढ़ा सकेंगे।

यदि यह कार्य नहीं किया गया, तो निश्चित रूप से एक दिन जल रहीत हो जाएंगे और आगे आने वाला जीवन खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने पौधा लगाकर लगाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉक्टर राकेश कुमार शुक्ला डॉक्टर सुशील कुमार सुरेंद्र कुमार अग्रवाल प्रधानाचार्य क अग्रवाल विकास दीक्षित दीपचंद आदि मौजूद रहे।




# क्राईम ब्रॉन्च पुलिस कमिश्नरेट द्वारा थाना कोतवाली के अभियोग में न्यायालय से जारी गैर जमानती वारण्ट मे वाँछित एंव रू0 25,000/-का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट द्वार दिनाँक-24/07/2024 को थाना कोतवाली गाजियाबाद के वर्ष 2007 के अभियोग में माननीय न्यायालय से जारी गैर जमानती वारण्ट में फरार शातिर अभियुक्त आबिद को रेलवे फाटक के पास फ्लाई ओवर के नीचे थाना क्षेत्र कविनगर से गिरफ्तार करने मे महत्तवपूर्ण सफलता हासिल की गयी । अभियुक्त आबिद माननीय न्यायालय मे पिछले 05 वर्षो से हाजिर नही हुआ एवं लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त नगर जोन द्वारा दिनांक-14/06/2024 को रू0 25,000/- का पुरस्कार घोषित किया गया था । अवगत कराया है कि दिनाँक-30/06/2007 को को अभियुक्त आबिद उपरोक्त ने अपने सहअभियुक्त निजाम निवासी जेवर जनपद-गौतमबुद्धनगर के साथ मिलकर गऊशाला पानी की टंकी के पास थाना क्षेत्र कोतवाली में पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया था जिसमे दोनो अभियुक्त मय असलहो के गिरफ्तार कर जेल भेजे गये थे। उक्त अभियोग मे माननीय न्यायालय में ट्रायल चल रहा था जिसमें सह अभियुक्त निजाम को सजा हो चुकी है इसी कारण अभियुक्त आबिद उपरोक्त माननीय न्यायालय मे हाजिर नही हुआ और फरार हो गया पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि वह 5वीं पास है फल की फेरी करने का काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था जिसमे ज्यादा अमदनी नही थी, तो निजाम के साथ मिलकर अपराध करने लगा इसी बीच वर्ष 2007 में पुलिस मुठभेड में थाना क्षेत्र कोतवाली जनपद-गाजियाबाद मे गिरफ्तार हो गया था । माननीय न्यायालय से जमानत के बाद अपने मूल निवास स्याना जनपद-बु0शहर चला गया था । उक्त पुलिस मुठभेड के अभियोग का ट्रायल गाजियाबाद कोर्ट में चल रहा था जिसमें आबिद को यह लग रहा था कि उसको सजा हो जाएगी तो आबिद ने कार्ट आना बन्द कर दिया आबिद के साथी निजाम को सजा होने के बाद से ही वह घर से फरार हो गया था और जगह बदल-बदल कर रहने लगा इस बीच उसने कई जगह मजदूरी और फेरी लगाने का काम किया और फरारी काट रहा था । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता- आबिद पुत्र मुकर्रम निवासी पूडावाला चौक कस्बा व थाना स्याना जनपद-बुलन्दशहर उम्र करीब 37 वर्ष।



# स्वास्थ्य विभाग ने नगर में की छापेमारी निजी क्लीनिक सील, स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही से मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्याना (वसीम खान)।** स्वास्थ्य विभाग ने अभियान चलाकर छापेमारी की। निजी क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मच गया। दस्तावेज नहीं मिलने पर एक निजी क्लीनिक को सील कर दिया गया। स्याना में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग ने अभियान चलाकर छापेमारी की। निजी क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मच गया। दस्तावेज नहीं मिलने पर एक निजी क्लीनिक को सील कर दिया गया। एसीएमओ डॉ. हरेंद्र बंसल ने बताया कि निजी क्लीनिकों की जांच की जा रही है। दस्तावेज नहीं मिलने पर एक क्लीनिक पर सील लगा दी गई है। एसीएमओ डॉ. हरेंद्र बंसल ने बताया कि निजी क्लीनिकों की जांच की जा रही है। दस्तावेज नहीं मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।



अधिकांश निजी क्लीनिक संचालक अपने क्लीनिक बंद कर फरार हो गए। विभागीय अधिकारियों की कार्यवाही से हड़कंप मचा रहा। एसीएमओ ने बताया कि छापेमारी की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। किसी भी सूरत में लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। नियमों के विरुद्ध क्लीनिक संचालन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मुनकाद अली ने आप पार्टी के छोड़ कर आए लोगो को बहुजन समाज पार्टी में शामिल किये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के निर्देश पर आज प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि मुनकाद अली पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश, गिरीश चंद्र पूर्व सांसद, राजकुमार गौतम पूर्व मंत्री, दारा सिंह प्रजापति प्रभारी पश्चिम कुलदीप कुमार मेघनंद मेरठ मंडल कोऑर्डिनेटर गंगा शरण बबलू पूर्व जॉन कोऑर्डिनेटर के नेतृत्व में आज निम्न लोगों ने बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए। मुख्य पंकज शर्मा जो आम आदमी पार्टी छोड़कर अपने साथियों के साथ शामिल हुए जो राजस्थान के प्रभारी में उत्तर प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन मंत्री उनके साथ एडवोकेट प्रदीप कुमार मंडल सचिव व्यापार प्रकोष्ठ शालिनी शर्मा पूर्व प्रत्याशी पार्षद सोनू आनंद महानगर अध्यक्ष एडवोकेट सौरभ कंवरपाल एडवोकेट मनोज प्रजापति एडवोकेट उमेश सिंह एडवोकेट लोकेंद्र मनीष तलवार कृष्ण मथुर गुलिस्ता एडवोकेट अखिलेश भटनागर पुष्पेंद्र शर्मा प्रवीण कुमार कमल सिंह सतपाल सिंह अजय कुमार एडवोकेट विकास कुमार रईस मलिक प्रदेश प्रभारी आज समाज पार्टी प्रेमचंद भारती आदि को पार्टी में शामिल किया गया। इस मौके पर आए हुए अतिथियों में मनोज जाटव वीरेंद्र सिंह रामप्रसाद प्रधान रवि जाटव विनोद प्रधान आनंद चौधरी नरेंद्र मोहित मुनव्वर चौधरी तिलक चौधरी नवीन कुमार सतीश प्रधान इत्यादि मौजूद रहे।




**ज्ञापन सौंपा**

## शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी पर जांच में प्रधानाचार्य सहित 9 अध्यापकों को बचाने का आरोप

# जांच पूरी होने के 19 महीने बाद भी विद्यालय प्रशासन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव चौधरी ने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी पर जांच में फंसे प्रधानाचार्य सहित 9 अध्यापकों को बचाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में बुधवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को जांच रिपोर्ट सहित ज्ञापन सौंपा है। शिव चौधरी ने जिलाधिकारी दी शिकायत में बतया है कि इंग्राम इंटर कॉलेज गाजियाबाद में प्रधानाचार्य सहित 9 अध्यापकों की शैक्षिक योग्यताएं जांच में संदिग्ध पाई गई हैं। इन सभी की जांच संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रथम मंडल मेरठ के द्वारा सह जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद से पत्रांक जांच 9005-06/2022-23 9 दिसंबर 2022 को जांच आख्या के अनुसार जांच 10 बिंदुओं पर की गई है। इस जांच रिपोर्ट में साफ-साफ शब्दों में बताया गया है कि प्रधानाचार्य अध्यनरत छात्रों से द्वेषपूर्ण व्यवहार करते हैं और इनकी सभी की शैक्षिक योग्यताएं संदेहात्मक पाई गई हैं। आख्या में दशार्या गया है कि वर्णित तथ्यों के आधार पर विद्यालय की प्रबंधन समिति के विरुद्ध उत्तर प्रदेश शिक्षा अधिनियम 1921 व वेतन वितरण अधिनियम 1971 में विहित प्राविधानों के अनुसार कार्रवाई किया जाना चाहिए, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका है। संस्था एवं छात्रों रे हित विद्यालय का शैक्षिक वातारण सुद्दढ करने के लिए ?इस प्रकरण ?में ठोस कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष




शिव चौधरी का कहना है कि प्रधानाचार्य ?व इन सभी शिक्षकों की शिकायत गाजियाबाद पुलिस में भी गयी थी।?इसकी जांच पुलिस उपायुक्त नगर कमिश्नरेट गाजियाबाद और उपनिरीक्षक थाना कवि नगर विनीत चौधरी ने भी अपनी आख्या में शिक्षा विभाग द्वारा लापरवाही होना दशार्या है। शिव चौधरी ने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी इन सभी को निजी लाभ के चलते बचाते चले आ रहे हैं। जांच पूरी हुए लगभग 19 महीने हो चुके हैं। इसके बावजूद भी विद्यालय प्रशासन पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि शिक्षा विभाग ने जल्द ही सभी साक्ष्यओ को संज्ञान में लेते हुए दोषियों पर कानूनी कार्रवाई नहीं की तो हनुमान सेना बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएगी।

एडीएम को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

# अटल गौरव पार्क में अटल बहुमंजिला पार्किंग केन्द्र बनवाने की मांग उठाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र गुर्जर व जिला अध्यक्ष सुन्दर कुमार आर्य के नेतृत्व पदाधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपकर अटल पार्क में अटल बहुमंजिला पार्किंग केन्द्र बनवाने की मांग की है। जिसके



बनने से शहर में वाहन पार्किंग की समस्या का समाधान होगा। साथ ही नगर पालिका परिषद की आय में भी बढ़ोत्तरी होगी।

अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार दिये ज्ञापन में बताया कि गत 20 जुलाई को नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में अटल गौरव पार्क में बाजार बनाये जाने का प्रस्ताव पास कराया गया है। जिसकी जानकारी मिलने पर इस प्रस्ताव का विरोध होना शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा कि अटल गौरव पार्क में नगर की मुख्य समस्या वाहन पार्किंग के समाधान हेतु अटल बहुमंजिला पार्किंग केन्द्र बनवाया जाये। नगर के मध्य में बहुमंजिला पार्किंग बनने से शहर के व्यापारियों सहित ग्रामीण अंचल से आने वाले लोगों को भी फायदा होगा। शहर में आये दिन लोगों का दुकानों के आगे गाडा,ी खड़ी करने को लेकर होने वाले मारपीट की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। बहु मंजिला पार्किंग बनने से नगर पालिका को आय तो होगी।

उन्होंने बताया कि ज्ञापन की काफी सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, पूर्व नगर पालिका परिषद चेयरमैन प्रफुल्ल सारस्वत, वर्तमान नगर पालिका चेयरमैन पुष्पा देवी को भी उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर राजेंद्र गुर्जर, सुंदर कुमार आर्य, कटार सिंह, इंस्पेक्टर ओम प्रकाश,पवन हूँण, रवि भाटी, अनिल हूण, अमित प्रजापति उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद पिलखुवा में हुई स्क्रैप पुराने वाहनो की नीलामी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** नगर पालिका के सभागार में स्क्रैप वाहनों की सार्वजनिक नीलामी की गई। पूर्व निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन वाहन तीन टाटा ऐश, दो महेंद्रा मैक्स, एक आयशर ट्रैक्टर, एक कम्पैक्टर, दो अशोका लिएलेंड, एक ट्रैक्टर, एक थ्री व्हीलर व एक रोड स्वीपिंग मशीन की नीलामी हुई।





नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नीलामी में कुल 19 स्क्रैप व्यापारियों ने बोली लगाई।

सरकारी बोली के अनुरूप सभी वाहनों की नीलामी 12 लाख रुपये में हापुड़ के एमए इंटरप्राइजेज द्वारा की गई है। वहीं आरओ प्लांट को किराये पर लेने के मामले में केवल एक युवक ने प्रतिभाग किया जबकि नियमानुसार कम से कम तीन लोग की उपस्थिति होने अनिवार्य होते है। इसलिए आरओ किराया दोबारा से किया जाएगा। बोली के दौरान कर अधीक्षक गजेन्द्र सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दीपक कुमार, लिपिक धर्मेंद्र कुमार, शैलेन्द्र गौड़ मौजूद रहे।

# नेपाल देश के शिष्टमंडल ने पीएमएवाई में बने भवनों का भ्रमण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** केन्द्र सरकार की अति महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना में विकास भवन के निकट निर्मित भवनों का बुधवार को नेपाल देश से आये शिष्टमंडल ने हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण अधिकारियों के साथ भ्रमण किया। शिष्टद्मंडल ने जाना की कम लागत में भवन कैसे तैयार होता है,एचपीडीए अधिकारियों से इसकी विस्तार से जानकारी दी। जिससे वह भी अपने देश

- **शिष्ठमंडल ने जाना कम लागत में कैसे होता है,भवन तैयार**
- **एचपीडीए अधिकारियों कर्मचारियों ने शिष्टद्मंडल का भव्य स्वागत किया**
- **शिष्टमंडल ने आनन्द विहार कालोनी में पौधारोपण किया**
- **पीएमएवाई में एक भवन 4.50 लाख रुपये की लागत से तैयार होता है:वीसी**
- **जिले में हिण्डालपुर व खेड़ा में पीएमएवाई में 1216 भवन निर्माणधीन**
- **पीएमएवाई में गरीब पात्र लोगों को भवन उपलब्ध कराया जाता है**
- **योजना का लाभ लेने लिए डूडा विभाग में रजिस्ट्रेशन करना होता है**

में इतनी लागत में भवनों का निर्माण कराकर गरीब लोगों को उपलब्ध करा सके।

आपको बता दें,कि बुधवार की दोपहर एक बजे नेपाल देश का दस सदस्यीय शिष्टद्मंडल भारत सरकार की प्रतिनिधि मीनू बजाज के साथ हापुड़ में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की आनंद विहार आवासीय योजना में स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना में कम लागत में बने भवनों का भ्रमण करने पहुंचा।

हापुड़ पहुंचने पर शिष्टद्द मंडल का हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों ने फूलों के बूके देकर,पुष्प वर्षा कर व माथे पर तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। जिसके उपरांत शिष्ट मंडल प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित भवनों का भ्रमण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों का भ्रमण करने के दौरान शिष्टद्द मंडल ने एचपीडीए अधिकारियों से जाना,कि कम लागत में कैसे भवन तैयार होता है,किन लोगों को,ये भवन किस प्रकार दिये जाते है। शिष्टद्द मंडल को बताया कि पीएमएवाई में एक









भवन 4.50 लाख की लागत से तैयार होता है। जिन गरीब लोगों पर रहने के लिए घर नहीं है,उनके नाम किसी प्रकार की कोई भूमि नहीं है,ऐसे लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए डूडा विभाग में आवेदन करना होता है,प्राधिकरण द्वारा जांच कराने के उपरांत पात्र व्यक्ति को भवन उपलब्ध कराया जाता है।

इस अवसर पर एचपीडीए वीसी डा.नितिन गौड़,सदर एसडीएम शुभम श्रीवास्तव,सचिव सीपी त्रिपाठी,सहायक अभियंता श्वेता रस्तोगी,अवर अभियंता अंगद सिंह,देशपाल सिंह,महेश उत्प्रेती,महेश विकल,मंजीत सिंह,हर्षित सिंह,सलीम चौधरी,राजन चौधरी आदि मौजूद रहे।

**शिष्ट मंडल का भव्य स्वागत किया**

नेपाल देश से आये शिष्टद्मंडल का एचपीडीए अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुष्प वर्षा,तिलक लगाकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया,जिसकी शिष्टद्मंडल के सदस्यों ने प्रशंसा की।

**विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये**

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की आनंद विहार आवासीय योजना में शिष्टद्मंडल ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये। पौधे रोपित करने के उपरांत पौधों में पानी भी दिया।

**एक भवन 4.50 लाख में तैयार होता है**

एचपीडीए के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में एक भवन करीब 30 वर्ग मीटर में तैयार होता है। जिसमें दो कमरे,एक किचन,लैटरिन बाथरूम बना होता है। जिसका निर्माण करने के लिए 1.50 लाख केन्द्र सरकार,एक लाख प्रदेश सरकार व दो लाख आवंटी से किस्तों में लिये जाते है।

**जिले में करीब 1216 भवन निर्माणधीन**

एचपीडीए अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में गांव हिण्डालपुर में 264 व ग्राम खेड़ा में 952 भवन निर्माणधीन है। जिनका निर्माण पूर्ण होने से पात्र लोगों को दिये जायेंगे। जिनका निर्माण समय से पूर्ण हो,इसलिए एचपीडीए के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण भी किया जा रहा है।

योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करना होता है,बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ केवल उन गरीब लोगों को मिलता है,कि जिनके पास रहने के लिए घर नहीं है,उनके नाम कोई भूमि नहीं है। योजना का लाभ लेने को डूडा विभाग में आवेदन करना होता है। डूडा विभाग द्वारा आवेदनकताओं की सूची एचपीडीए को भेज दी जाती है। जिसके उपरांत प्राधिकरण द्वारा सर्वे कराकर पात्र लोगों को भवन उपलब्ध कराया जाता है।

**पात्र लोगों को उपलब्ध कराये गये भवन**

प्रधानमंत्री आवास योजना में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी आनंद विहार आवासीय योजना में 408 भवन तैयार कराये गये। जिनकी चाबी पात्र लोगों को जनप्रतिनिधि के कम कमलों से दिलवाई गयी। जिसके बाद से वह अपने परिवारों के साथ भवन में रह रहे है।

**साउथ अफ्रीकन प्रतिनिधि मंडल ने भी भ्रमण किया था**

आपको बता दें,कि बीते वर्ष 27 फरवरी 2023 में भी साउथ अफ्रीकन शिष्टद्मंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित भवनों का भ्रमण कर एचपीडीएम अधिकारियों से योजना की बारीकियों व निर्माण से सम्बंधित जानकारी प्राप्त की थी।

**शिष्टमंडल ने खुशी जाहिर की**

नेपाल देश से आये शिष्टद्मंडल ने पीएमएवाई में निर्मित भवनों में बारे में जानकारी,उन्हें बताया कि सरकार द्वारा उक्त भवनों को गरीब लोगों को उपलब्ध कराये गये है,जिस पर शिष्टद्मंडल ने खुशी जाहिर की।

**शिष्टमंडल को देखने उमड़ी लोगों की भीड़**

प्रधानमंत्री आवास योजना में बने भवनों का भ्रमण करने नेपाल देश से आये शिष्टद्मंडल को देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पीएमएवाई के भवनों में रहने वाले लोगों ने शिष्टद्मंडल के फोटो खींचने के साथ-साथ उनके ऊपर पुष्प वर्षा भी की।

# भाकियू ने नव नियुक्त एसपी व एएसपी का स्वागत किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पवन हूण के नेतृत्व में भाकियू के प्रतिनिधि मंडल ने जिले के नवनियुक्तपुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर का उनके कार्यालय में स्वागत कर शुभकामनाएं दी।



भाकियू जिलाध्यक्ष पवन हूण ने जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। स्वागत करने वालों में में कटार सिंह गुर्जर, राजेंद्र गुर्जर, रवि भाटी, राधेलाल त्यागी, अनिल हूण, मोनू त्यागी, सुंदर आर्य आदि शामिल थे।

# सावन में मिठास घोल देता है घेवर... घेवर वर्षा में नहीं सीलने वाला एकमात्र मिष्ठान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

हापुड़। सावन का महीना शुरू होते ही लोगों के जुबान पर घेवर का नाम नहीं आये ऐसा हो नहीं सकता। जिसे देखते

- **सावन माह में बच्चे,जवान व बूढ़े सबकी पहली पसंद घेवर**
- **सवान में गिफ्ट में दी जाने वाली एक मात्र मिठाई बना घेवर**

हुए सावन का महीना शुरू होते ही मिठाई की दुकानों पर घेवर बिकना शुरू हो जाता है। इसका स्वाद लजीज होने के कारण ग्राहकों की सावन में पहली पसंद है। लोगों की पसंद के कारण मिठाई विक्रेता इस माह में मिठाईयों में सबसे





घेवर तैयार करता पुनीत हलवाई व मावा युक्त तैयार घेवर

अधिक घेवर बनाते है। त्यौहारों के निकट आने पर घेवर की मांग भी बढ़ जाती है।

सावन का महीना शुरू होते ही मिष्ठान विक्रेता गुझिया,फैनी,मीठी पापड़ी आदि को बनाना शुरू कर देते है। इन मिठाईयों की अपेक्षा घेवर को अधिक मात्रा में बनाते है। क्योंकि सावन के महीने में अगर कोई मिठाई बिकती है वह केवल घेवर है। सावन के महीने में घेवर ग्राहकों की पहली पसंद होती है। घेवर का स्वाद लजीज होने के कारण बच्चे,बूढ़े और जवान भी इस माह में इसे खाने से नहीं चूकते है। जिन लोगों को मिठाई खाने के लिए मना होता है। वह घर में रखे घेवर को परिजनों के आंखें बचने पर इसका स्वाद लेने से नहीं चूकते है। सावन के महीने में नहीं सीलने वाला एक मात्र मिष्ठान होने एवं बच्चों एवं बूढ़ों की पहली पसंद होने के कारण विक्रेता बड़े पैमाने पर इसे बनाते है। इसके अलावा इस माह में लोग एक दूसरे को गिफ्ट देने के लिए गिफ्ट सेन्टरों के स्थान पर सीधे मिठाई की दुकान पर जाते है। क्योंकि सावन माह में घेवर को गिफ्ट में भी दिया जाता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए विक्रेता दुकानों में इसका काफी स्टॉक रखते है।

मिष्ठान विक्रेता प्रमोद कुमार ने बताया कि बाजार में सादा घेवर 400 से 450 रुपये किलो तथा मावा युक्त घेवर 500 से 600 रुपये किलो बिक रहा है।

लोग गिफ्ट में घेवर देना पसंद कर रहे है। क्योंकि बरसात के दिनों में घेवर एक मात्र ऐसी मिठाई है,जो सीलती नहीं है। घेवर का गिफ्ट में देने का चलन बढ़ते देख आकर्षक डिब्बे बनवाये गये है।

धरना शुरू | ब्लाक प्रमुख निशांत भाई ने किसानों को समझाने का किया प्रयास

# विभिन्न मांगो को लेकर धौलाना ब्लाक में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** बुधवार को धौलाना ब्लाक परिसर में किसान मजदूर संगठन पूरन सिंह गुट के किसान और कार्यकताओं द्वारा ब्रह्म सिंह राणा प्रदेश

- **जब तक मांगे नहीं मानी जाती धरना जारी रहेगा -ब्रह्म सिंह राणा**
- **मीटर रिंडिंग ठीक करने के नाम पर विधुत विभाग कर रहा है अवैध वसूली**

महासचिव के नेतृत्व में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं बरसात में नालों की तत्काल सफाई सहित विभिन्न मांगो को लेकर किसान धरने पर बैठ गए । धरने के दौरान भयानक गर्मी में कई किसानों की हालत बिगड़ गई । आरोप है की धरना प्रदर्शन के दौरान कोई भी आलाधिकारी किसानों को



ठोस आश्वासन देने नही पहुंचे । जिससे किसान भड़क उठे और उन्होंने अनिश्चित कालीन धरना होने की घोषणा कर दी । हालाकि किसानों को समझाने धौलाना ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया, बीडीओ अभिमन्यु सेठ, और सदर ग्राम विकास अधिकारी गुरविंदर सिंह, लेखाधिकारी लोकेश शर्मा धरने में पहुंचे लेकिन किसान उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे । इस दौरान प्रदेश महासचिव किसान मजदूर संगठन ब्रह्म सिंह राणा ने बताया की बिजली विभाग चेक मीटर के नाम पर लोगो से अवैध वसूली करता है । और ' रीडिंग को चेक किए बिना लोगो के भारी भरकम बिल भेज रहा है । और बिल ठीक करने के नाम पर खुली अवैध वसूली कि जाती है । उन्होंने बताया की धरने में किसानों को जनपदीय उच्च अधिकारियों द्वारा उचित आश्वासन न मिलने के कारण संगठन द्वारा निर्णय लिया गया जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता है तब तक प्रतिदिन सुबह दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक उक्त स्थल पर धरना प्रदर्शन जारी रहेगा । इस मौके पर महेश चंद शर्मा, विजय पाल, जाहिद फौजी, संतवीर सिंह, नैन सिंह,रवि सिंह, पप्पू खा, परवेज आलम, सुभाष राणा, मुन्ने भाई, सुनील राणा, प्रेमपाल सिंह तोमर, रामावतार सिंह, सचिन चौहान, महिपाल सिंह, धर्मपाल सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में किसान मोजूद रहे ।

# मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल, गिरफ्तार, अवैध असलाह,बाइक,तीन मोबाइल व पीली धातु के 5 कुंडल बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद सदर कोतवाली पुलिस व जनपदीय एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में गोली लगने से घायल दो शातिर बदमाशों को



गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से अवैध असलाह,बाइक,तीन मोबाइल व पीली धातु के 5 कुंडल बरामद किये है। पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि एसपी के निर्देश पर चोर लुटेरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सदर कोतवाली पुलिस व जनपदीय एसओजी की संयुक्त टीम की रामपुर रोड पर बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी। जिसमें गोली लगने से दो बदमाश

**गिरफ्तार बदमाशों पर कई जनपदों में डेढ़ दर्जन आपराधिक मुकदमे दज: सीओ**

घायल हो गये। जिन्हें घायल अवस्था में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से अवैध असलाह,बाइक,तीन मोबाइल व पीली धातु के 5 कुंडल बरामद किये है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के नाम अरबाज पुत्र रफीक निवासी ग्राम मोहम्मदपुर रूस्तमपुर थाना बहादुरगढ़ हाल निवासी मोदी कालोनी थाना हापुड़ नगर व सारिक पुत्र उमर निवासी गोविन्दपुरम थाना ककोड़ जिला बुलन्दशहर है।

सीओ ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ जनपद मेरठ, गाजियाबाद, बुलन्दशहर व हापुड़ में लूट, चोरी व गैंगस्टर के करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज है।

## सम्पादकीय

# लड़ाई में जवानों की शहादत बड़ी चिंता



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

जम्मू कश्मीर के हालात बदल रहे हैं। बाहरी लोगों पर हमले और हत्या के बाद अब सुरक्षा बलों पर हमले का सिलसिला तेज हो गया है। सिर्फ इस महीने में कम से कम सात जगह आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हुई है, जिसमें 12 जवान शहीद हुए हैं। डोडा के डेसा जंगल में सोमवार, 15 जुलाई को आतंकवादियों के हमले में सेना के एक कैप्टेन सहित पांच जवान शहीद हो गए। इससे पहले कुलगाम में दो जगहों पर मुठभेड़ हुई, जिसमें सुरक्षा बलों के दो जवान मारे गए। इसके बाद कठुआ में सेना की गाड़ी पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए। सुरक्षा बलों की ओर से बताया गया कि कठुआ में सेना की गाड़ी पर पहले ग्रेनेड से हमला हुआ और उसके बाद गोलियां चलाई गईं। यह घटना पिछले महीने रियासी में हुई घटना से मिलती जुलती थी, जिसमें आतंकवादियों ने यात्रियों से भरी एक बस के ड्राइवर को गोली मार दी, जिससे बस खाई में गिर गई और नौ लोगों की जान चली गई। माना जा रहा है कि आतंकवादी सेना की गाड़ी भी इसी तरह से खाई में गिराना चाहते थे ताकि अधिकतम नुकसान हो। भारत सरकार का दावा है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है। एक आंकड़े के मुताबिक पांच अगस्त 2016 से चार अगस्त 2019 तक राज्य में नौ सौ आतंकवादी घटनाएं हुई थीं, जिनमें 290 जवान शहीद हुए थे और 191 नागरिकों की जान गई थी। लेकिन अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद अगले तीन साल में इसमें गिरावट आई। पांच अगस्त 2019 से चार अगस्त 2022 के बीच 617 आतंकवादी घटनाएं हुईं, जिनमें 174 जवान शहीद हुए और 110 नागरिक मारे गए। लेकिन सवाल है कि क्या शांति काल में दूसरे किसी देश में एक सीमा पर इतने जवान शहीद होते हैं या इतने नागरिक मारे जाते हैं? जब पाकिस्तान के साथ युद्धविराम संधि लागू है और कोई लड़ाई नहीं चल रही है तो छद्म लड़ाई में इतने जवानों की शहादत और आम नागरिकों की मौत निश्चित रूप से बड़ी चिंता का कारण होना चाहिए। दूसरा सवाल यह है कि पिछले कुछ समय से जब राज्य में शांति बहाली का दावा किया जा रहा था तो अचानक सैन्य बलों पर हमले की घटनाओं में क्यों तेजी आ गई? क्या राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू होने और चुनाव की तैयारियों की वजह से ऐसा हो रहा है? गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर के नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था। मतदान के आंकड़े ऐतिहासिक थे। पिछले लगभग चार दशक में इतने ज्यादा लोगों ने वोट नहीं डाले थे। अब अगले दो महीने में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं, जिसके बाद जम्मू कश्मीर को चुनी हुई सरकार मिलेगी। तभी सवाल है कि क्या आतंकवाद को भारत विरोधी नीति के तौर पर इस्तेमाल करने वाले पड़ोसी देश पाकिस्तान को इससे बेचैनी हो रही है कि क्यों जम्मू कश्मीर के लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं?

यह संभव है कि पाकिस्तान और उसके समर्थन से फलने फूलने वाले आतंकवादी संगठन एक रणनीति के तौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को विफल करने के लिए इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हों। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि पाकिस्तान ने लंबे समय से आतंकवाद को भारत विरोधी कूटनीति का एक हिस्सा बना रखा है और वह इसे छोडने वाला नहीं है। फर्क इतना है कि इसका रूप बदल रहा है। पुराने आतंकवादी संगठनों की जगह नए नाम के संगठन आ गए हैं। पुराने आतंकवादी सरगनाओं की जगह नए सरगना आ गए हैं। जैसे डोडा की ताजा घटना की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स ने ली है। इसका कारण यह है कि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की जांच से पाकिस्तान घबराया है और उसे किसी तरह से एफटीएफ की सूची से बाहर निकलना है। इसलिए वह ये मैसेज बनवा रहा है कि उसने आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की है और कई समूहों को समाप्त कर दिया है। लेकिन असल में ऐसा नहीं है। सारे आतंकवादी समूह अब भी नाम बदल कर सक्रिय हैं। भारत को इस साजिश को बेनकाब करने का प्रयास करना चाहिए ताकि पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बना रहा। एफएटीएफ का दबाव कम होगा तो पाकिस्तान की वित्तीय मुश्किलें कम होंगी और तब उसकी भारत विरोधी गतिविधियां और तेज हो सकती हैं।

# अर्थव्यवस्था को तीव्र गति एवं महाशक्ति बनाने वाला बजट



ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं -खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का ऐलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। नए टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नए टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की घोषणा की। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया



जाएगा। मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत- सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषतः नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है।

संभवतः इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है। बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां ह्यहर हाथ को कामह्न का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्न का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है। जिसमें भारत के आगामी 25 वर्षों के समग्र एवं बहुमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है। बीते कुछ सालों में नरेन्द्र मोदी ने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है। आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जाएगा। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा। बजट में टूरिज्म पर विशेष बल दिया गया है। पर्यटन हमेशा से हमारी सभ्यता का हिस्सा रहा है।. भारत को वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के सरकार के प्रयासों से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बिहार में राजगीर और नालंदा के लिए एक व्यापक विकास पहल की जाएगी। सरकार ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देंगी, जिसमें प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर, शिल्पकला, प्राकृतिक परिदृश्य, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन समुद्र तट हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आशा के अनुरूप ही बजट का फोकस किसानों, आदिवासियों, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, रोजगार, युवाओं की अपेक्षाओं, विकास और ग्रामीण क्षेत्र एवं पर्यटन पर रखा है। अपने ढांचे में यह पूरे देश का बजट है, एक आदर्श बजट है। इसका ज्यादा जोर सामाजिक विकास पर है।

## भाजपा के लिए खतरे की घंटी

देश के सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के आए नतीजों में 'इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने भाजपा को करारा झटका देते हुए 10 सीटें जीत लीं। भाजपा दो सीट ही जीत सकी जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई। पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट के लिए चुनाव हुआ था। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, 'आप, टीएमसी और द्रमुक ने अपने उम्मीदवार उतारे थे।


नतीजों से इंडिया गठबंधन के घटक दल गद्गद् हैं, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजरुन खरगे ने नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा कि लोगों ने भाजपा के अहंकार, कुशासन और नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है और नतीजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की गिरती राजनीतिक साख का प्रमाण हैं। खडगे ने 'एक्स पर पोस्ट करके इन नतीजों पर मतदाताओं का आभार जताया है। खास बात यह रही कि उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब में जनता ने पाला बदलने वाले नेताओं को नकार दिया। उत्तराखंड की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीत लीं। सर्वाधिक चर्चा प्रसिद्ध तीर्थस्थल बद्रीनाथ सीट की है, जहां कांग्रेस अपनी सीट बरकरार रखने में सफल रही। यहां भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़े राजेंद्र सिंह भंडारी कांग्रेस के सिटिंग विधायक थे लेकिन पाला बदल कर भाजपा में जा मिले। भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बना दिया लेकिन कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला ने उन्हें पराजित कर दिया। हिमाचल प्रदेश में भी रोचक परिदृश्य उभरा है। देहरा सीट से मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की पत्नी कमलेश जीतीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हराया। प्रदेश में पहली बार होगा जब पति-पत्नी सदन में साथ होंगे। कांग्रेस के विधायक 40 हो गए हैं, जबकि भाजपा की 28 सीटें हैं। फरवरी में राज्य सभा चुनाव के वक्त विधायकों की बगावत से कांग्रेस की सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे, जो टल गया है। मध्य प्रदेश में कमलनाथ के गढ़ माने जाने वाले छिंदवाड़ा क्षेत्र में भाजपा ने कांग्रेस को फिर झटका देते हुए अमरवाड़ा सीट जीत ली। पश्चिम बंगाल में दीदी का जलवा कायम है, और टीएमसी ने चारों सीटें जीत लीं। भाजपा से तीन सीटें छीनी हैं। बेशक, नतीजे भाजपा के लिए खतरे की घंटी हैं, जिनका उप्र में विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव तथा हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के आसन्न असेंबली चुनाव पर निश्चित असर दिखेगा।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# आरएसएस एक गैर राजनीतिक संगठन है फिर सरकारी कर्मचारियों पर रोक क्यों थी?



अशोक भाटिया, मुंबई

मोदी सरकार ने एक फैसले के तहत राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) पर लगी उस पाबंदी को हटा लिया गया है, जिसके कारण सरकारी कर्मचारियों को संघ के कार्यक्रम में जाने पर मनाही थी। 58 साल पहले ये फैसला इंदिरा गांधी की सरकार ने लिया था, जिसे केंद्र की मोदी सरकार ने पलट दिया है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने एक आदेश जारी करते हुए सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध हटाया है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस आदेश का स्वागत किया है। केंद्र सरकार ने 1966, 1970 और 1980 में तत्कालीन सरकारों द्वारा जारी उन आदेशों में संशोधन किया गया है, जिनमें सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की शाखाओं और उसकी अन्य गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लगाया गया था।आरोप है कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने सरकारी कर्मचारियों के संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। रिटायर होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे।

सरकारी कर्मचारियों के संघ के कार्यक्रम में जाने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को सही बताते हुए सरकार ने तब दलील दी थी कि आरएसएस की वजह से कर्मचारियों की तटस्थता प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा, यह भी बताया गया था कि इसे धर्मनिरपेक्ष समाज के लिए उचित नहीं माना जाएगा। यानी अगर सरकारी कर्मचारी आरएसएस की शाखा में गए, तो धर्मनिरपेक्षता के लिए ये ठीक नहीं होगा। और इसीलिए सिविल सेवा (आचरण) नियम 1964 का हवाला देते हुए सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस कार्यक्रम में जाने पर बैन लगा दिया गया था। अब जब राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगा प्रतिबंध केंद्र सरकार ने हटा दिया है तब इसको लेकर विवाद उफान पर है। विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। वहीं इस मामले में सरकार ने अपने पक्ष में करीब पांच दशक पहले के दो कोर्ट के आदेश की चर्चा की है। इसमें एक केस पंजाब और हरियाणा राज्य के हाई कोर्ट का है, तो वहीं दूसरा मैसूर हाई कोर्ट का। साल 1965 में रामफल नाम के व्यक्ति को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में भाग लेने के कारण सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हालांकि इस मामले में उन्होंने अपनी भागीदारी स्वीकार की थी। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर विरोध जताया था कि आरएसएस कोई राजनीतिक दल नहीं है और इसलिए यह किसी नियम का उल्लंघन नहीं है। लेकिन पंजाब सरकार ने ये विचार किया कि आरएसएस एक राजनीतिक दल है और इसलिए उनकी भागीदारी आचरण नियमों के विरुद्ध थी।इसी कारण उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इस बर्खास्तगी के आदेश के खिलाफ रामफल ने हाई कोर्ट में रिट याचिका की। इस याचिका को अदालत ने इस लिए स्वीकार कर लिया क्योंकि कि सरकार के पास ऐसा कोई तथ्य नहीं था, जिससे यह माना जा सके कि आरएसएस एक राजनीतिक दल है। इसके बाद साल 1967 में इस अदालत ने रामफल की बर्खास्तगी के आदेश को रद्द कर दिया। सरकार मौजूदा समय में अपना पक्ष रखने के लिए एक मैसूर उच्च न्यायालय के फैसले को भी बता रही है। इसमें एक सरकारी अधिकारी का प्रमोशन सिर्फ इसलिए नहीं किया जा रहा था क्योंकि वे आरएसएस के सक्रिय सदस्य थे। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। यहां कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया आरएसएस एक गैर-राजनीतिक और सांस्कृतिक संगठन है। इसमें गैर-हिंदुओं के प्रति कोई घृणा या दुर्भावना नहीं है। साल 1966 में कोर्ट ने आदेश दिया कि आरएसएस के सदस्य प्रमोशन के लिए अयोग्य नहीं ठहराए जाएंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक पिछले कई वर्षों से समय-समय पर राष्ट्रीय आपदा की परिस्थितियों में मदद के लिए आगे रहता है।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** पत्नी धार्मिक कार्य करने के लिए बता सकती है, संतान के लिए कोई रिश्ता भी आ सकता है, नई सरकारी नौकरी में ज्वाइनिंग मिलेगी, विदेश में रहते है तो टेंशन बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-73

**वृषभ** ज्ञान, अध्यापन, सलाहकार क्षेत्र वालो के लिए अच्छा समय है, कपड़े, किताबे, किसानी व्यवसाय से लाभ होगा, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र से जुड़े है तो काम की मुश्किल सुलझाएंगे। भाग्य प्रतिशत-65

**मिथुन** यात्रा का योग है, सामान, मोबाइल का ध्यान रखें, घर में कोई औषधि लानी पड़ेगी, गृहस्थ जीवन में दूरी सम्भव है, सन्तान की ओर से परेशानी रहेगी। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** आमदनी का नया स्त्रोत बनेगा, आपके ज्ञान और बुद्धिमत्ता का प्रभाव पड़ेगा, स्वास्थ्य को अच्छा करने पर भी विचार करेंगे, धार्मिक विश्वास बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत- 79

**सिंह** सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, पीएचडी करने का रास्ता बनेगा, क्लर्क है तो काम से बाहर जाना हो सकता है, मेडिकल स्टोर चलेगा। भाग्य प्रतिशत-76

**कन्या** शिक्षा में प्रगति होगी, बाहर घूमने का अवसर मिलेगा, घर में रहने की इच्छा नहीं होगी, किसी धार्मिक जगह के दर्शना भी कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-70

**तुला** पैसे की कमी दूर होगी, किसी अनुभवी व्यक्ति से ज्योतिष मार्गदर्शन मिल सकता है, खर्चा भी करेंगे, मिठाई, मसाले, फास्ट फूड कार्य से उन्नति होगी, बाहर खाने का प्रबंध करेंगे। भाग्य प्रतिशत-63

**वृश्चिक** सभी प्रयासों में शत प्रतिशत देने की जरूरत है, दाम्पत्य जीवन सुधर सकता है, सरकारी नौकरी का योग बनेगा, पुत्र संतान को थोड़ा कष्ट सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-51

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा, खर्चा करने में कोताही नहीं करेंगे, महँगी खरीदारी कर सकते है, कोई प्लॉट जमीन लेने के लिए बजट बना सकते है। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** बुद्धिमता से काम लेंगे, प्रेम संबंध बनेंगे, विवाह के लिए बातचीत हो सकती है, मेनेजमेंट या अध्यापन के क्षेत्र के लिए नौकरी का प्रयास करेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

**कुंभ** संतान के सेटलमेंट को लेकर विचारशील रहेंगे, धन का प्रयोग अच्छे कार्यो में करेंगे, लेट फैसले लेना थोड़ा परेशानी दे सकते है, घर में धार्मिक कार्य सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-62

**मीन** छोटी यात्रा पर जाना हो सकता है, लोगों से अच्छे संबंध बनेंगे जिनसे कोई परेशानी हल होगी, अपनी योग्यता बढ़ाने के लिए कोई कोर्स में दाखिला लेने पर विचार कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-73



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# पुस्तक समीक्षा : मानवीय मूल्यों को खोजती शेर-ओ-शायरी की पुस्तक हसरतें



राकेश सूद

एक इंसान जब दुनिया को खूबसूरत बनाने के ख़्वाब देखता है तो उसके अंदर कई जिंदगियाँ और दुनियाएँ जमा हो जाती हैं। इंसान बनने के इस सफर में शायरी और दर्दमंदी बहुत काम आती है। अपने आस-पास की छोटी-छोटी चीजों से मुतअस्सिर होना, फूलों, पौधों और बच्चों की खिलखिलाहट देख कर खुश होना, किसी को उदास देख कर दुःखी होना, ये सब सिफात अगर किसी इंसान में आ जाती हैं तो वो इंसानियत के आला-तरीन मकाम पर फाएज होता है।


राकेश सूद ने क्या खूब कहा है
नजर कमजोर हो जाए तो कोई गम नहीं
नजरिया इंसान का मजबूत होना चाहिए

बिलकुल ये आम बात है कि किसी इंसान की नजर कमजोर हो जाए तो ये कोई बहुत बड़ा दुःख नहीं होगा बल्कि एक छोटा नुकसान समझा जा सकता है, लेकिन अगर किसी का नजरिया जो इंसानियत की आधारभूत संरचना से जुड़ा हो तो ये एक बड़ा खसारा समझा जाएगा और इस शेर में बड़ी उम्दगी और सच्चाई से सादा अल्फाज में वो अपना मुद्दआ बयान कर जाते हैं जो उनकी शेर की समझ की बहुत खूबसूरत नजीर है।

जब आदमी किसी मैदान में नया होता है और पहली बार किसी महफि ल में शामिल होता है और बिल-खुसूस जब वो महफि ल हुस्न वालों यानी अहल-ए-नजर की हो तो कितनी शर्म आती है अपनी कम-इल्मी पर कि मैं कुछ भी नहीं जानता और यहाँ तो सब नजर रखते हैं, तब वो आहिस्ता-आहिस्ता, जीना दर जीना, अल्फाज को तोल-तोल कर, झिझकते हुए कलाम करता है लेकिन आखिरकार उस कैफ-ओ-सुरूर का लुत्फ उठा ही लेता है जिसे हुस्न वालों ने आगही की मय से ताबीर किया है। क्या अंदाज है, क्या तर्ज-ए-बयान है साहब!

आपका शेर ---
ज़िंदगी जीने का अलग दस्तूर है मेरा
निभाए सब से रिश्ते यही कुसूर है मेरा
जफाओं के बदले में वफाऐं की हैं मैंने
खुदगर्ज. समझते हैं यही कुसूर है मेरा
और आप फरमाते हैं
अपनों से कभी मैं खफा नहीं होता
लाख करें दुखी मैं बेवफा नहीं होता

ये भी उसी कबील का शेर है जो हिंदुस्तानी कल्चर की मिसाल अपने आप में है। यानी हम उन तमाम कदरों को निभाएँगे जिन्हें हमारे बड़ों ने हम तक मुंतकि ल किया था, कि अपने अगर आपके साथ अच्छा सुलूक न भी करें, मुसलसल आपके जी को चोट पहुँचाएँ, चूंकि वो अपने हैं तो उनसे बेजार होने का तो कोई सवाल ही नहीं पैदा होता बल्कि मैं साथ ही रहूँगा और वो भी इस तौर कि उनके दुःखी करने पर यक्साँ बर्ताव भी नहीं करूँगा। उनकी पहली किताब 'हिदायतें' के नाम से शाए हुई थी। इस नाम से ही जाहिर होता है कि राकेश सूद आने वाली नस्लों और भारतवासियों के लिए कोई पैगाम दे रहे हैं। उनकी इस दूसरी किताब डायमण्ड बुक्स द्वारा प्रकाशित बुक "हसरतें" है। मैं जब दुनिया और उसके भेदों पर गौर करता हूँ तो समझ में आता है कि जब तक शायरी मौजूद है, नेक-दिल लोग आते रहेंगे, और जब तक नेक-दिल लोग आते रहेंगे तब तक दुनिया की सुंदरता बरकरार रहेगी। राकेश सूद भी इसी सूची में आते हैं। उनकी शायरी पढ़ जाइये, मोहब्बत और हमदर्दी के अलावा दूसरा कोई संकेत नहीं मिलता। इस मोहब्बत के अनेक रंग उनकी शायरी में फूटते हैं, कहीं देश प्रेम, कहीं सारी दुनिया के इंसान, कहीं महबूब से वस्ल की शदीद इच्छा। ये सारे जज्बात राकेश सूद को अंदर से बहुत मासूम बनाते हैं और यही उनकी शायरी की ताकत है।




श्री राकेश सूद की पुस्तक ह्यहसरतेंह्न एक मौलिक, अनूठा व महान प्रयास है। इसका मूल-सार, समस्त- सामग्री व रूप-सज्जा जन साधारण और जन-मानस के प्रश्नों से जूझ रहा है। हमारे प्यारे मुल्क हिंदुस्तान की मौजूदा सूरत-ए-हाल देख कर शायर का जी कुढ़ता है और वो सामाजिक अफरा-तफरी पर प्रगतिवादी और शायराना चोट करते हैं। ये तो उनकी रचनात्मक हुनरमंदी की बातें हुई

डायमण्ड बुक्स के चेयरमैन नरेंद्र कुमार वर्मा का कहना है की राकेश सूद रश्क न केवल एक उम्दा शायर हैं। हम 50 वर्षों से उनकी शायरी के प्यासे हैं। जब किसी महफिल में मिलते हैं तो उनसे एक-दो शेर सुनकर दिल खुश हो जाता है। मुशायरों में उनकी वाह वाह सुनाई देती है और शायरी को दोबारा सुनना चाहते हैं। उनकी शायरी का एतराम करते हैं। उम्मीद करता हूँ कि राकेश सूद अपना पैगाम देने में कामयाब रहेंगे।

चाहे जितने भी वादे करने हैं कर ले मेरे सनम चेहरे के तेरे हाव-भाव कुछ और बयाँ करते हैं।

**-उमेश कुमार सिंह**

# पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह ने किया एक्स-रे सेंटर का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह ने राणा एक्स-रे सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ कई लोग मौजूद रहें। बुधवार को कस्बे के गंगेरू मार्ग पर राणा एक्स-रे सेंटर का उद्घाटन किया गया।

जिसका शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने एक्स-रे सेंटर पर आधुनिक मशीनों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गंगेरू मार्ग पर राणा एक्स-रे सेंटर पर जिस तरह की डिजिटल मशीन आई है उस से नगर एवं क्षेत्र के मरीजों को लाभ मिलेगा। इस दौरान डॉक्टर नितिन कुमार के द्वारा बताया गया कि उनके सेंटर पर 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी और गरीब लोगों के लिए विशेष छूट प्रदान की जाएगी। इस मौके पर मतलूब चैयरमेन, चमन प्रधान, ईश्वर दयाल कंसल, रणवीर सिंह प्रधान, खुर्शीद प्रधान, जुनैद प्रधान, मुबारीक जंग, उमर नवाज प्रधान, हाजी अनीस, बबला प्रधान, डॉक्टर सुवाक्षी सैनी,सहित आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# विनायक विद्यापीठ के सदस्यों ने पौधारोपण कर ली उनकी देखभाल की जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए गए अभियान "एक पेड़ मां के नाम" के अंतर्गत मंगलवार को विनायक विद्यापीठ में पौधारोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर उपस्थित रहे और पौधारोपण की शुरूआत की उन्होंने संस्थान के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य को एक पौधा अपनी माता के नाम से अवश्य रोपित कर उसकी देखभाल करनी चाहिए, उन्होंने कहा अगर हमने पौधारोपण में सहभागिता नहीं की तो भविष्य में पृथ्वी पर जीवन की कल्पना करना बेहद मुश्किल होगा।

इस दौरान संस्थान में आम, शीशम, जामुन, नीम, पीपल आदि के करीब 100 पेड लगाए गए। संस्थान की प्राचार्या डॉ.अनुप्रीता शर्मा ने संस्थान के सभी सदस्यों को पौधारोपण कर उनकी देखभाल करने के लिए शपथ दिलाई और कहा कि दिन-ब-दिन तापमान बढ़ता जा रहा है. इसका एकमात्र उपाय है पौधारोपण करना क्योंकि पौधों की संख्या जितनी ज्यादा बढ़ेगी भविष्य में लोगों को उतनी ही गर्मी से राहत मिलेगी।इस दौरान संस्थान के निदेशक इंजीनियर विकास कुमार सभी विभाग अध्यक्ष एवं फैकल्टी मेंबर्स मौजूद रहे।

# सावन के रंग में दिखे बाजार! कांवड़ियों को भा रही भोलेबाबा वाली खास टी शर्ट,जमकर कर रहें खरीदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** सावन माह की शुरूआत हो चुकी है। ऐसे में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ में ज्यादातर बाजार भोले बाबा के रंग में नजर आ रहे हैं। यहां भोले बाबा से संबंधित कई प्रकार के नाम लिखी हुई टी-शर्ट, शर्ट, कैप, भगवा ध्वज समेत विभिन्न प्रकार के ऐसे सामान देखने को मिलेंगे जो कांवड़ियों को काफी पसंद आ रहे हैं। इन्हें बड़ी संख्या में भोले भक्त कांवड़िए खरीदते हुए भी दिखाई दे रहे हैं।व्यापारी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि सावन को देखते हुए अबकी बार बाजार में खास प्रकार का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। खास तौर पर महाकाल, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ मंदिर से संबंधित शर्ट का. इनकी डिमांड काफी ज्यादा है। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ मोबाइल, कवर, रेनकोट एवं विभिन्न प्रकार की बैग, टी-शर्ट, चश्मा मौजूद है। इसकी खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में भोले भक्त आ रहे हैं। भूपेंद्र कुमार ने बताया कि बाजार में 100 रुपये से लेकर 300 रुपये की शर्ट उपलब्ध है। इसके साथ-साथ उन्होंने बताया कि चश्मे की कीमत भी 100 रुपए से स्टार्ट है।

वह कहते हैं कि मार्केट में पहली बार मोबाइल के काफी अच्छे आए हैं, जिनकी कीमत भी काफी कम है। इस कवर से कांवड़ियों के फोन बारिश से सुरक्षित रहेंगे। खरीदारी करने आए एक भोले भक्त अजय ने भी टी-शर्ट खरीदते हुए बताया कि 12 लोगों को उनका ग्रुप है। वह सभी हरिद्वार से जल लेने जाएंगे.

बता दें कि सावन में हर साल मेरठ के सभी मार्ग भोले भक्त कांवड़ियों के रंग में ही नजर आते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पर बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए अपने गंतव्य तक रवाना होते हैं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कमिश्नर से मिले भाकियू कार्यकर्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ताओ ने किसानों की समस्याओं को लेकर कमिश्नर सेल्वा कुमारी को ज्ञापन सौंपा और जल्द समाधान की मांग की। निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में किसान और कार्यकर्ता किसान दिवस में पहुंचे किसान दिवस मुख्य विकास अधिकारी को अध्यक्षता में आयोजित हुआ सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। पिछली समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमे 122 समस्याओं में से 90 समस्याओं का निस्तारण हो गया बाकी समस्याओं को रिपीट में लिख लिया गया। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने अपनी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन उन्हें सौंपते हुए अधिकारियो से अबकी बार समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की। इस दौरान प्रमुख समस्या आवारा पशु, गन्ना भुगतान, कोल ग्राम के सामने शमशान घाट हेतु रास्ता,न्गंलाताशी डिवाइडर रोड निर्माण,स्मार्ट मीटर आदि समस्या रही।इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, नरेश मवाना, सत्यवीर सिंह,विनेश छुर, हर्ष चहल, देशपाल, प्रिंस, अनूप, कपिल,जज सिंह, बंटी, सतेंद्र तालियां, ,वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने किया थाने का औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने देर रात




थाने का पहुंचकर औचक निरीक्षण किया पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण से थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया, और सभी पुलिसकर्मी मुस्तैद नजर आए,पुलिस अधीक्षक ने थाने का निरीक्षण कर अपने काफिले के साथ वापस लौट गए तब जाकर पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम मंगलवार की देर रात अपने काफिले के साथ थाने का निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। थाने का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे पुलिस अधीक्षक को देखकर थाने पर तैनात पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने अपने निरीक्षण में थाने के कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मैस खाना, कंप्यूटर कक्ष, फाइलों के रखरखाव,सहित आदि स्थानों का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम ने थाना अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाने पर आने वाले सभी फरियादियों की समस्या का निस्तारण शीघ्र से शीघ्र किया जाए।

थाने पर सभी व्यवस्था दुरुस्त मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना अध्यक्ष की प्रशंसा करते हुए उनकी पीठ थपथपाई, निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक अपने काफिले के साथ वापस लौट गए। तब जाकर पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

# शोभित विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया विश्वविद्यालय दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीपुरम (जावेद अब्बासी)।** शोभित विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय दिवस बड़े ही



धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन से हुई। जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारीगण और छात्र उपस्थित रहे। शोभित विश्वविद्यालय, हमारे युवाओं की क्षमता को वास्तविकता में बदलने के लिए हमारे गतिशील अध्यक्ष, डॉ. शोभित कुमार जी के दृढ़ संकल्प, समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हर साल हम उनके जन्मदिवस को विश्वविद्यालय दिवस के रूप में मनाते हैं।विश्वविद्यालय दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जिसमें शिक्षकों और छात्रों ने रैंप वॉक, सिंगिंग और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### घरेलू विवाद में युवती ने किया घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी एक युवती ने घरेलू विवाद में घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया परिजनों ने आनंन-फानन में नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ मेडिकल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी एक युवती ने बुधवार को घरेलू विवाद के चलते घर में रखी खेतों में गिराने वाली कीटनाशक दवाई का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। कीटनाशक दवाई के सेवन से युवती की हालत बिगड़ गई, हालत बिगड़ने पर परिजनों ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस एवं 108 एंबुलेंस से की। सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस ने परिजनों की मदद से युवती को आनन-फानन में उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए युवती को मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक युवती की हालत गंभीर बनी हुई थी,और परिजन लेकर मेरठ अस्पताल के लिए रवाना हो गए थे।

### महिला ने पड़ोसी व्यक्ति पर बुरी नीयत से दबोचने का लगाया आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हुरमुजपुर में पड़ोसी व्यक्ति ने गली से जा रही एक महिला को बुरी नीयत से अपने घर में खींच लिया, और उसके साथ छेड़छाड़ की हरकत की, महिला ने परिजनों संग थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कार्यवाही का आश्वासन ने दिया है। थाना क्षेत्र के गांव हुरमुजपुर निवासी एक महिला ने मंगलवार की देर रात अपने परिजनों के संग थाने पहुंच कर बताया कि वह अपने घर से खाना लेकर अपने घेर में अपने ससुर को देने के लिए जा रही थी। पीड़िता का आरोप है कि अकेली देखकर पड़ोसी व्यक्ति ने महिला को अपने घर में खींच लिया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। महिला का आरोप हैं, कि जब उसने शोर मचाया तो उसके परिजन मौके पर आ गए परिजनों को देखकर आरोपी फरार हो गया। महिला ने आरोपी पड़ोसी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### 19 राउंड फायर करने वाली पिस्टल से हो सकती थी कई हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** बदमाश जिस ग्राम प्रधान राजपाल की हत्या करने के इरादे से आए थे। उस ग्राम प्रधान के साथ गाड़ी में लगभग चार से पांच लोग हमेशा साथ रहते हैं। अगर बदमाश इस पिस्टल से ग्राम प्रधान पर फायर करते तो हो सकता था कि एक साथ चार से पांच लोगों की हत्या हो जाती। पुलिस ने ग्राम प्रधान हत्या होने पूर्व ही हत्या की वारदात को अंजाम देने आए बदमाशों को दबोच लिया। ग्राम प्रधान राजपाल सिंह अपनी ग्राम पंचायत में विकास कार्य को लेकर सम्मानित भी किया जा चुका है। और लगातार तीन योजना से ग्राम प्रधान के पद पर बने हुए हैं।

### घंटों की पूछताछ के बाद भी नहीं टूटे बदमाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** ग्राम प्रधान की हत्या करने आए आधा दर्जन बदमाश अलग-अलग स्थान से निवास करते हैं। पकड़े गए बदमाशों के पास से विदेशी पिस्टल की जानकारी करने के लिए सहारनपुर से आई एटीएस की टीम ने घंटों पूछताछ की मगर पूछताछ करने के बाद भी पुलिस व एटीएस टीम बदमाशों से सच नहीं उगलवा सकी। पुलिस बदमाशों को जेल भेज कर उनके अन्य अपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग से तो नहीं जुड़े बदमाशों के तार

कांधला। पंजाबी गायक सिद्धू मूसा वाला की हत्या लॉरेंस बिश्नोई गैंग के द्वारा की गई थी। जिस पिस्टल को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के द्वारा हत्या में इस्तेमाल किया गया था वहीं सेम पिस्टल पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से बरामद हुई है। जिस तरह से पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से सेम पिस्टल बरामद हुई है कहीं इन पकड़े गए बदमाशों के तार लॉरेंस बिश्नोई गैंग से तो नहीं जुड़े। इसी जानकारी को लेकर बदमाशों से एटीएस व पुलिस ने घंटो पूछताछ की। खुफिया विभाग ने भी मामले की जानकारी लखनऊ मुख्यालय की जानकारी में जुटी है भेज दी है।

# अलग-अलग स्थानों से युवती फरार,पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से दो युवती घर से गायब हो गई, परिजनों ने थाने पहुंचकर भगाने वाले आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव चढ़ाव निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

खोजबीन करने के बाद भी कहीं सुराग नहीं लगा। पीड़ित व्यक्ति ने गांव भारसी निवासी जितेंद्र, दीपक, विकास के विरुद्ध अपनी पुत्री को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। दुसरी और गांव सुन्ना निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि गत 17 जुलाई को उसकी पुत्री को पड़ोस के एक व्यक्ति की पुत्री अपने घर सिलाई का कार्य सीखने के लिए लें गई थी।

आरोप हैं कि जब शाम तक भी उसकी पुत्री घर नहीं लौटी तो उन्होंने खोजबीन की। खोजबीन करने के बाद जानकारी मिली कि उसकी पुत्री को गांव के ही इसरार व मुनव्वर अपने साथ भगा कर ले गए। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए फरार युवती एवं आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा का कहना हैं कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्दी आरोपी युवक व युवतियों को बरामद कर लिया जाएगा।

# अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट,महिला सहित चार घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई दोनों स्थानों पर हुई मारपीट में एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने मारपीट के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव खेडा कुर्तान निवासी कृष्णापाल ने बताया कि उसने गांव में सीमेंट की दुकान कर रखी है। गांव का व्यक्ति अजय उससे उधर सीमेंट ले गया था। पीड़ित का आरोप है कि मंगलवार की देर




शाम पीड़ित की पत्नी मोनिका ने जब अपने उदारी के रुपये मांगे तो आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उस पर लाठी डंडों से हमला कर मारपीट करते हुए घायल कर दिया। जब उसका भाई रामकिशन छुड़ाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।दूसरी और कस्बे के मोहल्ला माजरा के निकट मामूली कासुनी के बाद नदीम और तस्लीम में मारपीट हो गई, मारपीट में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

**सफर महंगा** मेरठ में रोडवेज बसों का सफर महंगा हुआ, कांवड़ में महंगा हो गया रोडवेज बसों का सफर

# कांवड़ यात्रा के चलते बढ़ा किराया, दिल्ली के लिए 6, लखनऊ के लिए 47 रुपए अधिक देने होंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** कांवड़ यात्रा की वजह से बसों को लंबे रूट से जाना पड़ रहा है जिसकी वजह से किराए में इजाफा किया गया है। लखनऊ जाने वाली बस के वाया बिजनौर जाने पर किराया 47 और वाया बुलंदशहर 89 रुपये अधिक देने पड़ेंगे। कांवडियों की संख्या बढ़ते ही भैंसाली बस डिपो को बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में जल्द ही बसों का संचालन सोहराब गेट डिपो से शुरू होगा। अब यात्रियों को दिल्ली के लिए 6, लखनऊ के लिए 47 रुपये अधिक देने होंगे।

**वाया बिजनौर और वाया बुलंदशहर, सामान्य रूप से लखनऊ जाने वाली बस 484 किलोमीटर चलती है और किराया 725 रुपये है**

वहीं कांवड़ यात्रा के कारण जल्द ही रोडवेज बसों का रूट डायवर्ट किया जाएगा। बरेली-लखनऊ जाने वाली बसें बिजनौर-बुलंदशहर से गुजरेंगी।कांवड़ यात्रा के दौरान रोडवेज बसों का संचालन परिवर्तित रूट से होगा। दूरी बढ़ने के कारण यात्रियों को अधिक किराया देना होगा। कांवड़ियों की संख्या बढ़ते ही भैंसाली बस डिपो को बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में जल्द ही बसों का संचालन सोहराब गेट डिपो से शुरू होगा। दिल्ली, हरिद्वार और लखनऊ रूट की बसें सोहराब गेट से ही मिलेंगी। हरिद्वार जाने वाली बसें बिजनौर और नजीबाबाद होते हुए जाएंगी। ऐसे में दूरी 155 से बढ़कर



181 किमी हो जाएगी। इसलिए किराये में सात रुपये की वृद्धि होगी। दिल्ली, नोएडा जाने वाली बसें वाया किठौर और हापुड़ होते हुए जाएंगी। किराये में क्रमशः छह और आठ रुपये की वृद्धि होगी। लखनऊ और गोरखपुर जाने वाली बसों के लिए दो रूट निर्धारित किए गए हैं। वाया बिजनौर और वाया बुलंदशहर। सामान्य रूप से लखनऊ जाने वाली बस 484 किलोमीटर चलती है और किराया 725 रुपये है। वाया बिजनौर जाने पर किराया 47 और वाया बुलंदशहर 89 रुपये अधिक देने पड़ेंगे। केंद्र प्रभारी आसिफ ने बताया कि कांवड़ यात्रियों के लिए सोहराब गेट से वर्तमान में हरिद्वार के लिए बसें संचालित की जा रही हैं। रूट डायवर्जन के दौरान बस अड्डे से छह सौ से अधिक बसों का संचालन होगा।

# संयुक्त मोर्चा मनाएगा 25 जुलाई काला दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** शिक्षामित्र शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने बताया कि संगठन के द्वारा निर्णय लिया गया है कि 25 जुलाई को संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में शिक्षामित्र काला दिवस के रूप में मनाएंगे।

काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे25 जुलाई 2017 को हमारा समायोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निरस्त किया गया था तब से आज तकशिक्षामित्र 10हजार में अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है जो की महंगाई को देखते हुए बहुत ही कठिन है सरकार द्वारा 2017 से आज तक शिक्षामित्र मानदेय में कोई भी बढ़ोतरी नहीं की गई है। जबकि लगातार संगठनों द्वारा सरकार से मांग की गई है इस बीच हमारे बहुत से साथी इस संसार से शिक्षामित्र समाज को छोड़कर मृत्यु को प्राप्त हो गए हैं उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा



अधिकारी कार्यालय बहजोई पर एकत्र होकर25 जुलाई को दोपहर 3 बजे भगवंतपुर वाली देवी के पार्क बड़ा मैदान निकट डीएम कार्यालय बहजोई में एक शोक सभा का आयोजन किया जाएगा और इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी संभल के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा संगठन की अपील है कि सभी शिक्षामित्र भाई-बहन कल जिला मुख्यालय बहजोई पर अवश्य पहुंचे तभी मृतक साथियों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित होगी।

अशोक कुमार यादव जिला अध्यक्ष शिक्षामित्र शिक्षक संघ ने बताया की सरकार कि हट धर्मिता के आगे शिक्षामित्र आत्महत्या करने पर मजबूर है शिक्षामित्र अब आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है यदि सरकार ने समय रहते हमारा सम्मान हमें वापस नहीं किया तो लखनऊ में बड़े जनआंदोलनके रूप में शिक्षामित्र समाज एकत्रित होकर आर पार की लड़ाई लड़ेगा जनपद के शिक्षामित्र साथियों से अपील है अपने हक की लड़ाई के लिए और अपने बीच जो साथी नहीं रहे उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 25 जुलाई को बड़ा मैदान डीएम कार्यालय बहजोई में पहुंचना सुनिश्चित करें।

अशोक कुमार यादव जिला अध्यक्ष शिक्षामित्र शिक्षक संघ जिला महामंत्री मोहित शर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीश शर्मा जिला कोषाध्यक्ष कुलदीप चौधरी, इफ्तेखार अली उपाध्यक्ष, सुनीता उपाध्यक्ष, मयंक शर्मा जिला प्रवक्ता, कल सिंह जिला मीडिया प्रभारी, हरीराज संगठन मंत्री, ज्योति शर्मा जिला सचिव, मिथिलेश तहसील प्रभारी संभल, लीना शर्मा तहसील प्रभारी चंदौसी, राजेंद्र सिंह यादव तहसील प्रभारी गन्नौर एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष ब्लाक कार्यकारिणी एवम समस्त सक्रिय साथी शिक्षामित्र शिक्षक संघ जनपद संभल।

# टल गया हादसा! अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय की छत का मलबा गिरा रात्रि में, लाखो का नुकसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई/संभल (दिनेश सक्सेना)।** बहजोई में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय की छत का मलबा अचानक रात्रि को भर भरा कर गिर गई। जिसके नीचे रखा फर्नीचर जिसमें कंप्यूटर, सीपीयू कुर्सी सहित लाखों रुपए का नुकसान हो गया। गनीमत रही कि यह हादसा दिन में नहीं हुआ अन्यथा बड़ा हादसा भी

- **समय रहते अगर करा दी जाती मरम्मत तो तब नहीं होता हादसा**
- **हादसे से सबक लेते हुए बाकी, कमजोर एवं जर्जर भवनों की करायी जाए मरम्मत**

हो सकता था। इस ऑफिस के बराबर ही अन्य कर्मचारियों के कार्यालयों की स्थिति भी जर्जर हालत मेंहै।


आपको बताते चलें बहजोई जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार व अन्य कर्मचारी सोमवार शाम को कार्यालय बंद कर-के गए थे। रात्रि को कार्यालय की छत का प्लास्टर छुटकर नीचे गिर गया। खाली ईंट और सरिया ही छत पर रह गई।

जब सुबह कर्मचारियों ने ऑफिस खोला तब जानकारी हुई। जिलाधिकारी कार्यालय में हुआ ये हादसा सोचने पर मजबूर करता है कि जब जिले के कार्यालयों का ये हाल है तब कहा ही क्या जा सकता है। यदि दिन में कार्यालय खुलने के दौरान छत गिरती तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। जबकि रात्रि में छत के गिरने से बड़ा हादसा टल गया `जिलाधिकारी कार्यालय के और भी ऑफिस मरम्मत मांग रहे है` अब देखना है कि अधिकारी इस हादसे से सबक लेते है या फिर एसे ही हवा में उड़ा देंगे।







# एक दिवसीय रोजगार मेले में 27 अभ्यर्थियों में से 12 का हुआ चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को नगर की बदायूं रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला सेवायोजन कार्यालय संभल द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर के नेतृत्व में मेला प्रभारी गौरव पूठिया द्वारा रोजगार मेले का संचालन किया गया। रोजगार मेले से पूर्व उपस्थित अभ्यर्थियों कि काउंसलिंग की गई। कैरीयर काउंसलिंग के माध्यम से उपस्थित अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित रोजगार संगम पोर्टल की जानकारी दी गई । उक्त मेले में पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड पंजाब की कंपनी ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में इंटरमीडिएट, स्नातक योग्यता के अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में कंपनी की प्रतिनिधि कुमारी शिवानी सिंह ने साक्षात्कार के माध्यम से 27 उपस्थित अभ्यर्थियों में से 12 अभ्यर्थियों का चयन किया । समस्त अभियार्थियों का सेवायोजन विभाग के पोर्टल rojgaarsa ngam. up.gov.in पर पंजीकरण कराया गया।



# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत रोजगार के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत बढ़ई, नाई, कुम्हार, सुनार, राजमिस्त्री व मोची आदि ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को निशुल्क किट दी जाएगी। अगर उन्हें अपने ट्रेड में रोजगार के लिए ऋण चाहिए तो विभिन्न सरकारी योजनाओं में आवेदन कर सकेंगे।

जिला उद्योग प्रोत्साहन व उद्यमिता विकास केंद्र के उद्योग उपायुक्त अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण व टूल किट दिए जाएंगे। इसके लिए युवा 26 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदनपत्र जमा कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण उन लोगों को दिया जाएगा, जिन आवेदनकर्ता या उसके परिवार के किसी सदस्य ने पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना में टूलकिट/ मानदेय का लाभ नहीं लिया होगा। इस बात का संबंधित व्यक्ति को नोटरी शपथ पत्र 40 रुपये के स्टांप पर देना होगा। साथ ही आवेदनकर्ता ने जिस संबंधित ट्रेड से जुड़े होने का प्रमाण पत्र प्रधान/वार्ड सदस्य से प्रमाणित होना चाहिए। अगर आवेदनकर्ता को कोई भी परेशानी है तो वह किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में संपर्क कर सकते हैं। आवेदक diupmsme.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

योजना की ये है पात्रता

-आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो
-बैंक पासबुक की छायाप्रति
-आधार कार्ड
-जाति प्रमाण पत्र (एससी, ओबीसी वर्ग के लिए)
-आयु प्रमाण पत्र
-आय प्रमाण पत्र
-शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र
-तकनीकी जानकारी रखने पर तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र
-आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए
-आवेदनकर्ता जिले का स्थाई निवासी होना चाहिए

# बारिश से मौसम हुआ सुहाना,नगर में हुआ जल भराव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को बारिश का मौसम शुरू होने पर कुछ दिन ही लगातार बारिश हुई थी। इसके बाद पिछले करीब पंद्रह दिन से बारिश की बूंद भी नहीं गिरी। जिससे मौसम में उमस बढ़ने से लोग हाल बेहाल हो गए। मंगलवार की रात 12 बजे के बाद बारिश हुई तो आधी रात तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। लेकिन बुधवार की सुबह धूप निकलने पर मौसम में उमस और बढ़ गई। जिससे लोग पसीना-पसीना हो गए। शाम पांच बजे के बाद आसमान में उमड़ घुमड़ कर बादल छा गए और करीब पौन घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इसके बाद बूंदाबांदी का सिलसिला चलता रहा। जिससे जनमानस ने उमस से राहत महसूस की। वहीं पौन घंटे की झमाझम बारिश से शहर जलमग्न हो गया। फव्वारा चौक से स्टेशन रोड, रामस्वरुप रोड, संभल गेट, एवन वाली गली, मोहल्ला कागजी आदि क्षेत्रों की सड़कों पर जलभराव हो गया। स्टेशन रोड पर घुटनों से ऊपर जलभराव होने से पैदल वालों को भी आवागमन में परेशानी हुई। वहीं दुपहिया व चौपहिया वाहनों चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। कई घंटे तक जलभराव रहा। वहीं बारिश होने पर लोगों के चेहरे खिले नजर आए। देर शाम तक बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा।



# बिजली नहीं होने पर उपभोक्ताओं ने जाग कर काटी रात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बीते मंगलवार की रात साढ़े ग्यारह बजे तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई थी। जिससे मौलागढ़ विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। जिससे पंचशील कॉलोनी, विकास नगर, गांव मौलागढ़, बहजोई रोड, आवास विकास, आंशिक शक्ति नगर, प्रेम नगर आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।

जिससे करीब 15 हजार लोगों की आबादी प्रभावित हो उठी। आपूर्ति ठप होने पर लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल हो उठे और लोग विद्युत आपूर्ति आने का इंतजार करने वाई लगे। जब विद्युत विभाग से जानकारी की गई तो बताया गया कि उपकेंद्र से जुड़ी हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है।

रात दो बजे बिजली आई और दो मिनट के बाद तुरंत चली गई। जिससे भीषण गर्मी में लोगों ने रात जाग कर काटी। बुधवार की सुबह बिजली गुल होने से पेयजलापूर्ति का संकट गहरा गया। लोगों को नियमित कार्य के लिए पानी नहीं मिल रहा। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा। इसके बाद सुबह आठ बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू होने पर लोगों ने राहत महसूस की।



# अभद्रता करने पर भारतीय किसान यूनियन शंकर संगठन के पदाधिकारी को किया बर्खास्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** भारतीय किसान यूनियन शंकर के संगठन में संभल के कुछ पदाधिकारी राजनीति कर संगठन को बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे जिसमें भारतीय किसानों शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह वह मंडल अध्यक्ष नवलवीर किशोर सिंह ने संगठन के बातचीत करके तत्काल रूप से संगठन से निष्कारित कर दिया है। युवा जिला अध्यक्ष कामेन्दर सिंह निवासी चमरौआ युवा जिला उपाध्यक्ष जसवंत उर्फ मिंकु सिंह निवासी सिहपुर साहनी कुलदीप शर्मा चमरौआ इन सभी पदाधिकारी ने संगठन की मान मयार्दा को ठेस पहुंचाते हुए संगठन के प्रति अपनी निष्ठा में ईमानदारी से कार्य नहीं किया और संगठन के मुख्य पदाधिकारी के साथ अभद्रता से पेश आए और संगठन के सभी पदाधिकारी ने निष्पक्षता से जांच करते हुए और अधिकारियों से अभद्रता करते हुए काफी दिनों से संगठन के प्रति इनकी शिकायतें आ रही थी और अपने पद का गलत इस्तेमाल कर रहे थे संगठन में जुड़े कार्यकताओं में पदाधिकारी से भेदभाव करते थे। कार्यकताओं से अभद्रता से पेश आते थे संगठन ने गंभीरता से लेते हुए इन्हें संगठन से बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया और संभल जिले में सभी अधिकारियों को सूचित कर दिया है। इनके द्वारा कोई भी संगठन के प्रति अगर अपने आप को बताता है। कि हम भारतीय किसान यूनियन शंकर संगठन से हैं। तुरंत संगठन को सूचित करें और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी इनकी अभद्रता को लेकर पूरे संभल जिले भर में उच्च अधिकारियों को नोटिस भेज दिया गया है। दिनांक 23/7/2024 संगठन से बर्खास्त किया जाता है। सूत्रों के माने तो संगठन के प्रति कुछ गरीब किसानों से इन्होंने पैसे कमाने का काम भी किया है। संभल जिले के अंदर किसानों से लेकर अधिकारी तक इनकी निमार्ता की भाषा से परेशान थे इसलिए इनकी प्रति संगठन ने कठोर कदम उठाते हुए संगठन से बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया है।

# दबंगो के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर एसपी से लगाई गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मण गंज पजाया अब्दुल कलाम स्कूल के पीछे महिला व उसका परिवार दबंगों से परेशान है। आरोप है कि दो भाई बेवजह महिला के घर में झाक सीटियां बजाते हैं और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हैं। उक्त लोग हाथों में नाजायज हथियार लेकर आते हैं। पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

अब महिला ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। मोहल्ला लक्ष्मणगंज पजाया निवासी महिला मुन्नी पत्नी शाकिर ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पति दिल्ली में रहकर मजदूरी का कार्य करते हैं। घर पर वह अपनी छह पुत्री व दो पुत्रों के साथ रहती है। परिवार का खर्चा चलाने को वह भी मजदूरी का कार्य करती है। 21 जुलाई की शाम चार बजे महिला अपने काम पर गई थी। घर पर उसका एक पुत्र व पुत्रियां थी। तभी आरोपी अपने भाई के साथ महिला के घर आ गया और हाथ में तमंचा लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब महिला की पुत्रियों ने विरोध किया तो आरोपी घर में पत्थर फेंकने के साथ जान से मारने की धमती देने लगा। जिससे घर में मौजूद महिला की पुत्रियां व पुत्र काफी घबरा गए।

शाम को महिला घर पहुंची तो घटना की जानकारी दी। महिला अपनी फरियाद लेकर कोतवाली पहुंची, मगर पुलिस ने महिला की कोई मदद नहीं की। आरोपी व उसके भाई से महिला का परिवार काफी डरा हुआ है। कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने शिकायती पत्र देकर एसपी से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# फर्जी कागजों से पासपोर्ट बनाने वाला ट्रेवल एजेंट गिरफ्तार, 40 पासपोर्ट बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** थाना कोतवाली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। फर्जी कागजों से पासपोर्ट बनाने वाले ट्रैवल एजेंट एसएस साबरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 40 पासपोर्ट बरामद हुए हैं। पुलिस पूछताछ में जुटी है।

फर्जी दस्तावजों से पासपोर्ट बनाने काम धड़ल्ले से चल रहा था। इस दौरान आर्मी इंटेलिजेंस बरेली की सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारा तो 40 पासपोर्ट आरोपी के पास से पाए गए। ट्रैवल एजेंट एसएस साबरी को पूछताछ के लिए पुलिस कोतवाली ले आई।

वहीं इस मामले में सीओ सिटी प्रथम पंकज श्रीवास्तव का कहना है कि आरोपी के पास से 40 पास्टपोर्ट और कुछ दस्तावेज मिले हैं। अभी उन सभी की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई होगी। आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त में है।



**कागजातों से करता था छेड़छाड़**

पुलिस का कहना है कि अभी कोई भी पासपोर्ट फर्जी नहीं मिला है। आरोपी पासपोर्ट बनाने के लिए जो कागजातों का इस्तेमाल होता था उनमें एडिट करके ठीक कर देता था। आधार कार्ड, राशनकार्ड आदि एडिट करके उसे मजबूत करता था, जिससे पासपोर्ट आसानी से बन सके।

**भागवत कथा** | **कहते हैं हरि अनंत, हरि कथा अनंता**

# श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को नगर के श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर मे श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया जहां श्री राम कथा के प्रथम दिन ऋषिकेश से पधारे परम पूज्य संत अयोध्या दास रामयणी ने अपने मुख से श्री राम कथा का सुन्दर वर्णन किया कहते हैं हरि अनंत, हरि कथा अनंता। सबसे पहले श्रीराम की कथा हनुमानजी ने लिखी थी फिर महर्षि वाल्मीकि ने। वाल्मीकि राम के ही काल के ऋषि थे। उन्होंने राम और उनके जीवन को देखा था। वे ही अच्छी तरह जानते थे कि राम क्या और कौन हैं? लेकिन जब सवाल लिखने का आया, तब नारद मुनि ने उनकी सहायता की। कहते हैं कि राम के काल में देवता धरती पर आया-जाया करते थे और वे धरती पर ही हिमालय के उत्तर में रहते थे।

रामायण के बाद राम से जुड़ी हजारों कथाएं प्रचलन में आईं और सभी में राम की कथा में थोड़े-बहुत रद्दोबदल के साथ ही कुछ रामायणों में ऐसे भी प्रसंग मिलते हैं जिनका उल्लेख वाल्मीकि रामायण में नहीं मिलता है।

कथा के दौरान सतीश अरोरा, अशोक शर्मा, तिलक राज अरोरा, चरनजीत लाल आहूजा शम्भूनाथ अरोरा, विपिन अग्रवाल सुमन सपड़ा, पूनम अरोरा, सुधा त्रिपाठी, प्रियंका आहूजा, मोना बजाज, मधु सबबरबाल आकाश आहूजा राजू कालड़ा विनोद सबरबाल काफी भक्त मौजूद रहे।



# रैली निकालकर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को अभ्यर्थियों ने भर्ती परीक्षा को लेकर उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौपा हैं जहां ज्ञापन में कहा है कि उत्तर प्रदेश में सभी आयोगों, बोर्डों द्वारा शॉट हैंड, टाइपिंग से होने वाली भर्थियों कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्टेनो, क्लर्क पदों पर स्किल टेस्ट पहले व लिखित परीक्षा बाद में कराई जाए। क्योंकि इन पदों पर कुछ ऐसे अभ्यर्थी भी फार्म भर देते हैं, जिनको शॉर्ट हैंड, टाइपिंग आती भी नहीं है। जिस कारण वह स्किल टेस्ट में सफल नहीं हो पाते हैं। जिससे पद खाली चले जाते हैं। बताया गया कि



कई राज्यों में शॉर्ट हैंड, टाइपिंग से जुड़े पदों पर लिखित परीक्षा लेते ही नहीं हैं और स्किल टेस्ट पर ही उन पदों का चयन स्वच्छ व कम समय में पूर्ण होता है। लिखित परीक्षा में खामियों की वजह से भर्ती में विलंब होता है। जिससे अभ्यर्थियों की आयु निकल जाती है।

जिससे शॉर्ट हैंड व टाइपिंग स्किल टेस्ट की तैयारी कर रहे योग्य अभ्यर्थी चयनित होने से रह जाते हैं। बुधवार को युवाओं रैली निकालकर अपना विरोध जताया और तहसील जाकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

# मासूम से छेड़खानी के मामले में दोषी को सात साल की सजा, ब्लूमिंग डेल स्कूल का मामला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** मासूम छात्रा से छेड़खानी के आठ वर्ष पुराने मामले में दोषी स्वीपर को सात साल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उस पर 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। बदायूं के विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने ब्लूमिंग डेल स्कूल में हुई बालिका से छेड़खानी और अश्लील हरकतें करने के आठ वर्ष पुराने मामले में दोषी को सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है।

कोतवाली में 6 दिसंबर 2016 को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि उसकी पांच वर्षीय बेटी ब्लूमिंग डेल स्कूल में पढ़ती है। बेटी ने 2 दिसंबर 2016 को विद्यालय से लौटकर बताया था कि जब वह बाथरूम जाती है तब विद्यालय का स्वीपर रमेश पीछे-पीछे बाथरूम तक आता है। उसके साथ अश्लील हरकत करता है। यह बात किसी को बताने के लिए मना करता है। बताने पर बाथरूम में बंद करने व जान से मारने की धमकी देता है।

महिला ने इस घटना से स्कूल प्रशासन को अवगत कराया था तब प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज चेक करने के बाद घटना की सत्यता साबित होने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इसके बाद स्कूल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर महिला ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। साक्ष्यों का संकलन करने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। न्यायाधीश ने पत्रावली व साक्ष्यों का अवलोकन कर विशेष लोक अभियोजक व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद दोषी को सजा सुनाई।

**कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी**

सजा के आदेश में स्कूल प्रबंधन पर भी टिप्पणी की गई है। न्यायाधीश दीपक यादव ने निर्णय में कहा है कि पांच वर्षीय बालिका संपूर्ण घटनाक्रम में सदमे से गुजरी है। शायद जीवनभर वह इस सदमे से अपने आपको निकाल नहीं सकेगी। विद्यालय प्रबंधन तंत्र, जिसका प्रथम दायित्व आने वाले बच्चों की सुरक्षा करना होता है, उसने भी दायित्वों से पल्ला झाड़ लिया और सीसीटीवी होने के बावजूद न तो अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई की और न ही सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराई।

# संजय कुमार तोमर बने थाना प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा ने पुलिस



व्यवस्था में सुधार करने के लिए जनपद में कुछ फेरबदल किया है इसी के चलते संजय कुमार तोमर को नजीबाबाद का थाना प्रभारी बनाया गया है जबकि व्यवहार कुशल संजय कुमार तोमर पूर्व में नजीबाबाद मैं उपनिरीक्षक पद पर तैनात रह चुके हैं।

# सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री व चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं मातृ व शिशु कल्याण के कैबिनेट मंत्री श्री ब्रजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक को पौधा भेंट कर व स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय की परिचय पुस्तिका देकर विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश का विकास जनता के उत्तम स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सहित परिवार व मातृ तथा शिशु कल्याण पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कटिबद्धता से समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु कार्य कर रही है। इसी दिशा में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सर्वसुलभ बनाकर घर घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने माननीय उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक से संवाद करते हुए बताया कि शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के भाव के साथ स्थापित हुए स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा के दीपक स्वरूप कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय व विभाग में 200 से अधिक कोर्स संचालित हो रहे है। जिसमें मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, डेन्टल कॉलेज एवं अस्पताल, नर्सिंग, फामेर्सी,



पैरामेडिकल, नेचुरोपैथी, फिजियोथैरेपी सहित नॉन मेडिकल कोर्स जिसमें - इंजीनियरिंग, फाइन आर्ट, लॉ, मैनेजमेंट, बुद्धिस्ट स्टडीज, पत्रकारिता एवं जनसंचार, विज्ञान, शिक्षा व शारीरिक शिक्षा, योगा के संस्थान है, जो विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर रहे है।उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल 1500 बेड का अस्पताल है, जो विश्वस्तरीय आधुनिक सुविधाओं से युक्त चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही अस्पताल में सुभारती कैंसर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च सेन्टर भी स्थापित है, जिसमें कैंसर के रोगियों का आधुनिक मशीनों एवं एम्स के सेवानिवृत्त विशेषज्ञों द्वारा अनुसंधान कर उपचार एवं सर्जरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि डिजिटल पेट सीटी, टेस्ला एमआरआई मशीन, कार्डियक सीटी स्कैन, डिजिटल मैमोग्राफी आदि मशीनों द्वारा कैंसर के रोग को जल्दी पकड़ने के साथ बेहतर इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों में कुपोषण व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। नेचुरोपैथी कॉलेज द्वारा जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न बीमारियां मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक तनाव आदि के बारे में अनुसंधान कर-के प्राकृतिक चिकित्सा से उपचार किया जा रहा है। सुभारती अस्पताल द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में समय समय पर चिकित्सीय शिविर लगाए जाते है। इस सम्बन्ध में मेरठ जनपद के आसपास के क्षेत्र में छोटे छोटे अस्पताल भी स्थापित किए गये है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सीय सुविधा प्रदान कर रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न ग्रामों को गोद लेकर उनके विकास हेतु प्रतिबद्धता से कार्य किए जा रहे है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल स्थापित कर गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी अनम शेरवानी उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन टीम ने कम्प्यूटर आपरेटर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धामपुर।** एंटी करप्शन टीम ने विधुत विभाग के कम्प्यूटर आपरेटर को रिश्वत



लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया और पन्द्रह हजार रुपए निजी नलकूप लगवाने के नाम पर रिश्वत मांगी थी जबकि आपरेटर संविदा पर नौकरी कर रहा था और पकड़े जाने पर मामला प्रकाश में आया।

# ग्राम प्रधान की हत्या करने आए विदेशी पिस्टल के साथ बदमाशों की गैंग गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डून्डुखेड़ा के ग्राम प्रधान की हत्या करने के इरादे से आए आधा दर्जन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों से भारत में प्रतिबंधित पिस्टल सहित दो अवैध तमंचे ओर जिंदा कारतूस व एक कार बरामद की है। पकड़े गए बदमाशों से एटीएस देवबंद ने घंटों पूछताछ की। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव डून्डुखेड़ा निवासी ग्राम प्रधान राजपाल सिंह की तीन दिन पूर्व डून्डुखेड़ा के मजरा गढ़ी रामकौर निवासी सतपाल के साथ बहस हो गई थी, इसी रंजिश के चलते सतपाल के पुत्र लोकेश उर्फ.लोकी, अंकुश व सचिन ने ग्राम प्रधान पर फायर झोंक दिया था,और मौके से फरार हो गए थे। मामले में ग्राम प्रधान के द्वारा आरोपियों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा गंगेरू पुलिस चौकी प्रभारी विक्रम भाटी के साथ इस्सौपुर टील से गढ़ी रामकौर जाने वाले रजवाहे पर चेकिंग कर रह थे। इसी बीच पुलिस को एक सफेद रंग की कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार सवारों को रुकने का इशारा किया तो कार सवार गाड़ी को वापस मोड़ कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर कार सवारों को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से भारत में प्रतिबंधित तुर्की में निर्मित पिस्टल दस जिंदा कारतूस, दो अवैध तमंचे और चार जिंदा कारतूस ओर गाड़ी बरामद की है।? पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि ग्राम प्रधान राजपाल का सतपाल के पुत्र लोकेश के साथ विवाद हो गया था। लोकेश ने उन्हें ग्राम प्रधान राजपाल से बदला लेने के लिए बुलाया था। बदला लेने से पहले ही वह पुलिस के हत्थे चढ़ गए। बदमाशों से मिली भारत में प्रतिबंधित पिस्टल को लेकर एटीएस देवबंद की टीम ने भी पकड़े गए बदमाशों से घंटों पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम अनिल पुत्र जिले राम निवासी थाना सेक्टर 65 थाना गुरुग्राम हरियाणा, विक्की पुत्र सूरजभान निवासी जे ब्लॉक थाना विकासपुरी जनपद वेस्ट नई दिल्ली, विवेक उर्फ विक्की पुत्र वेदपाल निवासी बी 407 थाना गंगानगर जनपद मेरठ, सचिन पुत्र करतार सिंह निवासी ग्राम बलवंतपुरा थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर, अरुण कहराना पुत्र जितेंद्र कहराना निवासी ग्राम कमाला थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत व सूरज धामा उर्फ अमित पुत्र देवेंद्र निवासी ग्राम बेहटा हाजीपुर राजनगर थाना लोनी बॉर्डर जनपद गाजियाबाद बताया है। पुलिस बदमाशों को बुलाने वाले गांव गढ़ी रामकौर निवासी लोकेश, सचिन व अंकुश की तलाश कर रही है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत का जेल भेज दिया है।

# रोजे रखकर रावण और कांवड़ बनाते हैं मुस्लिम कारीगर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद (महताब खान चांद)।** नजीबाबाद जो कि एक ऐतिहासिक धार्मिक पौराणिक महत्व का गंगा जमुनी तहजीब का नगर है यहां सभी लोग हमेशा प्रेम सद्भाव सौहार्द के साथ मिलकर सभी त्यौहार मनाते आ रहे हैं और सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के धार्मिक समारोह आयोजन में शामिल होते हैं वहीं होली धार्मिक यात्राओं में भी शामिल होते हैं और वर्षों से शिव रात्रि में मुस्लिम सेवा शिविर आयोजित करते हुए रहने खाने चिकित्सा आदि के लिए दिन रात सेवा भाव से काम करते आ रहे हैं वहीं यहां से बहुत से ऐसे काम है जो दूर दराज तक मशहूर है और यहां के कारीगर पुरे रमजान रोजे रखकर शिव भक्तों के लिए कांवड़ तैयार करते हैं जो उत्तराखंड राज्य में दूर-दूर तक जाती है और पुरे साल गरीब मजदूर बांस से टोकरी आदि बनाकर कांवड़ तैयार करते हैं जो भोले बाबा की कांवड़ यात्रा की शोभा बनती है वहीं दशहरा पर्व पर असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रावण दहन के बड़े पुतले भी तैयार करते हैं जो आसपास क्षेत्रों के अलावा दूर दराज तक जातें हैं और इस काम को वह जहां अपनी रोजी रोटी कमाने का जरिया समझते हैं वहीं अपनी जिम्मेदारी भी समझते हैं क्योंकि नजीबाबाद के आसपास वन क्षेत्र अधिक है और बांस की मंडी भी है तथा भिंड पुला फूंस भी अधिक मात्रा में पैदावार होती है जो तंदूर की रोटी और अन्तिम संस्कार में अर्थी के काम आतीं हैं यह सभी काम वर्षों से नजीबाबाद के गरीब मजदूर करते आ रहे हैं और यह कार्य वह अपना नैतिक कर्तव्य मानकर करते आ रहे हैं यही कारण है कि आज एक बार फिर सावन मास की कांवड़ यात्रा के जगह जगह यह लोग कांवड़ और उसकी शोभा सामग्री बेचते हैं और इसी बीच कांवड़ियों की सेवा जल गुड़ आदि से करते आ रहे हैं धन व धर्म लाभ उठाते आ रहें हैं।



कांवड़ तैयार करते मुस्लिम कारीगर

पुष्प वर्षा करते मुस्लिम समाज

# राम लला के दर्शन को श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिशारतगंज । (सददाम खान)** शिवनगर चंपतपुर से अयोध्या धाम के लिए नगर से रामलला के दर्शन के लिए राम भक्त बसों से रवाना हुए। महंत विजय दक्ष जी ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए रवाना किया। जिले से 91 तीर्थ यात्री हुए रवानाः दरअसल, अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के दर्शन के लिए मंगलवार की साम को शिवनगर चंपतपुर ब सदरपुर गांव से 91 तीर्थ यात्री अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए. इन यात्रियों के लिए दो बसों के माध्यम से तीर्थ यात्रियों को दुर्ग तक भेजा गया. जिसमे सतीश, मुकेश,प्रेम कुमार, दुर्वेश,किशन,सूरज,रमन, मदन पाल, धीरु, करन, अमित, अवनीश, मोनू, हरीओम, फिर अयोध्या एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के माध्यम से आगे का सफर किया । महंत जी ने बताया मैं राम मंदिर के निर्माण के साथ करोड़ों लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभारी हूं। यह उनकी श्रद्धा, अस्मिता और भक्ति के लिए फलदायक होगा।



# श्री हंस इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चौथी वर्षगाठ मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पत्र द्वारा 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मनाए जाने की कड़ी में

## छात्र-छात्राओं ने टीएलएम कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाएं

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चौथी वर्षगाठ मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षा में परिवर्तनकारी सुधारो के अंतर्गत 22 जुलाई को श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में छात्र-छात्राओं ने टीएलएम कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाएं। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने मन की कल्पनाओं से सुंदर-सुंदर पोस्टरों का निर्माण किया तथा अपने पोस्टर के द्वारा समझाया कि हम स्वस्थ किस प्रकार से रह सकते हैं। तथा किस प्रकार हम मलेरिया से बच सकते हैं। तथा स्वच्छ भारत मिशन को हम किस प्रकार सफल बना सकते हैं। तथा हम किस प्रकार भूगर्भ जल को बचाकर जल स्तर बढ़ा सकते हैं। आदि विभिन्न विषयों पर रंगों व तूलिका के माध्यम से अपने-अपने विचारों व कल्पनाओं को चित्रित किया है। टीएलएम पोस्टर प्रतियोगिता कला अध्यापक व एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार के निर्देशन में कराई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया तथा बताया कि हमें प्रत्येक सामाजिक बुराई को दूर कर समाज को हरा भरा वह स्वच्छ बनाना है। तभी हम एक अच्छे वातावरण में रहकर जीवन यापन कर सकते हैं। तथा राष्ट्र को विकसित करने में अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं। टीएलएम प्रतियोगिता में आशुतोष ने प्रथम स्थान, मन्तशा ने द्वितीय स्थान, आदर्श ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, डॉक्टर अमित कुमार, कल्पना आनंद, रविंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, राजकुमार, सुनील कुमार यादव, रीना, कुसुम, रोबिन कुमार ,जयंती मठपाल, शेष प्रताप, पारुल अग्रवाल, आजाद आदि लोग उपस्थित थे।



# बजट के नाम पर झुनझुना मौ मोहसिन मेवाती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** आम बजट 2024 पर समाजवादी छात्र सभा अलीगढ़के के नि जिलाध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती ने अपनी टिप्पणी देते हुए कहा कि केंद्र ने बजट 2024 में एमएसपी का जिक्र तक नहीं किया। हम लंबे समय से किसानों की चिंताओं को आवाज उठते रहे हैं केंद्र सरकार के बजट को व्यापारियों और आम जनता के साथ धोखा किया है। मौ मोहसिन मेवाती ने बजट पर बताया कि मध्यम वर्ग के व्यापारियों की संख्या सबसे ज्यादा है लेकिन बजट में उन्हें कोई राहत नहीं दी गई। बजट में जनता को हताशा के सिवाय कुछ भी नहीं मिला है। सरकार ने बजट में युवाओं, किसानों समेत हर वर्ग की अनदेखी की गई है। सालाना सिर्फ 20 लाख युवाओं को इंटर्नशिप युवाओं के हाथ में झुनझुना है।



# पांचवी मंजिल पर पिस्तौल की दबिश में ले जाकर नाबालिग लड़की का किया सामूहिक दुष्कर्म

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पश्चिमी दिल्ली ( ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस की सख्ती के बावजूद भी रेप जैसी घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। नाबालिग बच्चियों को कहीं पर बहला फुसला कर ले जाकर उनके साथ रेप किया जाता है। तो कहीं पर असलाह के बल पर सामूहिक दुष्कर्म किया जा रहा है ऐसा ही एक मामला राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द्वारका नॉर्थ थाना इलाके में नाबालिग लड़की से पिस्टल के बल पर पहले दुष्कर्म करने व फिर पांचवीं मंजिल से फेंकने का मामला सामने आया है। नाबालिग का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस नाबालिग का बयान दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। लड़की के पिता ने बताया कि वह कबाड़ी का काम करते हैं और पत्नी व चार बच्चों के साथ द्वारका नॉर्थ थाना इलाके में रहते हैं। वह किसी काम से दिल्ली से बाहर गए थे। जब वह वापस लौटे तो उन्हें पता चला कि उनकी बेटी अस्पताल में है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि घायल बेटी ने उन्हें बताया कि रविवार शाम को वह घर के बाहर थी। इस दौरान एक लड़का वहां पर आया। वह पिस्टल दिखाकर उसे पास की इमारत की पांचवीं मंजिल पर लेकर गया और वहां पर पिस्टल के बल पर उसके साथ गलत काम किया। जब वह चिल्लाने लगी तो उसे पांचवीं मंजिल से नीचे फेंक दिया और वहां से फरार हो गया। घायल नाबालिग को आसपास के लोग अस्पताल लेकर गए। वहां पर उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। रोती-बिलखती मां ने मंगलवार देर रात को बताया कि उसकी बेटी अपने ढाई वर्षीय भाई के साथ घर के बाहर बिल्ली के बच्चे के साथ खेल रही थी। इस दौरान आरोपित उसे पिस्टल के बल पर छत पर लेकर गया। उसने आरोपित से बचने की कोशिश की, लेकिन वह वहां से भाग नहीं पाई। उसने ऊपर से चप्पल भी फेंकी, लेकिन जब तक उसकी मां इमारत की दूसरी मंजिल पर पहुंच पाती, उनकी बेटी को आरोपित ने छत से फेंक दिया था। महिला ने बताया कि उनकी बेटी से कुछ समय पहले सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। इस दौरान दो लड़कों ने दुष्कर्म किया था व तीसरे ने वीडियो बनाया था। इस मामले में तीनों को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया था। जेल से बाहर आने के बाद वे लड़के उनकी बेटी पर बयान बदलने को लेकर दबाव बना रहे थे। उसके कोचिंग सेंटर भी वह पहुंच रहे थे।



# फूड सिक्योरिटी एक्ट ला रही है योगी सरकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कि योगी सरकार फूड सिक्योरिटी एक्ट ला रही है।अब तक तो सिर्फ कावड़ मार्ग पर केवल यात्रा के समय तक हि लागू था लेकिन अब समस्त उत्तर प्रदेश मे परमानेंन्ट लागू होगा । अब उत्तर प्रदेश कि योगी सरकार फूड सिक्योरिटी एक्ट ला रही है। उस एक्ट के तहत यह अनिवार्य हो जाएगा कि खाने-पीने की चीजों की दुकानों पर नाम लिखना जरूरी है और यह एक्ट 2006 से ही बना है इसीलिए सुप्रीम कोर्ट के जज अपनी बखान नहीं थोप पायेंगे ।



# सपा के राष्ट्रीय महासचिव बनाये गए सुदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मा. राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शा अनुसार राम बाबू भारती सुदर्शन को समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहनी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने सुदर्शन को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल करते हुए कहाकि की दलित व कमजोर लोगो के बिच जा कर उनके उत्थान के लिए लगातार काम करते रहे है जिससे समाजवादी पार्टी को कमजोर वर्गो का भर पुर साथ मिला है भारती ने कहाकि की आशा है किसुदर्शन को नयी जिम्मेदारी के साथ और ऊर्जा पूर्व पार्टी का काम करेंगे।




## खुलासा — महिला पर जानलेवा हमले का खुलासा

# सऊदी अरब में बैठे पति ने ही कराया था पत्नी की हत्या का प्रयास,दो गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** गंगानगर के ईशापुरम निवासी महिला पर पल्लवपुरम थाना क्षेत्र के दुल्हेड़ा रोड पर 21 जुलाई को हुए जानलेवा हमले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसपी सिटी ई विक्रम सिंह ने बुधवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि सऊदी अरब में बैठे महिला के पति प्रवीन ने ही अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रची थी।

पुलिस ने प्रवीन के भांजे राहुल पुत्र महाराज सिंह और निशांत त्यागी पुत्र धर्मवीर त्यागी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि प्रवीन को अपनी पत्नी के चाल-चलन पर शक था। इस वजह से दोनों के बीच लड़ाई-झगड़े रहते थे। प्रवीन इस वर्ष मार्च में सऊदी अरब से भारत आया था तो उसने तभी अपनी पत्नी की हत्या कराने की योजना बना ली थी। प्रवीण ने तय किया था कि हत्याकांड को तब अंजाम दिया जाएगा जब वह देश बाहर रहेगा। पत्नी की हत्या कराने के लिए प्रवीन ने अपने रिश्ते के भांजे राहुल को तैयार किया था। राहुल ने अपनी फैक्ट्री में काम करने वाले निशांत त्यागी को 20 हजार रुपए में तैयार किया। प्रवीन के निर्देश पर ही इन दोनों ने महिला पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 तमंचे, कारतूस, एक बलकटी, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।








मृतक मुस्कान की फाइल फोटो

# तीन सगे भाई नदी में डूबे तलाश जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अफजलगढ।** समीपवर्ती ग्राम रफतपुर निवासी पांच लोग अपने खेत में काम करने गए थे और वापिस आते समय पैदल पीली नदी पार कर धर जा रहें थे तभी अचानक पानी का तेज बहाव आने से पांचों लोग नदी में डूब गए जबकि दो लोग किसी तरह से जान बचाकर बाहर निकल आए और तीन सगे भाई नदी के तेज बहाव से डुब गये और बाहर आये दो लोगों ने जब शोर मचाया तो आसपास लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी तब उपजिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गोताखोर टीम को रेस्क्यू करने के लिए बुलाया गया और पीएसी गोताखोर भी बुलाया गया है घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है और परिजनों का बुरा हाल है और बराबर तलाश जारी है।



# प्राथमिक विद्यालय समदगढ़ में पानी और कीचड़ के कारण सैकड़ो बच्चे एवं शिक्षिकाएं परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर से करीब 3 किलोमीटर दूर एक ऐसा परिषदीय प्राथमिक विद्यालय है जहां बारिश शुरू होते ही पूरा विद्यालय पानी में डूब जाता है बैठना छोड़िए बच्चे खड़े होने भी यहां मुश्किल है कीचड़ के कारण यहां

### जनपद के उच्च अधिकारी नहीं कर पा रहे समस्या का समाधान

पढ़ाई का कार्य कैसा होता होगा यह सोचने वाली बात विद्यालय के स्टाफ ने इस समस्या से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य लोगों को अवगत कराया लेकिन आज तक कोई भी समाधान नहीं हुआ है' जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय समदगढ़ में इस समय कक्षा 1 से 5 तक 114 बच्चे पंजीकृत हैं इनको शिक्षित करने के लिए यहां शिक्षिका दीपाली गुप्ता,हुमैरा अजीम,कंचन चौरसिया, अलबीना सिद्दीकी, सना महफज,अमरजीत कौर तैनात है ' इन शिक्षिकाओं ने आज बताया कि बरसात के दिनों में पूरे






स्कूल में पानी भर जाता है सभी 6 कमरों में पानी भरने के कारण पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है अब तक अनेक बार स्कूल में पानी भर चुका है बुधवार की रात हुई तेज बारिश के कारण पूरे विद्यालय में पानी भर गया बच्चों में स्टाफ का बैठना तो दूर खड़े होना भी मुश्किल हो गया इस मामले में ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया तो उन्होंने विद्यालय की बड़ी मुश्किल से सफाई कराई। यहां पानी भरने के कारण अभिभावक अपने बच्चों को भेजना उचित नहीं समझते हैं' स्टाफ के लोगों ने बताया कि इस समस्या से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को बताया गया है लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है' स्कूल में पानी और कीचड़ के कारण बच्चों को दोपहर में मिलने वाला मिड डे मिल भी कैसे बनता होगा यह सोचने वाली बात है।

इस समस्या को हल करने के लिए जनप्रतिनिधि भी आगे नहीं आ रहे हैं' स्टाफ के लोगों ने अधिकारियों को भेजे पत्र में इस समस्या का हल करने की मांग की है ।

# इंस्पायर अवॉर्ड के लिए नामांकन में मुरादाबाद प्रदेश में आया 10वें स्थान पर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से इंस्पायर अवॉर्ड योजना में विद्यार्थियों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू हो चुकी है। इसमें कक्षा छह से 10 तक के छात्र आवेदन कर सकते हैं। मंगलवार को जारी हुई सूची के अनुसार अभी तक आवेदन करने के मामले में मुरादाबाद प्रदेश में 10वें स्थान पर है। डीआईओएस डॉ. अरुण दुबे ने कहा कि प्रत्येक स्कूल को पांच-पांच श्रेष्ठ विचार भेजने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे अच्छे आइडिया के चयन की संभावना बढ़ जाए।तीन वर्षों से मुरादाबाद जनपद विचारों के चयन के मामले प्रदेश में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहा है, जबकि नामांकन के मामले मुरादाबाद को चौथा और पांचवां स्थान मिला है। हमारा प्रयास है कि इस बार भी छात्र अधिक से अधिक आवेदन करें। जिससे मुरादाबाद बच्चों के नवाचारी विचारों को लेकर प्रदेश में अपना स्थान कायम रख सके। योजना के तहत 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन होंगे। जिले में 520 विद्यालयों को इंस्पायर अवॉर्ड के लिए नामांकन कराना है। मंगलवार शाम तक जनपद के 27 स्कूलों से 125 नामांकन हो चुके। हैं। पिछले वर्ष तक स्कूल बच्चों के विचार सीधे ऑनलाइन भेजे देते थे। इस बार आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब सभी विद्यालयों में एक विचार पेटी लगवाई गई है' अधिकत्तम पांच श्रेष्ठ विचारों का चयन कर उन्हें लिंक पर अपलोड किया जा रहा है। विद्यार्थियों को योजना के तहत 10 हजार रुपये डीबीडी के माध्यम से दिए जाएंगे। अभी तक विद्यार्थी के अभिभावकों का बैंक खाता भी मान्य होता था, लेकिन अब छात्रों का खाता जरूरी है।

# असमोली पुलिस द्वारा पांच चोरी की मोटरसाइकिल व अन्य सामान के साथ चार शातिर चोर किए गए गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**असमोली (मोनू सिंह)।** असमोली पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है जिसमें कार्यवाही करते हुए असमोली पुलिस ने शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है बताया जा रहा है चोरों के पास से पांच मोटरसाइकिल है व चोरी का अन्य सामान भी बरामद हुआ है। सुबोध कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी कस्बा असमोली निकट मोहल्ला बिजली घर के पास द्वारा असमोली थाने पर सूचना दी गई कि 18 जुलाई 2024 को करीब शाम 7:30 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स नेत्रपाल पकौड़ी वाले की दुकान के सामने खड़ी करके किसी अन्य दुकान से सामान लेने लगा तब पकौड़ी वाले के पास देखा तो वहां से मोटरसाइकिल गायब थी और वह चोरी हो गई व इस समय नदीम पुत्र समीम निवासी ग्राम परयावली द्वारा थाने पर तहरीर दी गई की उनकी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। घटना के अनावरण के लिए टीमों का गठन किया गया इसके बाद असमोली पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे घर पकड़ अभियान के तहत मुखविर की सूचना पर दुगाबर के पास बंद पड़े ईंट भट्ठे से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है चारों अभियुक्तों में से तीन अभियुक्त थाना असमोली क्षेत्र के रहने वाले हैं और एक अभियुक्त थाना नौगांव क्षेत्र का रहने वाला है पवन गोस्वामी पुत्र किशन गिरी निवासी दुगाबर, सतेन्द्र उर्फ दुम्मा पुत्र उमराव निवासी दुगावर, भूरा पुत्र हेम सिंह निवासी दुगावर, संजू पुत्र सत्यवान निवासी हाफिजपुर थाना नौगांव सादात अमरोहा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है अभियुक्तों के पास से पांच मोटरसाइकिल व अन्य सामान भी बरामद हुआ है।

# कुन्दरकी में हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से बालक झुलसा, हालत गंभीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर के मौहल्ला नूरुल्ला मे मकान की छत पर खेल रहा बच्चा मकान की छत के ऊपर से जा रही उच्च शक्ति की विधुत लाइन से ऊतरे करंट की चपेट मे आने से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया है ।

मंगलवार की शाम को नगर के मौहल्ला नूरूल्ला राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के पास रहने वाले आबिद सैफी का दस वर्षीय बेटा रिहान सैफी पड़ौसी इस्तेखार के मकान की छत पर बच्चों के साथ भाग भाग कर खेल रहा था । खेल के दौरान ही मकान के ऊपर से होकर गुजर रही विद्युत उच्च शक्ति की लाइन में से उतरे करंट की चपेट में आकर रिहान बुरी तरह से झुलस गया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों ने आनन-फानन में कुंदरकी के सरकारी अस्पताल में उपचार कराया हालत बिगड़ने पर रिहान को सरकारी अस्पताल से जिला



अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया बालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है । मौहल्ले मे आबादी के ऊपर से होकर विद्युत लाइन गुजर रही है ।जिससे पहले भी करंट की चपेट मे आकर लोग झुलस चुके है करंट की चपेट मे आकर मौते भी हो चुकी है। नगरवासियों ने आबादी के ऊपर से होकर गुजर रही विद्युत लाइन को हटाने की मांग अनेक बार की अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया एवं जनप्रतिनिधियों ने भी आश्वासन दिया लेकिन अभी तक आबादी के ऊपर से विद्युत लाइन नहीं हटाई गई है ।

जिम्मेदार खामोश बैठे हैं । लोगों का कहना है कि आए दिन विद्युत लाइन आबादी में होने के कारण करंट की चपेट में आकर झुलस जाते हैं लेकिन कोई उनकी फरियाद नहीं सुनता है।

# शासन के निर्देश के बाद भी सड़कों पर दौड़ रही हैं बिना फिटनेस और परमिट की बसें होगी स्क्रैप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील एवं जनपद में बिना फिटनेस और परमिट के दौड़ रहीं बसों के विरुद्ध शीघ्र ही कठोर कार्रवाई होगी' शासन के निर्देश के बाद भी बसें बिना वैध प्रपत्रों के चल रही हैं, जो परिवहन विभाग ही नहीं पूरे सिस्टम को मुंह चिढ़ा रही हैं। अब बिना वैध प्रपत्रों के बसों का संचालन नहीं होगा, अभियान चलाकर 15 अगस्त तक कागज दुरुस्त कराने होंगे, अन्यथा बसों को स्क्रैप कराने का शासन ने आदेश दिया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने 22 जुलाई को वाहन पोर्टल खंगाला तो सामने आया कि प्रदेश में कुल 62,841 निजी बसें पंजीकृत हैं। उनमें 49,186 बसों के पास ही पंजीयन, स्वस्थता प्रमाणपत्र और बीमा है, जबकि 13,661 वाहनों के पास वैध प्रपत्र नहीं हैं। मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस आयुक्तों को भेजे पत्र में मुख्य सचिव ने लिखा कि प्रदेश में समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान चले जिसमें अनधिकृत वाहनों के के ब्रिज कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे' अब 15 अगस्त तक अभियान चलाकर कराएं प्रपत्र दुरुस्त, अन्यथा बसों को स्क्रैप कराएं'

परिवहन अधिकारी वाहन पोर्टल से यात्री बसों का विवरण लें और जो बसें बिना परमिट, फिटनेस या बीमा के चल रही हैं उन्हें अभियान चलाकर चिन्हित करें। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि यात्री बसों के स्वामियों व विभिन्न संगठनों के साथ बैठक करके उन्हें जागरूक करें और हर हाल में 15 अगस्त तक वाहन पोर्टल पर बिना प्रपत्रों वाली बसों की संख्या शून्य कर दें। यदि वाहन स्वामी इस अवधि में वैध प्रपत्र नहीं तैयार कराते तो ऐसी बसों को स्क्रैप करा दें।

# मैजिक मे टक्कर मारने वाले रोडवेज चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** थाने के पास बस चालक ने टाटा मैजिक मे मारी थी टक्कर जिसमे एक युवक की मौत हो गई थी और सवारियों के चोटे आयी थी ।

मंगलवार को सुबह थाना कुन्दरकी के सामने रोडवेज बस ने मुरादाबाद अलीगढ हाईवे पर चकफाजलपुर गांव को जाने वाले सम्पर्क मार्ग के सामने एक सवारी वाले टाटा मैजिक मे टक्कर मार दी ।



हादसे मे बरेली जनपद के सिरौली थाना नगर के रहने वाले अनुज ( 16 ) पुत्र पुरन की मृत्यु हो गई थी और एक दर्जन लोग घायल हो गये थे । पुलिस ने मृतक अनुज के दादा होरी लाल पुत्र कडडे की तहरीर के आधार पर दुर्घटना के संबंध मे 281,125,106,बीएनएस धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर लिया। पुलिस ने रोडवेज चालक राजवीर पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम कुवरपुर थाना चनपा जिला हाथरस को रोडवेज बस को तेजी और लाहपरवाही से चलाकर टाटा मैजिक मे टक्कर मारने अनुज की मौत हो जाने एवं सवारियों के घायल हो जाने के संबंध मे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय को कर दिया है ।

# कन्दरकी में रिमझिम बरसात होने से उमस भरी गर्मी से मिली राहत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )** । नगर मे सुबह से आसमान मे बादल हो रहे थे । और सुबह ग्यारह बजे बारिश होने लगी जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई। और मौसम भी खुशनुमा हो गया । एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया इंसान से लेकर जानवर भी भीषण उमस भरी गर्मी से परेशान हो गए। बुधवार को सुबह से ही आसमान मे बादल मंडराने लगे और ग्यारह बजे रिमझिम बारिश होने लगी जिससे लोगो को उमस भरी गर्मी से राहत मिली । मौसम भी खुशनुमा हो गया ।रिमझिम बरसात रूक-रुक कर शाम तक होती रही ।बारिस होने से



नगर मे जगह-जगह रास्तों पर जल भराव हो गया । बारिश के पानी से लोगों को आने जाने मे परेशानी हुई। खेत खलियानों गली कूचों मे पानी भर गया । पिछले एक सप्ताह से चली आ रही उमस भरी गर्मी से बारिश होने से राहत मिली है।

# परिवार वाले जिसको जा रहे थे दफनाने वह घर पहुंचा, "मौत के आंसू खुशी में हुई तब्दील "

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** थाना छजलैट क्षेत्र के गांव खुशालपुर में आज फिल्मी स्टाईल की घटना में कभी खुशी तो कभी गम का माहौल देखने को मिला' बताया गया कि करीब सुबह 6 बजे सिहाली नारायण से भीकनपुर जाने वाले मार्ग पर करूला नदी के पुल के किनारे एक शव पानी मे तैरता मिला जो जनपद अमरोहा के थाना देहात का क्षेत्र है जबकि नदी के दूसरी तरफ जनपद मुरादाबाद का रकबा है नदी का पुल दोनों जनपदों का बॉर्डर है खुशहालपुर के ग्रामीण नदी की तरफ चारा लेने के लिए आए तो उन्होंने नदी में एक शब तैरता हुआ देखा हुआ जिसे देखकर उन्होंने नन्हे पुत्र सद्दीक के रूप मे शब की पहचान की और मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी परिजन नदी पर पहुंचे और नन्हे के शब को उठाकर घर ले गए मौत की खबर सुनकर चीख पुकार मच गई बताया गया कि एक दिन पहले नन्हे पुत्र सद्दीक उम्र( 40 ) अपनी पत्नी से झगड़ा कर घर



से कही चला गया था परिजनों ने उसको तलाशा लेकिन उसका कोई पता नहीं चला आज सुबह नदी से मिले शब को देखकर परिजनों ने नन्हे का शब समझ लिया और नदी से उठाकर घर ले आए परिजनों ने सोचा की घरेलू कलह की वजह से नन्हे ने नदी में कूद कर आत्महत्या कर ली है। परिजन शब को सुपुर्दे खाक करने की तैयारी में लग गए मगर तभी कुछ ऐसा हुआ कि परिजनों के होश उड़ गए और गम का माहौल खुशियों में बदल गया क्योकि नन्हे जीता जागता अपने घर पंहुचा तो परिजनों ने नन्हे को घर पर मच रही चीख पुकार के बारे में बताया। नन्हे का कहना था कि वह कहीं चला गया था लेकिन गुस्सा ठंडा होने पर वापस आ गया नन्हे को सामने देखकर परिजनों ने राहत की सांस ली और छजलैट पुलिस को घटनाक्रम से अवगत कराया पुलिस गांव पहुंची और शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया इस पूरे घटनाक्रम में एक और जहां नन्हे के परिवार में गम का माहौल खुशियों में बदल गया वहीं पुलिस अब शब की पहचान करने का प्रयास कर रही है। और नन्हे की पत्नी की आंखों से पहले गम और अब खुशी के आंसू छलक रहे हैं।

## "बुलन्द संदेश" एक्सक्लूसिव — हरियाली तीज पर पश्चिमी संस्कृति होती जा रही है हावी, गांव में झूले हुए कम, महिलाएं मोबाइल पर दे रही है बधाई

# "आधुनिक युग में हरियाली तीज का महत्व"


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** देश में महिलाओं का सबसे बड़ा पर्व "हरियाली तीज " 7 अगस्त को मनाया जाएगा महिलाओं ने यह पर्व मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं ' दैनिक" बुलंद संदेश" ने ' आधुनिक युग में हरियाली तीज का महत्व' इस विषय पर अनेक जागरूक महिलाओं से बातचीत कीः भारत विकास परिषद नगर शाखा की महिला संयोजिका मनीषा माहेश्वरी का कहना है कि आज के आधुनिक युग में महिलाएं सजने के लिए ब्यूटी पार्लर जा रही हैं झूलने की परंपरा भी कम होती जा रही है' श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज मनाई जाती है। हरियाली तीज का पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए बहुत मायने रखता है। इस दिन सुहागिनें निर्जला व्रत रखती हैं और मां गौरी की पूजा करती हैं। पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए महिलाएं इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा करती हैं। वहीं कुंवारी लड़कियां भी सुयोग्य वर पाने के लिए हरियाली तीज का व्रत रखती हैं। नगर के प्रसिद्ध सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधक रितु बिश्नोई का कहना है कि हरियाली तीज पर जो उत्साह पहले देखने को मिलता था अब गांव में देखने को कम मिलता है ' सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली या हरतालिका तीज मनाई जाती है.तीज के दिन ही देवों के देव महादेव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया. माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए 107 जन्मों तक तप किया था. भगवान भोलेनाथ माता पार्वती के कठिन तप से प्रसन्न हुए, उन्होंने 108 वें जन्म में पार्वती जी से विवाह रचाया।

तीज के दिन सुहागिनें निर्जला व्रत करती हैं, और 16 श्रृंगार कर भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा करती हैं. इस व्रत को करने से सुहागिनों को सदा सौभाग्यवती रहने का वरदान मिलता है.


ललित चौहान


मनीषा माहेश्वरी


रितु बिश्नोई


डॉ, अल्बीना रहमान


डॉ नीरज सिरोही


वंदिता सिंह


सारिका सिंह

पति की लंबी आयु और परिवार की खुशहाली के लिए इस व्रत का महत्व माना गया है'मानसिक मंदता बच्चों की स्पेशल एजुकेटर ललित चौहान का कहना है कि आज के आधुनिक युग में महिलाएं सजने के लिए ब्यूटी पार्लर जा रही हैं गांव में वह उत्साह नहीं है जो पहले था 'हरियाली तीज के त्योहार पर भगवान भोलेनाथ माता पार्वती के पुनर्जन्म का मिलन इसी दिन हुआ था भगवान भोलेनाथ ने माता पार्वती को अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया था महिलाएं सोलह सिंगार करके लोकगीत गाकर माता पार्वती की उपासना एवं पूजा अर्चना के बाद इस दिन व्रत रखकर त्यौहार को मनाती हैं अपने सुहाग के लिए अपने पतियों की दीघार्यु की कामना करती हैं और सदा सुखी रहने का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं तथा शादी उपरांत महिलाएं अपने घर आकर अपनी सहेलियों के साथ नृत्य आदि करके बड़ी धूमधाम से इस त्यौहार को मनाती हैं'नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका सारिका सिंह का कहना है कि देश में तीज त्योहार का अपना ही महत्व है। हरियाली तीज पर महिलाओं की खुशी देखते हो बनती है। हरे रंग के कपड़ो व चूडियों के साथ घेवर व मिठाइ?यो का विशेष महत्व होता है नव विवाहिताए तीज के पर्व पर मायके आती है बुजुर्ग महिलाए अपने गीतों के माध्यम से अपनी संस्कृति का ज्ञान युवा पीढ़ी को देती है ' सभी नये- नये वस्त्र पहनते है व पैडो पर झूले झूलते नजर आते है। बच्चे खूब मौज-मस्ती करते हैं। महिलाओं को अपने बचपन की यादें ताजा हो जाती है।आधुनिकता ने तीज के महत्व को कम करने का काम किया है अब तीज एक त्योहार एक परंपरा नहीं बल्कि केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। पहले महिलाएं एक साथ गीत गाती व झूला झूलती थी पुरानी याद केवल त्योहारों पर ही याद आती है। आज के युग में मोवाइल पर ही एक दूसरे को बधाई दी जा रही है' होटलों या क्लब में तीज मनाई जाती है' जहाँ महिलाएं वेस्टर्न ड्रेस पहनकर ही तीज सेलिब्रेट करती है। लेनिन बुजुर्ग लोग अभी परंपराओं को बनाए रखे हुए है, लेकिन नव?युवक सांस्कृतिक और परंपराओ से दूर भाग रहे हैं ।नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर युसूफ सिद्दीकी की पुत्रवधू डॉक्टर अलविना रहमान (एमबीबीएस एमएस ) का कहना है हरियाली तीज का महोत्सव सावन के पवित्र मास में आता है और इस समय प्रकृति भी हरियाली होती है इसी प्रकार महिलाएं भी 16 श्रृंगार करके मेहंदी आदि लगाकर हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना करके इस व्रत को मनाती है यह महिलाओं के लिए बहुत ही सुंदर और पवित्र त्यौहार है इस व्रत को करने से पति की दीघार्यु की कामना करती हैं और परिवार के लिए सुख समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना करती हैं'उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही की पत्नी शिक्षिका डॉक्टर नीरज सिरोही का कहना है कि आस्था, उमंग, सौंदर्य व प्रेम का प्रतीक हरियाली तीज का पर्व श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है।

यह पर्व भगवान शिव व माता पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष में मनाया जाता है। इस दिन सुहागिनें निर्जला व्रत रख पति की लंबी आयु व परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं। इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हुई लोकगीत गाती हैं। सावन माह में चारों तरफ हरियाली फैली होती है इसलिए इसे हरियाली तीज कहते है' लेकिन आधुनिक युग में इस त्योहार से महिलाएं भारतीय संस्कृति से कुछ महिलाएं दूर जा रही हैं 'मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक ) एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट)कांठ प्रभारी डॉ,बुद्ध प्रिय सिंह की पत्नी डॉ,वंदिता सिंह का कहना है कि महिलाओं का प्रमुख त्योहार हरियाली तीज आज के आधुनिक युग में भी परंपरागत रूप से मनाया जाता है लेकिन इस त्यौहार में अब पश्चिमी संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है गांव में भी झूले कम हो गए हैं उन्होंने भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए इस त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाए जाने का आह्वान किया है ।

# अनुकंपा नियुक्ति आवेदन खारिज करने पर हाईकोर्ट ने सीएमओ मुरादाबाद से किया जवाब तलब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने पूछा है कि बताएं किस आधार पर याची के अनुकंपा नियुक्ति आवेदन को खारिज कर दिया गया है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की कोर्ट ने प्रमोद कुमार की याचिका पर यह आदेश दिया है।

मुरादाबाद निवासी प्रमोद कुमार ने अपनी मां की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। इस दौरान उसके आवेदन को यह कहकर सीएमओ ने खारिज कर दिया कि उसके पिता सरकारी नौकरी में हैं। जबकि मां की मृत्यु के बाद उसके पिता पेंशनभोगी थे। याची ने सीएमओ के आदेश को याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी।हाईकोर्ट ने सीएमओ से हलफनामा मांगा है। कहा है कि बताएं किस आधार पर याची के अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन को खारिज कर दिया गया है। कोर्ट ने रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया है कि वह इस आदेश से मंगलवार को ही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुरादाबाद के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद को सूचित करें।

# करंट से झुलसे लाइनमैन की अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** छजलैट थाना क्षेत्र के अंतर्गत संविदा लाइनमैन साथी की लापरवाही से करंट से झुलस गया था। झुलसे लाइनमैन की सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। लाइनमैन की मौत से उसके परिवार में मच गया। पुलिस ने साथी कर्मचारियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।थाना छजलैट क्षेत्र के गांव रसूलपुर चौरा निवासी छिद्दा बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन था। उसकी तैनाती रसूलपुर फीडर में चल रही थी परिवार में पत्नी नसरीन, दो बेटी शबानूर व फातिमा और बेटा रेहान हैं। चाचा दुलहसन के मुताबिक 19 जुलाई की शाम लगभग सात बजे छिद्दा गांव के ही ट्रांसफार्मर पर लाइन ठीक कर रहा था। साथ में एक और कर्मचारी था। वह शट डाउन लेकर लाइन ठीक कर रहा था। उसी समय कर्मचारी बैरमपुर निवासी सुशील और विद्युत उपकेंद्र पर तैनात मोनू ने लापरवाहीपूर्ण कार्य करते हुए



आपूर्ति चालू कर दी थी। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। गंभीर हालत में छिद्दा को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। लाइनमैन की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं इस मामले में तहेरे भाई मोमीन की तहरीर पर छजलैट थाना पुलिस ने आरोपी सुशील कुमार और मोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# हता दुगुर्ले ने कमांडर करण सक्सेना के लिए सिर्फ छह सेशन में बाइक चलाना सीखा

ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई कमांडर करण सक्सेना को काफी पॉजिटिव रिस्पांस मिल रहा है। दर्शक सीरीज में मौजूद किरदारों की सराहना कर रहे हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस हता दुगुर्ले ने अपने किरदार एसीपी रचना म्हात्रे से लोगों के दिलों पर अपनी छाप छोड़ी है। अपने किरदार को दमदार बनाने के लिए उन्होंने बाइक चलाना सीखा।

हता दुगुर्ले ने कहा कि उन्हें बाइक चलाने से डर लगता था, लेकिन कमांडर करण सक्सेना में अपने किरदार के लिए तैयारी करते हुए इस पर काबू पाया। उन्होंने मात्र छह सेशन में इस स्किल को सीखा।

एक्ट्रेस ने कहा, शो की मीटिंग में मेकर्स ने मुझसे पूछा कि क्या मैं बाइक चला सकती हूं। मैंने कहा कि मैं बाइक चलाने के अलावा सब कुछ कर सकती हूं, लेकिन मैं इसे सीखूंगी। 10-12 दिनों के बाद, मुझे बताया कि मैं सीरीज में रचना म्हात्रे का किरदार निभा रही हूं, और मैंने अप्रैल में बाइक चलाने की ट्रेनिंग लेना शुरू कर दिया।

उन्होंने कहा, इसमें छह सेशन लगे। हाइट की वजह से मेरे पैर जमीन तक नहीं पहुंच रहे थे। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे स्किल सेट में एक और चीज शामिल हुई है। मैं बाइक चलाना जारी रखूंगी, क्योंकि यह अब मुझे बहुत आसान लगता है। मैं 18 साल की उम्र से कार चला रही हूं, 13-14 साल हो गए हैं। मैं रिक्शा चला सकती हूं, मैं एम्बुलेंस चला सकती हूं, मैं कुछ भी चला सकती हूं।

बाइक चलाने को लेकर मेरे अंदर एक बड़ा डर था। किसी तरह, मैंने इसे मैनेज किया, और जिस बाइक का हमने इस्तेमाल किया वह बहुत भारी थी, इसलिए मुझे इस बात की भी चिंता थी। लेकिन मुझे बहुत खुशी है कि मैं कमांडर करण सक्सेना के लिए यह कर सकी। कमांडर करण सक्सेना एक रॉ एजेंट की कहानी है, जिसका किरदार गुरमीत चौधरी ने निभाया है। वह एक देशभक्त है और भारत को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। शो का निर्देशन जतिन वागले ने किया है।

इसमें इकबाल खान विलेन के रोल में हैं। उन्होंने आईएसआई चीफ नासिर का किरदार निभाया है। कमांडर करण सक्सेना डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित है।

# बैड न्यूज ने वीकेंड़ बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा, 30 करोड़ का आंकड़ा छूने से रह गई इंचभर दूर




'कल्कि 2898 एडी', 'सरफिरा' और 'इंडियन 2' जैसी फिल्मों के बीच विक्की कौशल की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'बैड न्यूज' इस शुक्रावर को रिलीज हुई थी. फिल्म का रिलीज से पहले काफी बज था और सिनेमाघरों में दस्तक देने के साथ ही फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया. इसी के साथ इसकी शानदार शुरूआत हुई और ये विक्की के करियर की सबसे बड़ी ओपनर भी बन गई. वहीं दूसरे दिन भी फिल्म ने डबल डिजीट में कमाई की. चलिए यहां जानते हैं 'बैड न्यूज' ने तीसरे दिन यानी संडे को कितने करोड़ कमाए हैं?

'बैड न्यूज' के ट्रेलर आने के बाद से ही उम्मीद की जा रही थी कि ये फिल्म रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा सकती है. वहीं फिल्म के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. ये फिल्म फैमिली ऑडियंस द्वारा खासी पसंद की जा रही है. ऐसे में फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर कारोबार कर रही है। फिल्म की कमाई की बात करें तो 'बैड न्यूज' ने ओपनिंग डे पर 8.3 करोड़ से खाता खोला था. दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में 23.49 फीसदी की तेजी आई और इसने 10.25 करोड़ की कमाई की. वहीं अब फिल्म की रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'बैड न्यूज' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 11 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'बैड न्यूज' का तीन दिनों का कुल कलेक्शन अब 29.55 करोड़ रुपये हो गया है।

# खूबसूरत साड़ी पहन रश्मिका मंदाना ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज, हॉट अदाओं से इंटरनेट पर बरपाया कहर

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना रश्मिका मंदाना आए दिन अपनी हॉट फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक अंदाज सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में रश्मिका मंदाना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टा पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बना दिया है। उनके इस लुक पर से फैंस की नजरें हट पाना मुश्किल हो गई है।

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना आए दिन अपनी लेटेस्ट पोस्ट फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक



इंटरनेट पर पोस्ट होते ही छा जाता है।

हाल ही में एक्ट्रेस के लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोज इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस लट्टू हो गए हैं।

रश्मिका मंदाना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान नीले रंग की साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही थीं।

कानों में इयररिंग्स, बालों में गजरा और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस ने अपनी इस साड़ी के साथ ब्लू कलर का स्टाइलिश ब्लाउज पहना हुआ है जोकि उन पर काफी जंच रहा है।

रश्मिका मंदाना ने जिस तरह से अपने आउटफिट को कैरी किया है वो बेहद ही लाजवाब है। एक्ट्रेस जब भी अपनी पोस्ट शेयर करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। रश्मिका मंदाना की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

# सरफिरा और इंडियन 2 का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल, 10 दिन में आधा बजट भी नहीं कर पाई वसूल

सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में दर्शकों के लिए मौजूद हैं. हालांकि इनमें से कुछ ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर पा रही हैं. हाल ही में अक्षय कुमार स्टारर 'सरफिरा और कमल हासन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'इंडियन 2 सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. जहां 'सरफिरा' की ओपनिंग बेहद खराब रही तो वहीं 'इंडियन 2' ने अच्छी शुरूआत तो की लेकिन फिर इसकी कमाई का ग्राफ गिरता गया. अब दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टिकी रहने के लिए संघर्ष कर रही हैं. चलिए यहां जानते हैं 'सरफिरा और 'इंडियन 2' ने रिलीज के 10वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

पिछले काफी समय से एक अदद हिट के लिए तरस रहे अक्षय कुमार की लेटेस्ट रिलीज 'सरफिरा' भी बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी हैं. फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद इसे लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट थी हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से दर्शकों के लिए तरसती नजर आई. फिल्म की ओपनिंग बेहद ठंडी रही थी हालांकि फर्स्ट वीकेंड पर फिल्म की कमाई में थोड़ी तेजी भी देखी गई लेकिन फिर इसका कारोबार हर दिन घटता चला गया। वहीं अब ये फिल्म गिरते-पड़ते दूसरे हफ्ते में पहुंच गई है लेकिन इसकी कमाई की रफ्तार बढ़ने का नाम नहीं ले रही है. 'सरफिरा' के कलेक्शन पर नजर डालें तो फिल्म ने 2.5 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद पहले हफ्ते में फिल्म ने 18.75 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब 'सरफिरा' दूसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और इसने रिलीज के दूसरे फ्राइडे 40 लाख की कमाई की तो वहीं दूसरे शनिवार फिल्म ने 85 लाख का कारोबार किया. अब 'सरफिरा' की रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'सरफिरा' ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 1.25 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ 'सरफिरा' की 10 दिनों की कुल कमाई अब 21.25 करोड़ रुपये हो गई है। कमल हासन स्टारर 'इंडियन 2' भी काफी बज और उम्मीदों




के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. ये फिल्म एक्टर की 1996 में आई 'इंडियन' की सिक्वल है. इसी वजह से 'इंडियन 2' को लेकर काफी एक्साइटमेंट थी. हालांकि फिल्म की शुरूआत तो दमदार हुई लेकिन फिर निगेटिव वर्ड ऑफ माउथ के चलते 'इंडियन 2' की कमाई का ग्राफ गिरता चला गया. खासतौर पर हिंदी बेल्ट में 'इंडियन 2' की परफॉर्मेंस काफी खराब रही है।

फिल्म की कमाई की बात करें तो 'इंडियन 2' ने 25.6 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद फिल्म ने पहले हफ्ते में 70.4 करोड़ की कमाई की. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और इसने जहां सेकंड फ्राइडे 1.3 करोड़ कमाए तो वहीं दूसरे शनिवार फिल्म ने 1.78 करोड़ का कारोबार किया. अब 'इंडियन 2' की रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे की कमाई के शुरूआती आंकड़े भी आ गए है।

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'इंडियन 2' ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को 2 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'इंडियन 2' की 10 दिनों की कुल कमाई अब 75.48 करोड़ रुपये हो गई है। 'इंडियन 2' और सरफिरा पहले से ही बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही थी. जहां इन दिनों फिल्मों को प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी से मुकाबला करना पड़ रहा था तो वहीं अब विक्की कौशल की लेटेस्ट रिलीज 'बैड न्यूज' ने तो इन दोनों फिल्मों की हालत ही खराब कर दी है।

# स्लिप्ड डिस्क की वजह से कहीं आपको भी ना करना पड़े व्हीलचेयर का इस्तेमाल, जानें इसे कैसे ठीक करें

स्लिप्ड डिस्क एक ऐसी स्थिति है जिसमें रीढ़ की हड्डी की डिस्क खिसक जाती है, जिससे कमर और पैर में तेज दर्द होता है. आज हम जानेंगे कि स्लिप्ड डिस्क क्या है, इसके लक्षण क्या होते हैं और इससे बचने के तरीके क्या हैं. ताकि आप भी इस समस्या से बच सकें और हेल्दी रह सकें।

### स्लिप्ड डिस्क क्या है?




स्लिप्ड डिस्क एक ऐसी स्थिति है जिसमें रीढ़ की हड्डी के बीच की नरम डिस्क खिसक जाती है या फट जाती है. यह डिस्क रीढ़ की हड्डियों को कुशन की तरह सुरक्षा देती है. जब यह खिसकती है, तो यह नसों पर दबाव डालती है, जिससे कमर, गर्दन और पैरों में तेज दर्द हो सकता है. आमतौर पर यह समस्या भारी सामान उठाने, गलत मुद्रा में बैठने, या उम्र बढ़ने के कारण होती है. सही देखभाल और व्यायाम से इसे ठीक किया जा सकता है. अगर दर्द ज्यादा हो, तो डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है.

### स्लिप्ड डिस्क के लक्षण

**कमर दर्द :** कमर में लगातार दर्द रहना, जो हिलने-डुलने से और बढ़ जाता है।

**पैरों में दर्द :** कमर से पैर तक दर्द फैल जाना, जिससे चलने-फिरने में कठिनाई होती है।

**सुन्नपन:** पैरों या हाथों में सुन्नपन या झुनझुनी महसूस होना.

**कमजोरी:** मांसपेशियों में कमजोरी, जिससे चीजों को पकड़ने या उठाने में कठिनाई होती है।

### स्लिप्ड डिस्क के कारण

**उम्र बढ़ना:** उम्र के साथ डिस्क कमजोर हो जाती हैं और खिसक सकती हैं।

**भारी सामान उठाना:** गलत तरीके से भारी सामान उठाने से डिस्क पर दबाव पड़ता है.

**गलत मुद्रा:** लंबे समय तक गलत तरीके से बैठने या खड़े रहने से रीढ़ की हड्डी पर असर पड़ता है.

**चोट:** अचानक गिरने या दुर्घटना से रीढ़ की हड्डी में चोट लग सकती है।

### स्लिप्ड डिस्क से बचाव के उपाय

**सही मुद्रा अपनाएं:** बैठते और खड़े होते समय सही मुद्रा रखें।

**वजन कंट्रोल में रखें:** मोटापे से बचें, क्योंकि ज्यादा वजन रीढ़ की हड्डी पर दबाव डालता है।

**सही तरीके से सामान उठाएं:** भारी सामान उठाते समय घुटनों को मोड़ें और कमर सीधी रखें।

**व्यायाम करें:** रोजाना हल्के व्यायाम करें, जो कमर और पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाएं।

**आराम करें:** पर्याप्त नींद लें और शरीर को आराम दें, ताकि वह ठीक हो सके।

### स्लिप्ड डिस्क का इलाज

**दवाईयां:** डॉक्टर के परामर्श से दर्द निवारक दवाएं लें, जो दर्द और सूजन को कम करें।

**फिजियोथेरेपी:** नियमित फिजियोथेरेपी से मांसपेशियों की मजबूती बढ़ती है और दर्द में राहत मिलती है.

**गर्म और ठंडा सेक:** दर्द वाले हिस्से पर बारी-बारी से गर्म और ठंडा सेक करें।

**सर्जरी:** अगर दर्द बहुत ज्यादा हो और अन्य उपाय काम न करें, तो डॉक्टर सर्जरी की सलाह दे सकते हैं।

# कौन से डायबिटीज में खा सकते हैं आलू, नहीं पड़ेगा सेहत पर कोई असर

डायबिटीज यानी शुगर कभी न खत्म होने वाली बीमारी है. इसे सिर्फ कंट्रोल किया जा सकता है. इस बीमारी में खानपान का खास ख्याल रखना पड़ता है. खासकर टाइप 2 डायबिटीज में खाने को लेकर जरा सी भी लापरवाही खतरनाक हो सकती है.

डायबिटिक पेशेंट्स के मन में अक्सर एक सवाल उठता है कि वे आलू खा सकते हैं या नहीं. क्या आलू खाना उनके लिए नुकसानदायक हो सकता है, अगर नहीं तो उसे अपनी डाइट में कैसे शामिल कर सकते हैं. आइए जानते हैं एक्सपर्ट्स से...




### डायबिटीज में आलू खाएं या नहीं

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, टाइप 2 डायबिटीज के मरीज सही मात्रा में आलू का सेवन कर सकते हैं. आलू में अनाज वाले गुण पाए जाते हैं. इसमें हार्ड कार्बोहाइड्रेट और स्टार्च पाया जाता है. इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, आयरन और जिंक जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं. एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर इन सभी पोषक तत्वों से भरपूर आलू का सही तरह सेवन करते हैं तो ब्लड शुगर बढ़ने का रिस्क कम हो सकता है।

### आलू से अन्य फायदे

नए आलू का सेवन डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकता है. इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स 70 के करीब होता है. माना जाता है कि 70 से ज्यादा ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं. आलू का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम करने के लिए उसे पत्तेदार सब्जियों के साथ खा सकते हैं. टाइप 2 डायबिटीज के मरीज दिन में कम से कम 200 ग्राम तक कार्बोहाइड्रेट का सेवन कर सकते हैं।

### आलू कैसे खाना चाहिए

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, आलू हमेशा दूसरी सब्जियों के साथ ही खाना चाहिए. ब्रेकफास्ट में आलू-पूरी खा सकते हैं. एंटीऑक्सीडेंट वाले आलू में विटामिन सी पाया जाता है. इसके अलावा आलू की सब्जी, मटर, गोभी और बैंगन के साथ भी खा सकते हैं. इसमें इलेक्ट्रोलाइट दिल, मांसपेशियों, तंत्रिका तंत्र के लिए फायदेमंद हो सकता है. आलू के छिलके में फाइबर मिलता है, जो पाचन के लिए सही है और वजन को कम कर सकता है. हालांकि, आलू का सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए।

# धनुष की 50वीं फिल्म रायन को मिला ए कैटेगरी का सर्टिफिकेट, एडवांस बुकिंग ओपन

इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर साउथ सिनेमा से साउथ सुपरस्टार धनुष की एक्शन-थ्रिलर और मारकाट वाली फिल्म रायन रिलीज के लिए तैयार है. रायन को धनुष ने लिखा और खुद डायरेक्ट किया है. यह दूसरी बार है जब धनुष ने कोई फिल्म डायरेक्ट की है. रायन आगामी 26 जुलाई को रिलीज होने जा रही है. रिलीज से चार दिन पहले रायन की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है. धनुष ने एक एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है. धनुष ने फिल्म रायन से अपना खून से लथपथ एक पोस्टर भी शेयर किया है. वहीं, बीते दिन रायन के प्री-रिलीज इवेंट में धनुष ने अपनी अगली फिल्म का भी एलान कर दिया है. इधर, फिल्म रायन को सेंसर बोर्ड ने ए (वयस्क) कैटेगरी का सर्टिफिकेट थमाया है। धनुष की एडवांस बुकिंग की बात करें तो सैकनिल्क के अनुसार, 22 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक फिल्म रायन ने तमिल भाषा में 665 शोज के लिए 34,233 टिकट सेल कर 48,22,604.41 रुपये कमा लिए हैं. वहीं, तेलुगू में फिल्म ने 133 शोज के लिए 3,920 टिकट सेल कर 6,88,975 रुपये बटोर लिए हैं. रायन ने ऑल इंडिया में 798 शोज के लिए 38,153 टिकट सेल किए हैं, जिससे उसकी कुल कमाई 55,11,5,79 रुपये हो गई है। रायन तमिल के साथ-साथ हिंदी और तेलुगू में भी



रिलीज होगी. धनुष की बतौर एक्टर रायन 50वीं फिल्म है. बीती 21 जुलाई की रात हैदराबाद में फिल्म रायन का प्री-रिलीज इवेंट हुआ. इस इवेंट में फिल्म की स्टारकास्ट धनुष, प्रकाश राज, नित्या मेनन, दुशारा विजयन, अपर्णा बाला मुरली, सुदीप किशन, कालीदास जयराम और एस जे सूर्या पहुंचे थे। इधर, रायन के प्री-रिलीज इवेंट में प्रकाश राज ने धनुष के फैंस को बड़ी गुडन्यूज दी थी. प्रकाश ने खुलासा किया था कि धनुष अपनी नई फिल्म के निर्देशन को लेकर प्लान कर रहे हैं और इस फिल्म में नित्या मेनन लीड रोल में होंगी।

# जामिया हमदर्द में कार्यकारी विकास कार्यक्रम का आगाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दिल्ली।** जामिया हमदर्द के प्रशिक्षण और विकास केंद्र, ऑल इंडिया एजुकेशनल मूवमेंट व हमदर्द ट्रेनिंग व वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से 22 जुलाई 2024 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षण कर्मचारियों के कौशल को विकसित करना और उन्हें प्रौद्योगिकी के नए तरीकों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम की शुरूआत कुरान की तिलावत से हुई। विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग की डीन प्रोफेसर रेशमा नसरीन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आजकल सीखने के नए तरीकों और प्रौद्योगिकी के बारे में जागरूकता बहुत महत्वपूर्ण है, जिस पर उप कुलपति जामिया हमदर्द प्रोफेसर अफशार आलम ने भी जोर दिया। ऑल इंडिया एजुकेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष प्रोफेसर ख्वाजा



शाहिद ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बिजनेस एंड एम्प्लॉयमेंट ब्यूरो, जिसे अब हमदर्द लर्निंग वेलफेयर सोसाइटी कहा जाता है, के सहयोग से संभव हुआ है। 10-दिवसीय कार्यक्रम आईएसटीएम के पूर्व शिक्षकों की मदद से गैर-शिक्षण कर्मचारियों के कौशल को विकसित करने और उन्हें कार्यालय और तकनीकी पाठों में काम करने के नए तरीकों से अवगत कराने पर केंद्रित होगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मानव प्रबंधन पहलू बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमदर्द लर्निंग सेंटर के कार्यकारी सचिव मुफ्ती शौकत ने जामिया हमदर्द में शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्वर्गीय हकीम अब्दुल हमीद के बलिदान को याद किया। यह प्रशिक्षण भी इसी अभियान का एक हिस्सा है। उन्होंने कश्मीर, औरंगाबाद और मुंबई आदि में हमदर्द नेशनल फाउंडेशन के प्रयासों का भी उल्लेख किया। जामिया हमदर्द के रजिस्ट्रार डॉ. एम.ए. सिकंदर ने इसका स्वागत किया और इसकी तैयारी के लिए डॉ. ख्वाजा शाहिद की सराहना की। उन्होंने अपने स्टाफ को कार्यक्रम का पूरा लाभ उठाने की सलाह दी और उनके फीडबैक को जरूरी बताया।

अंत में सेंटर फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट के निदेशक प्रोफेसर सईद अल-निसा ने अतिथियों को धन्यवाद दिया। खासतौर पर इस प्रोग्राम को डिजाइन करने के लिए ख्वाजा शाहिद का। कार्यक्रम का आयोजन जामिया की असिस्टेंट प्रोफेसर टोमिना चेरियन ने किया और इसके गठन में एजुकेशनल मूवमेंट के महासचिव अब्दुल रशीद और सचिव डॉ. इलियास तथा ऐजाज गौरी ने विशेष सहयोग दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षण स्टाफ ने भाग लिया।

# लार्सन एंड टूब्रो के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी )।** निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ` कैम्प में कंपनी के 256 कर्मचारियों की चिकित्सा जांच की गई तथा 35 व्यक्तियों का पल्मोनरी फंक्शन टैस्ट किया गया। जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क औषधि वितरण भी किया गया। देव नन्दिनी हॉस्पिटल, हापुड़ द्वारा समाज सेवा और नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रो में निशुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन और निशुल्क औषधि वितरण किया जाता है निर्माण प्रभाग एल एंड टी के व्यापार का एक बड़ा हिस्सा है । इस समय एल एंड टी भारत की सबसे बड़ी निर्माण कंपनियों में से एक है जो



कि क्षेत्र में ह्नगंगा एक्सप्रेसवेह्न के निर्माण में संलग्न है । चिकित्सा कैम्प में डा० सरीस चौधरी, लैब तकनीशियन श्रीमती कुसुम सिरोही, माम चन्द, अन्य तकनीकी स्टाफ श्रीमती हिमांशु, मुनेन्द्र कुमार तथा मुसाहिद चौधरी, दीपक चौधरी एवं दुष्यंत त्यागी आदि उपस्थित रहे ।

# "ऑपरेशन कन्विक्शन"अभियान के क्रम में नाबालिग लडकी से दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी ) ।** अभियुक्त गगन द्वारा वर्ष-2022 में थाना अहमदगढ क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 22.06.2022 को थाना अहमदगढ पर मुअसं-143/22 धारा 376एबी,511 भादवि व 3/18 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 08.08.2022 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत



चिन्हित करते हुए। मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 05 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज मा0 न्यायालय एडीजे स्पेशल पॉक्सो एक्ट जनपद बुलन्दशहर द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त गगन को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक वरूण कौशिक, धर्मेन्द्र राघव, भरत शर्मा, आशुतोष शर्मा का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# सिस्टम पर सवाल उठाने को लेकर राहुल गांधी पर किरेन रिजिजू का पलटवार

**नई दिल्ली ।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए नीट पेपर लीक मामले पर बयान दिया। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए बयान पर भी प्रतिक्रिया दी।

किरेन रिजिजू का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि पेपर लीक में जो भी शामिल हैं, उसे सजा मिलेगी। राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद संसद से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने जो भी कहा वो बहुत गलत था। जो छात्र या जो भी लोग पेपर लीक में शामिल हैं, या किसी ने पेपर लीक करने की कोशिश की है, या कहीं भी कोई दोषी या लिंक पाया गया, उस पर अलग से कार्रवाई होगी। लेकिन राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा है कि पूरा सिस्टम ही बिक चुका है। रिजिजू ने कहा कि



इसके लिए राहुल गांधी को सदन से माफी मांगनी चाहिए। हमारे देश में कितने अच्छे-अच्छे लोग परीक्षा देकर, आज अच्छे पदों पर काम कर देश की सेवा कर रहे हैं। अगर एक दो लोग गलत हो जाते हैं, दो चार लोग दोषी पाये जाते हैं तो पूरे सिस्टम को दोष देना गलत है। सदन में राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि इंडिया का एजुकेशन सिस्टम कोई भी खरीद सकता है। उन्होंने इस तरह का जो गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है यह बहुत निंदनीय है। इसलिए राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए।

किरेन रिजिजू ने आम बजट 2024 को बहुत शानदार बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट का सभी ने स्वागत किया है। लेकिन विपक्ष ने गुमराह करने की कोशिश की है। विपक्ष का कहना है कि यह दो राज्यों के लिए बजट है।

मान लीजिए 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर एलोकेशन हुआ है, क्या वो एक दो राज्य के लिए है, यह पूरे देश के लिए है। तीन करोड़ जो आवास बनाना है वह पूरे देश के लिए होता है। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर मेडिकल रिलीफ और मिडिल क्लास लोगों को रिलैक्सेशन देने का या किसानों के लिए जो सुविधा देने समेत कई कार्यक्रम हुए हैं, वो देशभर का होता है। इस तरह आम बजट को एक या दो राज्य का कहना गलत बात है।

# समग्र फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** साप्ताहिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) के अंतिम दिन संलग्न और समृद्ध सत्र के साथ संपन्न हुआ। यह प्रोग्राम राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजेज, फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंसेज, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित किया गया। "समग्र फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम : परंपरा और नवाचार का पुल" शीर्षक के तहत, इस कार्यक्रम ने शिक्षकों और विशेषज्ञों को एकत्रित किया ताकि वे नवीन शिक्षण पद्धतियों की खोज कर सकें और पारंपरिक शैक्षणिक दृष्टिकोणों को मान्यता दे सकें। परंपरा और नवाचार का यह अद्वितीय मिश्रण पूरे सप्ताह का केंद्रीय विषय रहा, जिसका उद्देश्य फैकल्टी डेवलपमेंट के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करना था।

दिन की गतिविधियों की शुरूआत प्रो. राहुल बंसल, प्रमुख, सामुदायिक चिकित्सा विभाग, सुभारती मेडिकल कॉलेज के एक सटीक भाषण से हुई, जो तनाव प्रबंधन पर केंद्रित था। प्रो. बंसल के भाषण ने मानसिक कल्याण बनाए रखने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों को उजागर किया और यह भी बताया कि तनाव प्रबंधन फैकल्टी प्रदर्शन और संपूर्ण संस्थान की उत्पादकता को बढ़ाने में कितना महत्वपूर्ण है। यूनियन बैंक के रीजिनल ऑफिसर मिस्टर राणा संग्राम सिंह ने कहा कि एक शिक्षक ही विद्यार्थी जीवन को गढ़ता है तथा उसे संवारकर एक मजबूत ईमानदार और अच्छा इंसान बनाता है। हमें शरीर का आकार भले ही हमारे माता-पिता देते हैं लेकिन हमारे चरित्र, हमारी भावना तथा हमारे भविष्य का आकार हमें शिक्षक द्वारा ही मिलता है। इसलिए हमें सदैव इन शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए।डॉ. सुधीर त्यागी, फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंसेज के संकाय अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया, जिससे दिन की कार्यवाहियों के लिए एक गर्म और सहकारी स्वर निर्धारित किया गया। डॉ. त्यागी ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक स्वागत किया और फैकल्टी सदस्यों के लिए निरंतर पेशेवर विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति और फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्रामों की भूमिका के बारे में बात की जो शैक्षणिक उत्कृष्टता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




प्रतिकुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन के भाषण ने और भी समृद्ध किया और यह भी बताया कि इस तरह के कार्यक्रम विश्वविद्यालय के व्यापक दृष्टिकोण के साथ कैसे मेल खाते हैं।सत्र का समापन डॉ. सीमा शर्मा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

इस अवसर पर डॉ. सीमा शर्मा संयोजक, डॉ. मनीषा लुथरा सह-संयोजक, डॉ. रफत खानम, प्रो. राजेश्वर पाल, डॉ. यशपाल शर्मा, सुश्री स्वाती शर्मा, डॉ. रणवीर सिंह, डॉ. आशीष कुमार दीपांकर, डॉ. फरहा हाशमी और डॉ. निशि राघव, सुश्री स्वाती शर्मा, डॉ. सपना, डॉ. अल्पना, डॉ. जावेद, डॉ. मोनिका मेहरोत्रा, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. निशि राणा, डॉ. नियति गर्ग, डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. उमेश, अमृता, सबा आजमी, अमिता चौधरी, रूबी पाल, डॉ.दुर्गेश राणा, डॉ. नीरू सिंह, डॉ. भुनेश, भावना, शोधार्थियों में प्राची, शालिनी एम.ए.की छात्रा अपुर्वी मित्तल, छवि चौधरी इत्यादि सम्मलित रहे।

## जीजा ने मासूम साले का काटा गला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिजनौर।** समीपवर्ती ग्राम सालमाबाद

मासूम अस्पताल में भर्ती



भेरा मैं एक दिल दहलाने वाला मामला प्रकाश में आया है जिसमें एक जीजा ने अपने सात साल के मासूम साले को जंगल ले जाकर हत्या करने की नीयत से उसका गला काट दिया घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और अभी मामले की जांच की जा रही है कि आखिर मामला क्या है।

# सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज के खिलाफ ऑडियो वायरल का विधायक ने किया खंडन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** भाजपा के सिकंदराबाद विधायक

**एआई तकनीकी से बनाया गया मेरी आवाज में ऑडियो**

लक्ष्मीराज पर स्टील फैक्ट्री कब्जाने का आरोप, विधायक के धमकाने का ऑडियो हो रहा है।

वायरल होने पर विधायक ने कहा कि तकनीक के माध्यम से बताना गया है मेरा ऑडियो मेरे द्वारा नही की गई कोई कॉल वायरल ऑडियो पर विधायक ने




दर्ज करवाई एफआईआर खुदको पीड़ित बताने वाली रुखसार ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत पीड़ित की सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र में है यूपीएस आईडीसी से आवंटित फैक्ट्री फैक्ट्री से पांच करोड़ की मशीनों को चोरी करने का भी आरोप विधायक ने पूरे मामले को बताया निराधार बोले मामले की जाँच कर रही है।

पुलिस भाजपा विधायक ने थाना सिकंदराबाद में दर्ज कराई एफआईआर बुलंदशहर की सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक हैं लक्ष्मी राज सिंह।

# तीन युवाओं ने डूबते युवक की बचाई जान, जमकर हो रही है नाहल गांव की तारीफ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (सना चौधरी)।** नाहल गांव के रहने वाले, तीन युवाओं ने डूबते युवक की बचाई जान जमकर हो रही है नाहल गांव की तारीफ।

उत्तर प्रदेश में एक तरफ योगी सरकार द्वारा व्यापारियों के ठेलों पर नाम लिखने की बात से समाज में हिंदू-मुस्लिम भेदभाव की चर्चा हो रही थी, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए इसे रोकने का आदेश दिया। इसी बीच, गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में इंसानियत और भाईचारे की एक मिसाल पेश करने वाली घटना सामने आई है।

मसूरी की गंग नहर में अमित नामक व्यक्ति, जो थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक का निवासी है, कर्ज के बोझ तले दबे होने के कारण मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर



नहर में कूद गया। तभी मसूरी क्षेत्र के ग्राम नाहल के तीन युवाओं–बाबू, मोबीन, और सलीम–जो गाजियाबाद में प्लंबर का काम करने जा रहे थे, ने देखा कि एक व्यक्ति नहर में डूब रहा है। बिना समय गंवाए, इन तीनों ने नहर में छलांग लगाई और अमित को बचाकर डासना सीएचसी अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी के डॉक्टरों ने बताया कि यह एक पुलिस केस है, जिसके बाद अमित को थाना मसूरी ले जाया गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अमित को पुनः डासना सीएचसी अस्पताल भेजा, जहां उसकी जान बचा ली गई। बाबू, सलीम, और मोबीन की इस साहसिक और मानवीय कार्रवाई की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है। उनकी इस बहादुरी ने न सिर्फ एक व्यक्ति की जान बचाई बल्कि इंसानियत और सहयोग की भावना को भी मजबूती प्रदान की।

इस घटना के बारे में जिसने भी सुना वही नाहल के रहने वाले तीन युवाओं की जमकर तारीफ कर रहे हैं क्योंकि इन्होंने इंसानियत की मिसाल को जिंदा रखने का कार्य किया है आपको बता दे नहाल गांव के लोगों ने बीते दिनों भी दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुए कोहरा हादसे में लोगों को बचाने का कार्य किया था नाहल गांव के लोग हमेशा नहर में डूबते हुए लोगों को बचाने का कार्य करते हैं।

**मुलाकात** | **उपचुनाव में मांगी मुरादाबाद की 29 कुंदरकी विधानसभा सीट**

# पूर्व कैबिनेट मंत्री के भतीजे अनुज चौहान भाजपा अध्यक्ष से मिले

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व टेस्ट क्रिकेटर स्व चेतन चौहान के भतीजे अनुज चौहान ने उप चुनाव में दावेदारी की। लोक सभा चुनाव के बाद विधायक से सांसद बनने के कारण उत्तर प्रदेश में 10 विधान सभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इसमें से मुरादाबाद ज़िले की 29 कुंदरकी विधान सभा सीट पर भी उप चुनाव की तैयारी हो रही है। इस सीट के लिये सहकारिता मंत्री स्वतंत्र प्रभार जे पी एस राठौर को प्रभारी बनाया गया। अनुज चौहान ने कुछ दिन पहले सहकारिता मंत्री से भेंट कर उप चुनाव में जीत की शुभकामनायें देते हुए। 29 विधानसभा कुंदरकी के लिए अपना आवेदन सौंपा था। उसी सिलसिले में अनुज चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर अपना आवेदन उन्हें दिया। अध्यक्ष ने आश्वासन देते हुए कहा की पार्टी आपके आवेदन पर गंभीरता से विचार करेगी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनुज



चौहान ने बताया कि पिछले 65 वर्षों में सिर्फ. एक बार 1993 में बीजेपी इस सीट को जीती थी जिसमें उनके सगे चाचा एवं स्व चेतन चौहान के बड़े भाई प्रो सुरेश प्रताप सिंह चौहान ने जीत दर्ज की थी पिछले 29 वर्षों में बीजेपी ने तीन बार रामबीर सिंह एवं 2022 के विधान सभा चुनाव में कमल प्रजापति को उम्मीदवार बनाया था पर इस सीट पर लगातार तीन बार समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा है परंतु इस बार मेरे परिवार ने लगभग बीस वर्ष इस सीट पर आवेदन किया है अगर पार्टी ने मेरे आवेदन पर विचार किया तो मैं 100% जीत दर्ज करूँगा। कैबिनेट मंत्री चेतन चौहान के साथ काम करते हुए मैंने बिना किसी भेदभाव के सभी धर्मों के लोगों की सेवा की और आधी रात में भी लोगों की हर संभव मदद की। मेरे परिवार ने कन्या शिक्षा हेतु मेरे गाँव गवर्नमेंट इण्टर कॉलेज बनाने के लिये 1986 में हाई वे पर अपनी निजी जमीन दान की। मेरे भाई सगे भाई ने प्रधान रहते हुए मूँढा पाण्डे में सी एच सी बनवाई। मैंने चेतन चौहान जी के साथ काम करते हुए कुंदरकी विधान सभा में युवा कल्याण विभाग से खेलो इंडिया की योजना अंतर्गत आठ करोड़ रु की लागत से मल्टी परपज स्पोर्ट्स हॉल बनवाया है। मेरा गाँव मूँढा पाँडे है मैंने मुरादाबाद के हिंदू कॉलेज से ग्रेजुएशन किया है। मेरे घर में लगभग 30 वर्ष प्रधानी रही है। जब पहली बार 1991 में मेरे चाचा स्व चेतन चौहान अमरोहा से सांसद बने तभी से मुरादाबाद मंडल के लोगों की निस्वार्थ भाव से बिना भेद भाव के लोगों की सेवा कर रहा हूँ। कुंदरकी विधान सभा के लोग चाहते थे कि मैं भी आवेदन करूँ उनकी इच्छा अनुसार मैंने आवेदन किया है जिसकी जानकारी मिलने पर लोग अति उत्साहित हैं।

# प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** वैश्य अग्रवाल महासभा व श्री ठाकुर द्वारा बाला जी संकीर्तन समिति रजिस्टर्ड



द्वारा हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में के आज 20 प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार वितरण किये गये इस अवसर पर संस्था के प्रधान मनीष गोयल,मंत्री महेश मित्तल, बंटी भैया,दिनेश गोयल, नीरज अग्रवाल, राहुल लिबर्टी,पंकज गर्ग,हरिमोहन मित्तल, राम प्रकाश बंसल सम्मिलित रहे कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश वह बंटी भैया ने कर उन्होंने बताया कि हमारे बच्चों में आज संस्कार की कमी है ऐसी आयोजन सभी संस्थाओं को करने चाहिए कार्यक्रम श्री ठाकुरद्वारा मंदिर में संपन्न हुआ।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267